

बुद्ध पूर्णिमा आज

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस







प्लाट उपलब्ध है
भोपाल की सबसे ज्यादा विकासशील लोकेशन
अयोध्या बायपास
10 लेन रोड और 66 फीट मेन रोड महोली खोजड़ा की प्राईम लोकेशन में डायवर्शन, सर्वसुविधायुक्त, पीपुल्स मॉल, पीपुल्स हास्पीटल, मीनाल मॉल और मेन मार्केट के नजदीक
संपर्क-9755600569
8200502943, 7748022609

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
आरआर डीसी
शाम 7.30 बजे से


## खबर संक्षेप

### राजा की मां ने की सोनम को फांसी की मांग

इंदौर। बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड की आरोपी सोनम रघुवंशी को जमानत मिलने के बाद अब राजा का परिवार उसकी जमानत खारिज कराने की कोशिश में जुट गया है।



वहीं मृतक राजा की मां उमा रघुवंशी ने कहा, हमें कानून पर पूरा भरोसा था, फिर भी सोनम को जमानत दे दी गई। सरकार को सोनम को नहीं छोड़ना चाहिए था, बल्कि उसे फांसी देनी चाहिए थी।

# 5 की मौत, 10 लापता

## बरगी डैम में दर्दनाक हादसा...

## रेस्क्यू ऑपरेशन जारी, अंधेरा होने से बचाव अभियान में दिक्कत

# क्रूज पर लहरों का पर्यटक ले रहे थे लुत्फ, अचानक तेज आंधी उठी और सेकंडों में वह पानी में समा गया

- सीएम डॉ. यादव ने हादसे पर दुख जताया, रेस्क्यू ऑपरेशन की खुद कर रहे निगरानी, सभी बचाव टीमों को दिया निर्देश
- सीएम ने कहा कि संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार प्रभावित परिवारों के साथ
- सीएम ने पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, मंत्री राकेश सिंह, संभाग प्रभारी एसीएस, एडीजी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को मौके पर भेजा
- मृतकों के परिवारजनों को राज्य शासन की ओर से 4-4 लाख की आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर/भोपाल

नर्मदा नदी पर बने बरगी डैम में गुरुवार को तेज आंधी-तूफान के चलते एक बड़ा हादसा हो गया, जब पर्यटकों से भरा एक क्रूज अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में अब तक 5 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 10 यात्री लापता बताए जा रहे हैं। राहत की बात यह रही कि रेस्क्यू टीमों ने अब तक 22 लोगों को सकुशल बाहर निकाल लिया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, क्रूज में क्षमता से अधिक 37 लोग सवार थे और अचानक मौसम बिगड़ने के कारण तेज हवाओं ने उसे असंतुलित कर दिया।



सीएम डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर दुख जताया है। वे खुद रेस्क्यू ऑपरेशन की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने सभी बचाव टीमों को निर्देश दिया है। सीएम ने कहा कि जो लापता हैं, उन्हें जल्द से जल्द ढूंढने का प्रयास किया जा रहा है। संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार पूर्ण ⏩ शेष पेज 4 पर

- 22 यात्रियों को सुरक्षित निकाला गया
- मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका
- क्रूज पर कुल 37 पर्यटक सवार थे

### भोपाल से गया था यह क्रूज बरगी में काफी पुराना था

*बताया जाता है कि यह क्रूज काफी पुराना था। इसे भोपाल से बरगी डैम भेजा गया था। पहले इसका नाम 'लेक प्रिंसेज' था। बरगी में इसे 'नर्मदा क्वीन' नाम दिया गया है। हालांकि, किसी अधिकारी ने इस तथ्य की पुष्टि नहीं की है। भोपाल में बड़े तालाब में क्रूज पर फिलहाल बैन है। बड़े तालाब में बोट और शिकारे चलते हैं।*




बरगी डैम की उफनती लहरों में क्रूज डूबता हुआ लाल घेरे में और बचाव दल

*ये लापरवाही बनी मौत का कारण...*

### क्रूज में क्षमता से अधिक लोग सवार थे

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कुछ ही मिनटों में क्रूज पानी में समा गया, जिससे अफरा-तफरी मच गई। इसमें लोग भरे हुए थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और युद्धस्तर पर बचाव कार्य शुरू किया गया। प्रशासन ने लापता लोगों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। अधिकारियों का कहना है कि हालात को देखते हुए मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। पूरे क्षेत्र में शोक और दहशत का माहौल है।

### क्रूज डैम में अंदर था, अचानक आंधी में डिस्बैलेंस हुआ



मप्र पर्यटन विकास निगम के सचिव डॉ. इलैयाराजा टी ने 'हरिभूमि' को बताया कि बरगी डैम में क्रूज जाने के समय हवाएं सामान्य थीं। क्रूज जब डैम में अंदर पहुंच गया तो अचानक हवाएं तेज हो गईं। ऐसे में क्रूज को वापस ला रहे थे, लेकिन तेज आंधी में ⏩ शेष पेज 4 पर

### भोपाल के 11 साल के बच्चे ने तैरकर बचाई जान, 3 सदस्य लापता

क्रूज हादसे के बाद एक 11 साल के बच्चे की बहादुरी की कहानी सामने आई है। भोपाल निवासी जफर अली जैदी अपने परिवार के साथ घूमने के लिए जबलपुर आए थे।



परिवार के चार सदस्य क्रूज में सवार थे, लेकिन हादसे के बाद वे एक-दूसरे से बिछड़ गए। बताया जा रहा है कि जैसे ही क्रूज पलटा, सभी यात्री पानी में गिर गए। इस दौरान 11 वर्षीय बच्चे ने साहस का परिचय देते हुए किसी तरह तैरकर किनारे तक पहुंचने में सफलता हासिल की।

#### मृतक

प्रशासन ने मृतकों की सूची जारी की है जिसमें नीतू सोनी, सोभाग्यम अलागन, मधुर मैसी और काकुलाक्षी शामिल हैं।

#### ये लापता

तमिल, विराज सोनी, मयूरम, आरएच सैय्यद, रेशम सैय्यद, पूनम थापा, शमीम जफर, ज्योति श्रीवास

सीएम ने किसानों से कहा: चिंता न करें उपज का एक-एक दाना खरीदा जाएगा हमारी सरकार सभी किसानों के साथ खड़ी

## सीएम डॉ. यादव ने गेहूं खरीदी के दो केंद्रों पर किया औचक निरीक्षण

# मकोड़ी में ट्रॉली पर चढ़ देखी उपज निर्देश दिए- पूरे तौल कांटे लगाए जाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे निरंतर आकस्मिक दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। गेहूं खरीदी के गुरुवार से नए मापदंड जारी हुए हैं वे लागू हो जाएं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को खरगोन जिले में मंडलेश्वर तहसील के कतरगांव और शाजापुर जिले के ग्राम मकोड़ी में गेहूं उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने उपार्जन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मकोड़ी में ट्रैक्टर-ट्रॉली पर चढ़कर किसानों से संवाद किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्टर और मंडी सचिव को निर्देशित किया कि गेहूं उपार्जन से संबधित सभी निदेर्शों का कड़ाई से पालन करें। अन्नदाताओं को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे निरंतर आकस्मिक दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कतरगांव में किसान सुरेश पाटीदार की 55 क्विंटल गेहूं की खरीदी के बाद ई-उपार्जन पोर्टल पर पाटीदार को प्राप्ति ऑनलाइन जनरेट करवाई और कृषक को भुगतान राशि 1 लाख 44 हजार 374 रुपए का प्राप्ति पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को महेश्वर में रात्रि विश्राम के बाद गुरुवार को खरगोन जिले में कतरगांव गेहूं उपार्जन केंद्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ⏩ शेष पेज 4 पर

खरगोन के कतरगांव और शाजापुर के मकोड़ी के गेहूं उपार्जन केंद्र का किया जायजा

गेहूं खरीद केंद्र अलर्ट पर, कहीं भी उतर सकता है सीएम का हेलिकॉप्टर



सीएम ने मंडलेश्वर में तौल देखी



शुजालपुर में किसान का हाल पूछा

*कतरगांव में सीएम ने किसान पाटीदार को सौंपी अनाज खरीदी पावती*

*किसानों तथा पशुपालकों से चर्चा कर उनके साथ चाय पी*

### किसानों से किया संवाद, दूध के किसानों के पूछा हाल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उपार्जन केंद्र कतरगांव में किसान व पशुपालक भागीरथ मालवीय तथा अन्य किसानों से संवाद भी किया। किसानों तथा पशुपालकों से चर्चा कर उनके साथ चाय पी। किसानों से शासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं का फीडबैक भी लिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अन्नदाता को सम्मान, सुविधा एवं उपज का उचित मूल्य दिलाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उनसे खेती-किसानी सम्बंधी चर्चा कर पशुपालन व डेयरी विकास के साथ ही परिजन के बारे में भी जानकारी ली।

## लखनऊ में टेकऑफ के दौरान पायलट ने लगाया इमरजेंसी ब्रेक

# रायपुर आ रही फ्लाइट के सामने आ गया बंदर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लखनऊ से रायपुर आ रहा इंडिगो विमान (6ई 6521) का गुरुवार को सुबह 8.55 बजे टेकऑफ के दौरान हादसे को शिकार होने से बच गया। विमान ने जैसे ही रनवे पर दौड़ना शुरू किया कि इसी दौरान वहां एक बंदर सामने आ गया। पायलट ने तत्काल इमरजेंसी ब्रेक लगाए। जिससे विमान में सवार 135 यात्रियों की सांसें अटक गई। बताते हैं तत्काल प्लेन को टैक्सी-वे ⏩ शेष पेज 4 पर



एआई इमेज

*विमान में सवार 135 यात्रियों की अटकी सांसें*

### यह बर्ड स्ट्राइक या रनवे इंट्रूजन

फ्लाइट टेकऑफ के दौरान रनवे पर किसी भी जीव या वस्तु का आना खतरनाक साबित हो सकता है। इस स्थिति को बर्ड स्ट्राइक या रनवे इंट्रूजन कहते हैं और इससे विमान के इंजन या पहियों को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। ऐसे में पायलट की सर्तकता ही हादसे बचाती है।


ओ३म्

मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे
(हम सब एक दूसरे को मित्र की दृष्टि से देखें)
(यजुर्वेद 36.18)



स्व. माता परमेश्वरी देवी
(01 मई 1936 – 20 जून 2025)
की 91वीं जन्म-जयंती पर
भावपूर्ण स्मरण
आपके विचार व सिद्धांत हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे
परममित्र मानव निर्माण संस्थान

## ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करना विशेष फलदायी माना जाता है

# सर्वार्थ सिद्धि योग, स्वाति नक्षत्र के विशेष संयोग में उदया तिथि में आज मनेगी वैशाख पूर्णिमा, शिवालयों में होगी भगवान शिव की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वैशाख पूर्णिमा शुक्रवार को मनेगी। इस बार सर्वार्थ सिद्धि योग व स्वाति नक्षत्र संयोग बन रहा है। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि इस साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि वैशाख पूर्णिमा तिथि गुरुवार रात को 09 बजकर 12 से आरंभ हुई। जिसका समापन 1 मई को रात 10 बजकर 52 मिनट पर होगा। ऐसे में उदया तिथि में वैशाख पूर्णिमा मनाई जाएगी। पूर्णिमा पर शिवालयों में भगवान भोलेनाथ का विशेष पूजन किया जाएगा।

पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि वैशाख पूर्णिमा पर ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करना विशेष फलदायी माना जाता है। श्री बड़वाले महादेव मंदिर में भगवान का दूध, दही, शहद, घी एवं गन्ने के रस से अभिषेक किया जाएगा। उसके बाद पवित्र नदियों के जल में 5 प्रकार के इत्र मिलाकर भगवान को जलमग्न किया जाएगा। इसके बाद भगवान को सतुआ एवं बेल के शरबत का भोग इसके बाद आरती व प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी का अभिषेक भी किया जाता है। अनेक मंदिरों में भगवान सत्यनारायण की कथा करने की परंपरा है।

## आज श्रद्धाभाव से मनाई जाएगी बुद्ध पूर्णिमा

शहर में शुक्रवार को भक्तिभाव से बुद्ध पूर्णिमा मनाई जाएगी। बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री चूना भट्टी कोलार रोड पर दि बुद्धभूमि धम्मदूत संघ और राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के संयुक्त तत्वावधान में तथागत भगवान बुद्ध की त्रिगुण पावन जन्म, बुद्धत्व और महापरिनिर्वाण, वैशाख बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव पांच मई को मनाया जाएगा। 2570वीं पवित्र बुद्ध जयंती समारोह-2026 के रूप मे आयोजन मनेगा। बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर गुरुवार शाम को बुद्ध विहारों में विश्व शांति व सामूहिक मंगल मैत्री वंदना की गई। साथ ही अमेरिका-ईरान युद्ध समाप्ति व विश्व शांति और बहुजन सुखाय-हिताय के लिए मंगल मैत्री प्रार्थना की गई। चूना भट्टी कोलार स्थिति बुद्ध विहार में कैंडल व दीप जलाए गए।




### नृसिंह भगवान प्रकट्योत्सवः बांके बिहारी का नृसिंह रूप में किया श्रृंगार, हुआ स्तोत्र पाठ

राजधानी में गुरुवार को नृसिंह जयंती रवि योग में मनाई। मंदिरों में धार्मिक आयोजन हुए। भगवान विष्णु के चौथे अवतार नृसिंह की प्रतिमाओं का गोधूलि बेला में अभिषेक, पूजा और आरती की गई। श्यामला हिल्स स्थित दादा धूनीवाले दरबार में प्राचीन नृसिंह प्रतिमा के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। नृसिंह स्तोत्र का पाठ हुआ। भक्तों ने प्रार्थना की कि जैसे भगवान ने हिरण कश्यप का वध कर प्रह्मद की रक्षा की थी, वैसे ही विश्व में शांति की प्रार्थना की गई। बांके बिहारी का नृसिंह रूप में श्रृंगार किया गया। छोला विश्राम घाट स्थित मुक्तेश्वर महाकाल मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना हुई। भगवान का अभिषेक कर विशेष श्रृंगार किया गया। भगवान मुक्तेश्वर का रूद्राभिषेक किया और शाम को फूलों से श्रृंगार किया गया। दादाजी धाम मंदिर में नृसिंह भगवान प्रकटोत्सव पर संध्या काल में विशेष पूजन श्रद्धा एवं वैदिक विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुआ। यह पूजन उस दिव्य काल में किया गया। इस अवसर पर पुरुष सूक्त, नरसिंह स्तोत्र का पाठ, हवन एवं महाआरती सामूहिक रूप से संपन्न हुई।


नृसिंह जयंती मनाई।

---

### गर्भावस्था में मानसिक स्वास्थ्य का रखें विशेष ध्यानः डॉ. राय



**भोपाल।** बीएमएचआरसी में गुरुवार को गर्भ संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवविवाहित दंपत्तियों एवं गर्भवती माताओं को संस्कारवान एवं स्वस्थ शिशु के निर्माण, गर्भावस्था के दौरान देखभाल, मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य तथा सकारात्मक पालन-पोषण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में डॉ. काकोली राय, नैदानिक मनोवैज्ञानिक सलाहकार कहा कि अधिकांश लोग स्वास्थ्य को केवल शारीरिक दृष्टि से देखते हैं, जबकि वास्तविक स्वास्थ्य शारीरिक, मानसिक और सामाजिक तीनों आयामों के संतुलन से बनता है। बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

■ बीएमएचआरसी में गर्भ संस्कार कार्यक्रम आयोजित

### पहली आवंटन सूची 20 मई, दूसरी 7 और तीसरी 23 जून को होगी जारी

# कॉलेजों में नए सत्र के लिए आज से प्रारंभ होगी प्रवेश प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के तहत प्रदेश के सभी सरकारी, गैर सरकारी और एनसीटीई पाठ्यक्रम संचालित करने वाले कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो रही है। इसके तहत ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के साथ च्वाइस फिलिंग भी की जा सकेगी। यह प्रक्रिया 30 जून 2026 तक संचालित की जाएगी। शुक्रवार को पहले दिन से ही प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो रहे हैं। प्रवेश प्रक्रिया तीन राउंड में आयोजित की जाएगी।

इसमें दो सेंट्रलाइज और एक सीएलसी (कॉलेज लेवल काउंसलिंग) का राउंड शामिल रहेगा। विद्यार्थी आज से मोबाइल ऐप (ईप्रवेश) एवं ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल के माध्यम से घर बैठे पंजीयन कर सकेंगे। विशेष बात यह है कि विद्यार्थी 27 अप्रैल से ही ईप्रवेश के माध्यम से पंजीयन शुरू कर चुके हैं, अब विकल्प चयन भी किया जा सकेगा।


प्रतीकात्मक फोटो।

**माशिमं और परख ने आयोजित की कार्यशाला**

### माशिमं में होगा परख सेल का गठन

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप मूल्यांकन सुधारों को गति देने के उद्देश्य से, माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) और परख नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में शिक्षकों, अधिकारियों को परख दिल्ली से आए मास्टर ट्रेनर ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य परख टैक्सोनॉमी पर आधारित क्षमता-आधारित आकलन को बढ़ावा देना और पोर्टल के लिए एक उत्कृष्ट प्रश्न बैंक तैयार करना था। समापन समारोह में मंडल के उपाध्यक्ष वी श्रीनिवास राव ने कार्यशाला में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले राज्य के मास्टर ट्रेनर्स और विषय विशेषज्ञों को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि माध्यमिक शिक्षा मंडल में बहुत जल्द ही परख सेल का गठन किया जाएगा।

### पाठ्यक्रमों के लिए 100 रुपए शुल्क निर्धारित

विद्यार्थियों के लिए प्रवेश को अधिक सुलभ बनाने के लिए, पंजीयन शुल्क एनसीटीई और परंपरागत पाठ्यक्रमों के लिए रुपए 100 निर्धारित किया गया है। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी पोर्टल शुल्क पूर्णतः समाप्त रहेगा। पहले राउंड में छात्राओं से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। दूसरे चरण से सभी विद्यार्थियों के लिए पंजीयन शुल्क रुपए 150 निर्धारित किया गया है। साथ ही ऐसे विद्यार्थी जो स्वयं पंजीयन नहीं कर पा रहे हैं, उनके लिए प्रदेश के सभी कॉलेजों में सहायता केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां निःशुल्क पंजीयन सुविधा उपलब्ध रहेगी।

### शिक्षा प्रोत्साहन में 1377 बच्चों के खाते में पहुंचे 79 लाख

# सरकारी योजनाओं से आगे बढ़ रहे पंजीकृत श्रमिकों के बच्चेः 16926 छात्र लाभांवित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों और उनके परिवारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए सरकार की ओर से विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। श्रम विभाग और विभिन्न बोर्ड्स के माध्यम से अब श्रमिकों को जन्म से लेकर वृद्धावस्था तक आर्थिक संबल प्रदान किया जा रहा है। योजनाओं का लाभ लेते हुए पंजीकृत श्रमिकों के बच्चे आगे बढ़ रहे हैं। बीते एक साल में प्रदेश के 16 हजार 926 बच्चों को 7 करोड़ 6 लाख 26 हजार 50 रूपए की राशि छात्रवृत्ति के रूप में आवंटित की गई है। वहीं शिक्षा प्रोत्साहन के तहत 654 बच्चों के खाते में 79 लाख 38 हजार 500 रूपए पहुंचे हैं।

### इन योजनाओं में भी श्रमिक परिवारों तक पहुंची राहत

मप्र श्रम कल्याण मंडल द्वारा संचालित अन्य योजनाओं में भी श्रमिक परिवारों तक राहत पहुंची है। इसमें विवाह सहायता योजना के तहत 1377 हितग्राहियों को 2 करोड़ 6 लाख 55 हजार रूपए की राशि उपलब्ध कराई गई है। वहीं अंतिम संस्कार सहायता योजना के तहत 80 परिवारों को 4 लाख 80 हजार रूपए की सहायता दी गई है। कल्याणी सहायता में 33 महिलाओं को 2 लाख 39 हजार 500 रूपए, उत्तम श्रमिक पुरस्कार के तहत 14 श्रमिकों को 3.5 लाख रूपए, 9 श्रमिकों को श्रमिक साहित्य पुरस्कार के 90 हजार और 5 परिवारों को अनुग्रह सहायता के तहत 95 हजार रूपए की सहायता दी गई है।

### मेधावी बच्चों को मिलेगी 25 हजार प्रोत्साहन राशि, 15 हजार की योजना भी प्रस्तावित

मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित 'सुपर 5000 योजना' के तहत कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 25,000 की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। वहीं अब मंडल द्वारा 10वीं के 500 मेधावी बच्चों को 15 हजार रूपए माह सहायता राशि दिए जाने की योजना भी प्रस्तावित है। इसको लेकर जल्द ही आदेश आ सकते हैं।

---

### प्रेरणा सेवा ट्रस्ट करता है आयोजन

## पेंशनर्स कल्याण संघ ने हमीदिया अस्पताल में किया भोजन वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कल्याण संघ के मार्च व अप्रैल माह के जन्मदिन धारक सदस्यों की ओर से विद्युत मंडल पेंशनर्स कल्याण संघ द्वारा हमीदिया चिकित्सालय में चिकित्सा रत रोगियों के परिजनों को 30 अप्रैल को भोजन वितरण कार्यक्रम संपन्न किया गया। जैसा की सर्वविदित है, कि यह कार्यक्रम प्रेरणा सेवा ट्रस्ट के माध्यम से किया जाता है। भोजन वितरण करने वालों में मार्च एवं अप्रैल के जन्मदिन धारक सर्वश्री पीके मिश्रा, पीके सरैया, प्रेम प्रकाश साहू, डीडी तोलानी, अनिल कुमार मोदी, रोहित पाराशर, एपी राय, संजीव सक्सेना, बिनय सिंह, पंकज शुक्ला, रविंद्र कुमार नेमा, राज कपिल, एन एल कर्मा, एवं केके श्रीवास्तव एवं अन्यों का सहयोग उल्लेखनीय रहा। कल्याण संघ की ओर से के एल गोडानी एवं अवधेश दुबे व अन्यों ने भोजन वितरण किया

## सौ भक्तों के साथ चार धाम यात्रा के लिए भोपाल से पहला जत्था रवाना, सभी उम्र के भक्त हुए शामिल


चार धाम के लिए जत्था रवाना।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल स्टेशन पर गुरुवार को जय बाबा केदारनाथ के जयकारों गूज रहे थे। दरअसल 100 भक्त के साथ ही चारधाम यात्रा के लिए राजधानी से पहला जत्था रवाना हुआ। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि मंडल का पहला जत्था था,जोकि एल टी टी एक्सप्रेस द्वारा भोपाल स्टेशन से चारधाम यात्रा के लिए रवाना हुआ । जत्थे का नेतृत्व प्रकाश पाटिल द्वारा किया जाएगा। इस जत्थे में 13 वर्ष की अंकिता तिवारी से लेकर 64 वर्ष के तुलसीराम चौरसिया सम्मिलित है। 35 महिलाएं, 10 बच्चे 55 पुरुष यात्री शामिल हैं। मंडल सदस्यों द्वारा यात्रा में शामिल भक्तों की विदाई तिलक लगाकर फूल माला पहना कर की गई।

**पूर्णाहुति के साथ श्री शिव महापुराण कथा का भव्य समापन**

### इसी जन्म में मिलता है स्वर्ग और नरक का फलः पं. सुशील महाराज

श्री शिव शक्ति धाम सिद्धाश्रम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का आज पूर्ण होती के साथ भव्य समापन हो गया है। कथा के साथ में विश्राम दिवस के अवसर पर पंडित सुशील महाराज ने गुड रहस्य को उजागर करते हुए श्रोताओं को बताया है कि स्वर्ग और नरक का फल मनुष्य को इसी जीवन में जन्मदिवस से लेकर मरण दिवस के बीच में मिलता है। जब व्यक्ति अपने जीवन में सत्य मार्ग पर चलकर धर्म कर्म करता है तो उसके घर में श्रवण कुमार जैसी संतान पैदा होती है। और अपने माता-पिता को स्वर्ग के समान सुख उपलब्ध करवाती है। और जब व्यक्ति दूसरे की आत्मा को दुखित करके धन संपत्ति अर्जित करता है और दूसरे लोगों की आत्मा को दुख आता है तो ऐसे व्यक्ति के घर में कंस जैसी संतान पैदा होती है। \और उसे व्यक्ति के जीते जी नरक का फल जन्मदिवस से



### पूर्वांचल महिला संगठन माहेश्वरी समाज की पहल

## दिव्यांग कन्या के विवाह में दिया आर्थिक सहयोग


पूर्वांचल महिला संगठन की सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्वांचल महिला संगठन माहेश्वरी समाज ने दिव्यांग कन्या के विवाह में आर्थिक मदद की। अध्यक्ष मिनी गांधी, सचिव सुषमा केला समेत संगठन कपदाधिकारियों, सदस्यों ने लगभग एक लाख रुपए की घरेलू सामान भेंट की। जिसमें 21 साड़ी, 6 बेडशीट, मिक्सर कुकर, डिनर सेट, प्रेस, सोने का सेट नोज पिन, चांदी की पायल- बिछिया आदि शामिल है। संगठन की पूरी टीम ने इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर योगदान दिया। संस्था भविष्य में ऐसे सेवा कार्य जारी रखने के लिए संकल्पित है।

---

### अशोका गार्डन और मंगलवारा क्षेत्र में बिजली कंपनी का छापा

## डिश वायर, लेन केबल से हो रही थी बिजली चोरी, 15.95 लाख रुपए का ठोंका जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली चोरी और अनियमितताओं के खिलाफ राजधानी के शहर वृत्त भोपाल में एक बड़ा अभियान चलाया गया। अभियान के तहत आज चाँदबड़ और बस स्टैंड जोन के अंतर्गत आने वाले अशोका गार्डन और थाना मंगलवारा क्षेत्र के पास सघन चेकिंग की गई, जहां बिजली चोरी के बेहद अजीबो-गरीब मामले सामने आए। यहां उपभोक्ता इंटरनेट की ' लेन केबल और टीवी की डिश वायर का उपयोग कर पोल से सीधे बिजली चुराते पकड़े गए। इस पूरी कार्रवाई में कंपनी ने कुल 26 प्रकरणों में 15.95 लाख रुपये की बिलिंग जारी की है। कम्पनी की जांच के दौरान टीमों ने देखा कि उपभोक्ताओं ने एलटी पोल पर लगे इंटरनेट जंक्शन बॉक्स और टीवी केबल बॉक्स का सहारा लेकर अवैध कनेक्शन जोड़ रखे थे। उपभोक्ता इन केबल्स को पोल के आईपीसी कनेक्टर से जोड़कर घरों की ऊपरी मंजिलों तक ले गए थे और लोकल अर्थ बनाकर बिजली का उपयोग कर रहे थे। इसके अलावा, एक तीन मंजिला निर्माणाधीन व्यवसायिक परिसर में भी भू-तल के पैनल से अलग एमसीबी लगाकर बड़े स्तर पर बिजली चोरी की जा रही थी, जिस पर अकेले 4.5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### धारा 135 के तहत 9 गंभीर प्रकरण दर्ज किए गए

कंपनी की कुल 4 टीमों द्वारा की गई इस कार्रवाई में 0.79 लाख यूनिट का आंकलन किया गया और विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत 9 गंभीर प्रकरण दर्ज किए गए। इस सफल अभियान में पूर्व सैनिक गार्ड्स और स्थानीय प्रशासन का भी सहयोग लिया गया। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि इस तरह के औचक निरीक्षण और सख्त चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेगा। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने आमजन और उपभोक्ताओं से अपील है वे निर्धारित प्रयोजन के अनुसार वैध विद्युत कनेक्शन लेकर ही विद्युत का उपयोग करें।

### स्कूलों में शिक्षकों-अभिभावकों ने बढ़ाया बच्चों का उत्साह

## आईसीएसई-आईएससी परिणाम जारी, 10वीं-12वीं में बेटियों ने बाजी मारी

छात्राओं ने शिक्षकों-अभिभावकों को दिया सफलता का श्रेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशंस (सीआईएससीई) के 10वीं (आईसीएसई) और 12वीं (आईएससी) के विद्यार्थियों का इंतजार गुरूवार को खत्म हुआ। दोनो कक्षाओं के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए है। इस बार 10वीं का परीक्षा परिणाम 98.18 प्रतिशत और 12वीं में 99.13 प्रतिशत रहा है। इसमें छात्राओं ने बाजी मारी है। राजधानी भोपाल के स्कूलों में भी रिजल्ट को लेकर उत्साह और हलचल साफ नजर आई। स्कूलों में छात्र अपने परिणाम देखने पहुंचे और बेहतर परिणाम पर शिक्षकों ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन



और अभिभावकों के सहयोग को दिया है। बता दें कि 10वीं की परीक्षा में कुल 2,58,721 उम्मीदवार शामिल हुए। वहीं 12वीं की परीक्षा में लगभग 1,03,316 छात्र शामिल हुए थे। 10वीं की परीक्षाएं 17 फरवरी से 30 मार्च 2026 तक आयोजित हुई थीं, जबकि 12वीं की परीक्षाएं 12 फरवरी से 6 अप्रैल 2026 के बीच संपन्न हुईं थी। इस साल देशभर से लाखों छात्रों ने इन परीक्षाओं में हिस्सा लिया, जिनमें भोपाल के भी बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल रहे।

**इन स्कूलों का रहा बेहतर प्रदर्शन**

भोपाल के द संस्कार वैली स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। 12वीं में दक्ष भटनागर ने 99.25 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया है। वहीं, ध्रुव मनशानी को 98.50 प्रतिशत और तनुष मिश्रा को 97.50 रपतिशत अंक मिले हैं। भोपाल के बिलाबॉन्ग हाई इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 10 में कृष्णाली मर्चेंट ने 99.6 प्रतिशत अंक हासिल किए है। कक्षा 12वीं में गर्वित इसरानी और रोनित माखिजानी 98.25 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

### रीचैक के लिए आवेदन 4 मई तक

रीचेक के लिए आवेदन 1 मई से 4 मई 2026 तक खुले रहेंगे, जिसके बाद जून की शुरुआत में रीचेक के नतीजे घोषित किए जाएंगे। इसके बाद, तीन दिनों के लिए पुनर्मूल्यांकन की सुविधा उपलब्ध होगी और इसके नतीजे जून के अंत से जुलाई की शुरुआत के बीच जारी किए जाएंगे। छात्र 8 मई से 14 मई 2026 तक सुधार परीक्षा के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। ये परीक्षाएं 15 जून 2026 से शुरू होंगी और इनके नतीजे जुलाई में आने की उम्मीद है। इस प्रावधान के तहत उम्मीदवार अधिकतम दो विषयों की परीक्षा दे सकते हैं।

### इंदौर के छात्र ने किया बेहतर प्रदर्शन, सुप्रीम कोर्ट से मिली थी राहत

इंदौर के सुखलिया स्थित लिटिल वंडर कॉन्वेंट स्कूल से जुड़े छात्र अधिकार, शिक्षा संरक्षण और न्यायिक हस्तक्षेप के बहुचर्चित प्रकरण में उस छात्र ने, जिसे सुप्रीम कोर्ट की अंतरिम राहत के बाद आईसीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में शामिल होने की अनुमति मिली, परीक्षा सफलतापूर्वक प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कर ली है। लंबे संघर्ष, मानसिक दबाव, चुनौतियों और संस्थागत विवादों के बीच यह परिणाम आया।

भोपाल, शुक्रवार 1 मई 2026 ■ वैशाख मास शुक्ल पक्ष -पूर्णिमा ■ वर्ष : 13, अंक : 29 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 43 न्यून.29 haribhoomi.com



बुद्ध पूर्णिमा आज

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस



### आज 25 से अधिक जिलों में बारिश, आंधी और कुछ जगह ओले गिरने का अलर्ट

भोपाल में भी कहीं बौछारें तो कुछ हिस्सों में हल्की बारिश कहीं-कहीं धूप भी खिली

## अप्रैल कुछ राहत देकर विदा... तपते प्रदेश में आंधी और बारिश से पारा 12 डिग्री तक गिरा, उमस बढ़ी

भोपाल में दोपहर बाद करीब 20 मिनट तक अलग-अलग हिस्सों में कहीं हल्की बौछारें तो कहीं बारिश से शाम को पारा 6 डिग्री आया नीचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित एक दर्जन जिलों में गुरुवार को बारिश, आंधी और ओलों ने तपती गर्मी से काफी राहत दी। कुछ जिलों में पारा 9 से 12 डिग्री तक नीचे आ गया। अप्रैल के अंतिम दिन दोपहर बाद भोपाल में भी कहीं बौछारें तो कुछ हिस्सों में हल्की बारिश से शाम को पारा 6 डिग्री तक गिर गया। इससे गर्म हवाओं में कुछ राहत घुली, लेकिन उमस बढ़ गई। अब मई की शुरूआत के तीन दिन ऐसे ही रहेंगे। इसके बाद पारा बढ़ेगा। मौसम केंद्र ने शुक्रवार को करीब 25 जिलों में आंधी, बारिश और कुछ जगह ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी एक पश्चिमी विक्षोभ ▶▶ शेष पेज 4 पर



राजधानी का निशातपुरा रोड, शाम 6:27 बजे का दृश्य

**आज यहां बारिश:** ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर जिलों में आंधी के साथ बारिश-बौछारें पड़ेंगी। शुक्रवार को सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज जिलों में बारिश के साथ ओले गिरने का अलर्ट है।

### आंधी-बारिश के साथ ओले गिरे

टीकमगढ़ में तेज आंधी के साथ ओले गिरे। सतना, मैहर और उमरिया में बारिश हुई। कहीं-कहीं 50 से 60 किमी प्रति घंटे की गति से हवाएं चलीं। रायसेन के बाड़ी में आंधी, बारिश हुई। श्योपुर में आंधी से होटल का टीनशेड उड़ने से करीब 15 लोग घायल हो गए। बालाघाट, मुरैना और छतरपुर में बूंदाबांदी के साथ तापमान में गिरावट आई।

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर चलती कार में लगी आग

## श्योपुर के एक ही परिवार के 5 लोगों के साथ चालक की मौत

आग का गोला बनी कार में मृतकों की सिर्फ हड्डियां मिलीं



सड़क पर जलती रही कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

राजस्थान के अलवर जिले में बुधवार की रात 11 बजे के आसपास दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर एक चलती कार में आग लग गई। जिससे कार में सवार श्योपुर के छह लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार श्योपुर के चैनपुरा निवासी एक आदिवासी परिवार के लोग वैष्णोदेवी दर्शन करने के लिए गए थे।

लौटते समय दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर अलवर जिले के लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र में इनकी चलती कार में अचानक आग लग गई और पलभर में पूरी कार जल गई। इस दर्दनाक हादसे के दौरान कार में पांच लोग पार्वती आदिवासी (55), छोटी बाई (75), शशि आदिवासी (32), संतोष आदिवासी (37) व साक्षी (8) जिंदा जलकर मृत हो गए। जबकि कार चालक विनोद मेहरा निवासी नागदा श्योपुर किसी तरह गाड़ी को रोककर उससे कूदने में सफल हो गया, मगर वह इतना अधिक जल गया था कि उसे तत्काल अलवर जिला अस्पताल से जयपुर के लिए रैफर कर दिया गया, जहां गुरूवार को उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना के बाद मृतकों के परिजन शव लेने अलवर पहुंच गए हैं। कार में आग कैसे लगी? इसका कारण पता नहीं चल सका है?

### मकानों की स्वगणना, लिस्टिंग आज से

## 30 अप्रैल तक 5 लाख 81 हजार परिवारों ने भरे फार्म

**आज से घर-घर घूमेंगे प्रगणक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



प्रदेश में 16 अप्रैल से शुरु हुई स्व जनगणना का काम 30 अप्रैल को बंद कर दिया गया है। जिसके तहत प्रदेश भर में 5 लाख 81 हजार से अधिक लोगों ने ऑनलाइन पोर्टल पर जानकारी अपलोड की है। अब इन परिवारों की जानकारी वेरिफाई करने प्रगणक घर तक जाएंगे। जिसके बाद इस जानकारी को सुरक्षित कर लिया जाएगा। इधर जिन लोगों ने जानकारी नहीं भरी है, उनके घरों की लिस्टिंग का काम शुक्रवार से शुरु हो जाएगा, जो 30 मई तक चलेगा। प्रदेश में इस काम के लिए करीब 1 लाख 70 हजार अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिनमें 72 प्रमुख जनगणना अधिकारी, 440 जिला स्तरीय अधिकारी, 989 चार्ज अधिकारी, 3028 मास्टर और फील्ड ट्रेनर्स, 1 लाख 41 हजार प्रगणक और 24 हजार 300 सुपरवाइजर शामिल हैं। इस काम के लिए प्रदेश में एक लाख 37 हजार मकान सूचीकरण ब्लॉक बनाए गए हैं। मौके पर पहुंचने वाले प्रगणक जियो टैगिंग से मकान की लिस्टिंग करेंगे।

### संघ मुख्यालय को धमकी, रेडियो एक्टिव पदार्थ रखे

**नागपुर।** यहां एक पत्र मिलने के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इस पत्र में दावा किया गया है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का मुख्यालय और भाजपा का कार्यालय समेत कई अहम जगहों पर खतरनाक रेडियोएक्टिव पदार्थ रखे गए हैं। यह पत्र 27 अप्रैल को पुलिस आयुक्त डॉ. रविंदर सिंघल के ऑफिस को मिला था। पुलिस ने कई टीम गठित की हैं और एनडीआरएफ और एनर्जी एक्सपर्ट को भी इसमें शामिल किया है। पुलिस ने पत्र में दिए गए जगहों पर तलाशी अभियान ▶▶ शेष पेज 4 पर



### बाबा महाकाल का प्रसाद अब हाईटेक मशीन से बनेगा

**उज्जैन।** भगवान महाकाल का प्रसिद्ध लड्डू प्रसाद देशभर में अपनी शुद्धता और स्वाद के लिए पहचाना जाता है। महाकाल मंदिर में रोजाना बड़ी मात्रा में लड्डू प्रसाद तैयार होता है, लेकिन मांग अधिक होने के कारण कई श्रद्धालु प्रसाद लिए बिना लौट जाते हैं। आगामी सिंहस्थ कुंभ को देखते हुए मंदिर समिति ने अब हाईटेक लड्डू निर्माण यूनिट लगाने की तैयारी शुरू कर दी है, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को पर्याप्त मात्रा में प्रसाद उपलब्ध कराया जा सके। इसके लिए महाकाल ▶▶ शेष पेज 4 पर



### सगी बहनों ने जताई पतियों की अदला-बदली की इच्छा

## हाईकोर्ट में महिला बोली- जीजा के साथ रहना चाहती हूं, बहन ने कहा- मैं दामाद के साथ रहूंगी

छोटी बहन ने जीजा के साथ रहने पर दी सहमति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर बेंच में एक अनोखा मामला सामने आया, जिसने कोर्ट रूम से लेकर आम लोगों तक को चौंका दिया। अपहरण के आरोप से शुरू हुआ मामला सुनवाई के दौरान एक पारिवारिक विवाद में बदल गया, जिसमें दो सगी बहनों ने अपने पतियों की अदला-बदली की इच्छा ▶▶ शेष पेज 4 पर

### दुल्हन ने भरे मंडप में दूल्हे के सामने प्रेमी को पहनाई वरमाला

**छिंदवाड़ा।** यहां थ्री इडियट फिल्म से मिलता-जुलता मामला सामने आया है। जहां दुल्हन मेहमानों की भीड़ के बीच दूल्हे की जगह अपने प्रेमी के गले में माला डाल देती है और उससे लिपट जाती है। थोड़ी देर के लिए पूरे पंडाल में सन्नाटा छा जाता है। फिर यहां से नई कहानी शुरू होती है। पूरी घटना ▶▶ शेष पेज 4 पर





## खबर संक्षेप

### मतगणनाः मप्र के चार आईएएस की लगी ड्यूटी

**भोपाल।** चार राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों के दौरान मतगणना के लिए प्रदेश के चार आईएएस अधिकारियों को पर्यवेक्षक बनाया गया है। ये सभी शुक्रवार को विभिन्न राज्यों के लिए रवाना होंगे। 2012 बैच के आईएएस वाणिज्य कर विभाग के अपर सचिव राजेश अग्रवाल को पश्चिम बंगाल में चुनाव पर्यवेक्षक बनाया गया है। 2014 बैच के आईएएस मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम के महाप्रबंधक विनय निगम को तमिलनाडु में मतगणना प्रेक्षक बनाया गया है। इसी तरह खनिज विभाग की अपर सचिव भारती अरोड़ा को पांडिचेरी और राजस्व विभाग के अपर सचिव चंद्रशेखर शुक्ला को भी मतगणना प्रेक्षक बनाया गया है।

### स्कूल शिक्षा विभाग में 50% पद संविदा अफसरों को

**भोपाल।** राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश राज्य एवं अधीनस्थ शिक्षा सेवा (शाला भर्ती तथा पदोन्नति) नियमों में दस साल बाद बदलाव किया है। सीधी भर्ती के पचास फीसदी नियमित पदों पर अब संविदा अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। सीधी भर्ती के नियमित पदों के समकक्ष संविदा पदों पर पांच वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले संविदा अधिकारियों की कुल संख्या के पचास प्रतिशत पद अथवा विभाग में सीधी भर्ती के रिक्त पदों के पचास प्रतिशत तक के पद, जो भी कम हो, संविदा अधिकारियों की नियुक्ति के लिए आरक्षित रखे जाएंगे।

### मंत्री कृष्णा ने किया कार्यकर्ताओं से संवाद

**भोपाल।** मप्र शासन की मंत्री कृष्णा गौर ने गुरूवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। मंत्री गौर ने कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया। जिन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है।

### अध्यक्ष रामलाल रौतेल ने पदभार ग्रहण किया

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल की उपस्थिति में गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में अनुसूचित जनजाति आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष रामलाल रौतेल एवं आयोग के सदस्य भगत नेताम, मंगल सिंह धुर्वे ने मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं के साथ महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया।

### असम से सरमा की विदाई तयः शर्मा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व कानून मंत्री पीसी शर्मा ने पांच राज्यों के चुनावी रुझानों और एग्जिट पोल पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने भाजपा पर चुनावों में धांधली और राजनीतिक षड्यंत्र रचने के आरोप लगाए हैं। शर्मा का दावा है कि पश्चिम बंगाल में ईवीएम को 'सेट' किया गया है और असम में चुनाव परिणामों के बाद मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की विदाई तय है। पीसी शर्मा ने एग्जिट पोल को पूरी तरह से 'प्रायोजित' करार देते हुए कहा कि यह सब एक नैरेटिव सेट करने की कोशिश है। बंगाल में भाजपा की सरकार बनाने के लिए पूरी जोड़-तोड़ की गई है। वहां ईवीएम सेट है।

---

### गिरोह ने ग्वालियर, मुरैना, रतलाम समेत प्रदेश के कई जिलों में करीब ढाई करोड़ रुपए ठगे

# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में फर्जी मौत का 'खेल' 2.5 करोड़ की बीमा ठगी, सीआईडी ने दर्ज की दो एफआईआर

**■ फर्जी नामों से सैकड़ों बैंक खाते खुलवाए ■ खातों के जरिए योजना अंतर्गत बड़ी संख्या में बीमा पॉलिसियां ली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्रों के जरिए करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी का बड़ा मामला सामने आया है। अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी), पुलिस मुख्यालय भोपाल ने इस संगठित ठगी के मामले में दो एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सीआईडी सूत्रों के अनुसार, एक संगठित अपराधी गिरोह ने ग्वालियर, मुरैना, रतलाम समेत प्रदेश के कई जिलों में करीब ढाई करोड़ रुपए की बीमा ठगी को अंजाम दिया। गिरोह ने फर्जी नामों से सैकड़ों बैंक खाते खुलवाए और इन्हीं खातों के जरिए योजना के अंतर्गत बड़ी संख्या में बीमा पॉलिसियां लीं। जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने एक ही परिवार के कई सदस्यों का बीमा कराया, यहां तक कि एक ही व्यक्ति के नाम-पते से अलग-अलग बीमा कंपनियों में पॉलिसियां ली गईं। कई खातों में एक ही मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी का उपयोग किया गया, जिससे क्लेम की राशि प्राप्त की जा सके।

#### दूसरे राज्यों में खातों में रकम कराई ट्रांसफर

गिरोह की कार्यप्रणाली भी बेहद संगठित पाई गई। ग्वालियर और मुरैना में खाते खुलवाने के बाद ठगी की रकम रतलाम, राजस्थान के सवाई माधोपुर और गंगानगर जैसे दूरस्थ क्षेत्रों के एटीएम से निकाली गई या म्यूल खातों में ट्रांसफर कर दी गई। इसी तरह रतलाम में खुले खातों से ग्वालियर-मुरैना क्षेत्र में निकासी की गई। संदिग्ध खातों को फिलहाल फ्रीज कर दिया गया है। जांच में यह भी सामने आया कि कई मामलों में बीमित व्यक्ति का पता एक स्थान का था, जबकि मृत्यु किसी अन्य शहर में दर्शाई गई और वहीं से फर्जी प्रमाण पत्र जारी कराए गए। कई मामलों में एक ही परिवार के दो-तीन सदस्यों की मौत कुछ ही दिनों के अंतराल में प्राकृतिक बताकर क्लेम लिया गया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना केंद्र सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजना है, जिसके तहत 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के लोगों को मात्र 436 रुपए वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख रुपए का जीवन बीमा कवर मिलता है। इस मामले में दो अलग-अलग अपराध दर्ज कर विस्तृत जांच शुरू कर दी है और इस संगठित गिरोह के अन्य सदस्यों व नेटवर्क की पड़ताल की जा रही है।

#### कई मामलों में जीवित व्यक्ति को घोषित किया मृत

चौंकाने वाली बात यह है कि कई मामलों में जिन लोगों का बीमा किया गया, उन्हें खुद इसकी जानकारी तक नहीं थी। बीमा कराने के कुछ ही समय बाद उन व्यक्तियों को मृत दिखाकर नगरीय निकायों से फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाए गए और बीमा कंपनियों से क्लेम हासिल कर लिया गया।

---

### किसानों के हित में समर्पित होकर कार्य करें कृषि कर्मयोगी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# मध्य प्रदेश के किसानों के लिए टोल फ्री 155253 सीएम किसान हेल्पलाइन शुरू


कार्यशाला में संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।


कार्यशाला में उपस्थित कृषि कर्मयोगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

किसानों की सेवा के लिए सीएम किसान हेल्पलाइन प्रारंभ की गई है। किसान भाई टोल फ्री नम्बर 155253 के माध्यम से इस नवाचारी पहल का लाभ ले सकेंगे। इस हेल्पलाइन से किसानों को त्वरित मार्गदर्शन और सहायता उपलब्ध होगी।

यह बात गुरूवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजधानी स्थित रवींद्र भवन में सीएम किसान हेल्पलाइन का शुभारंभ करते हुए कही। रवींद्र भवन में कृषक कल्याण वर्ष में किसानों के सशक्तिकरण और उनकी आय वृद्धि के उद्देश्य से कृषि कर्मयोगी उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सूचना प्रौद्योगिकी आधारित प्रणालियों की शुरूआत की गई, जिनमें मुख्यमंत्री किसान कल्याण डैशबोर्ड, पैक्स समितियों में सदस्यता वृद्धि महाअभियान और सीएम किसान हेल्पलाइन शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हेल्पलाइन से जुड़कर कृषि संबंधी जानकारी प्राप्त की और इसकी उपयोगिता का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उन्मुखीकरण कार्यशाला में उपस्थित सभी कृषि कर्मयोगियों से किसान हितैषी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों के लिए कार्य करते हुए नए प्रयोगों के साथ अपने मन के नए अंकुरण और कोमलता को जीवंत रखने की आवश्यकता है।

#### हर जिले में कृषि मेले आयोजित किए जा रहेः मंत्री कंषाना

*कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा कि हर जिले में कृषि मेले आयोजित किये जा रहे हैं। इस कार्यशाला के माध्यम से कृषि कर्मयोगियों के साथ मंथन हो रहा है। राज्य में किसान हितैषी सरकार है, मुख्यमंत्री डॉ. यादव किसानों की परेशानियों के लिए चिंतित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गेहूं उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया है। सचिव कृषि निशांत वरवड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसेवकों को कर्मयोगी की संज्ञा दी है। कृषक कल्याण वर्ष में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन से आज सभी 55 जिले, विकासखंड, क्लस्टर लेवल और ग्राम पंचायतों से कृषि से जुड़े 16 विभागों के 1627 चुनिंदा अधिकारियों और कर्मचारियों को कर्मयोगी उन्मुखीकरण कार्यशाला में आमंत्रित किया है। कृषि कर्मयोगी उन्मुखीकरण कार्यशाला में अलग-अलग सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।*

#### यह एक समग्र पहल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में कृषक कल्याण वर्ष के दौरान सोलह विभाग समन्वित रूप से किसानों के हित में कार्य कर रहे हैं। यह एक समग्र पहल है, जिसमें कृषि, उद्यानिकी, सहकारिता, पशुपालन, मत्स्य पालन सहित अन्य विभागों को जोड़कर किसानों के विकास के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि कर्मयोगी उन्मुखीकरण कार्यशाला से प्रदेश में कार्यरत अधिकारी और कर्मचारी किसानों के समर्पण भाव के साथ नई तकनीकों और नवाचारों को अपनाते हुए कार्य करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में किसानों की समृद्धि के लिए राज्य सरकार ने वर्ष 2026 कृषक कल्याण के लिए समर्पित किया है।

---

### भारतीय समय गणना को मिलेगी वैश्विक पहचान

## राम मंदिर समेत सभी ज्योतिर्लिंगों में लगाई जाएगी 'वैदिक घड़ी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि अयोध्या के राम मंदिर सहित देश के सभी प्रमुख ज्योतिर्लिंगों में जल्द ही 'वैदिक घड़ी' स्थापित की जाएगी।

इस संबंध में उन्होंने सोशल मीडिया पर जानकारी साझा की। सीएम ने बताया कि भारतीय काल गणना पर आधारित यह वैदिक घड़ी सनातन संस्कृति की चेतना, ज्ञान और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का प्रतीक है।

उज्जैन में स्थापित विक्रमादित्य वैदिक घड़ी इसका प्रमुख उदाहरण है, जिसका लोकार्पण नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2024 में किया गया था। यह घड़ी सूर्य आधारित प्रणाली पर संचालित होती है और इसमें वैदिक काल गणना के विभिन्न घटकों को शामिल किया गया है। इसे भारतीय परंपरा और आधुनिक तकनीक के समन्वय का अनूठा नमूना माना जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि काशी के बाबा विश्वनाथ धाम में इसकी स्थापना के बाद अब इसे देशभर के धार्मिक स्थलों तक विस्तार दिया जाएगा। इस पहल से श्रद्धालुओं को भारतीय समय गणना प्रणाली से जोड़ने और सांस्कृतिक विरासत को सशक्त करने का प्रयास किया जाएगा।

## सीएम ने अपर मुख्य सचिव शुक्ला के पिता को अर्पित की श्रद्धांजलि



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार शाम अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला के भोपाल स्थित निवास पहुंचे। इस दौरान सीएम ने शुक्ला के पिताजी शिवसदन शुक्ला के देवलोकगमन पर संवेदनाएं व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत को श्रीचरणों में स्थान तथा शोकाकुल परिवारजनों को दुःख सहने का संबल प्रदान करें।

---

### पीएचक्यू के सख्त निर्देश

## वन कर्मियों पर बिना अनुमति न एफआईआर होगी, न गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में वन संपदा की सुरक्षा में जुटे मैदानी अमले को बड़ी राहत मिली है। पुलिस मुख्यालय ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि ड्यूटी के दौरान वन रक्षकों, वनपालों और उप वनक्षेत्रपालों के खिलाफ बिना राज्य शासन की पूर्व अनुमति के न तो एफआईआर दर्ज की जाएगी, न गिरफ्तारी की कार्रवाई होगी।

नए निर्देशों के अनुसार, किसी भी कार्रवाई से पहले सक्षम स्तर से लिखित अनुमति अनिवार्य होगी। यह व्यवस्था 28 मई 2004 की अधिसूचना के प्रावधानों को फिर से सख्ती से लागू करते हुए स्पष्ट की गई है। दरअसल, चंबल अभयारण्य में अवैध रेत उत्खनन और वन्य जीव संरक्षण से जुड़े मामलों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्वतः संज्ञान लेने के बाद यह कदम उठाया गया है।

#### कार्रवाई से पहले ठोस आधार होना जरूरी


सीआईडी के विशेष महानिदेशक द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि वन कर्मियों के खिलाफ किसी भी गंभीर मामले में कार्रवाई से पहले ठोस आधार होना जरूरी है। निर्देशों में यह भी कहा गया है कि ड्यूटी के दौरान आत्मरक्षा में वन कर्मी शस्त्रों का उपयोग कर सकते हैं। ऐसी स्थिति में सीधे मामला दर्ज करने के बजाय पहले मजिस्ट्रियल जांच कराई जाएगी, जिससे यह तय हो सके कि बल प्रयोग आवश्यक था या नहीं। पीएचक्यू ने पुलिस इकाइयों को यह भी हिदायत दी है कि वन अमले से जुड़े मामलों में सामान्य प्रक्रिया से हटकर संवेदनशीलता और विधिक प्रावधानों का पूरी तरह पालन किया जाए।

---

### अजजा मोर्चा की कामकाजी बैठक में बोले हेमंत

## जनजातीय समाज को मूल संस्कृति से भटकाने का काम करता है विपक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भाजपा प्रदेश कार्यालय में अनुसूचित जनजाति मोर्चा की कामकाजी बैठक गुरूवार को आयोजित की गई। बैठक को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि विपक्षी दल जनजातीय समाज को मूल संस्कृति से भटकाने का कार्य करते हैं।

जनजातीय समाज इतना अच्छा है कि कभी भी अपने लिए कुछ नहीं मांगता। इस समाज के लोग राष्ट्र और समाज के उत्थान और तरक्की के लिए कार्य करते हैं।

#### संगठन को और अधिक सशक्त बनाने कार्य करें

मोर्चा कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियां व संगठन के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए कार्य करें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने अनुसूचित जनजाति आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष रामलाल रौतेल, सदस्य भगत सिंह नेताम एवं मंगल सिंह धुर्वे का पदभार ग्रहण करने के पूर्व अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। बैठक को मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री व सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल, मोर्चा के प्रदेश प्रभारी मनोरंजन मिश्रा एवं मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पंकज टेकाम ने संबोधित कर मोर्चा के विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी।

---

### उप मुख्यमंत्री ने की विकास कार्यों की समीक्षा

## विभागीय अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी आपसी समन्वय से समय-सीमा में पूर्ण करें कार्यः शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्रदेश में संचालित अधोसंरचना विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि बेहतर समन्वय कर समय सीमा में कार्य पूर्ण किए जाएं।

शुक्ल ने कहा कि निर्माण एजेंसियों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने सभी परियोजनाओं की नियमित एवं सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते उप मुख्यमंत्री शुक्ल।

#### इंदौर, पन्ना, सतना और सीधी के कार्यों की जानकारी ली

बैठक में विभिन्न परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, प्रगति, चुनौतियों एवं उनके समाधान पर से चर्चा की गई। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मेडिकल कॉलेज इंदौर में चल रहे सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जिला चिकित्सालय पन्ना, सतना एवं सीधी में संचालित कार्यों की प्रगति का भी जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मेडिकल कॉलेज बुधनी, मंडला एवं छतरपुर में आवश्यक फर्नीचर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए टेंडर प्रक्रिया को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

---

### मप्र कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की प्रदेश कार्यकारिणी और जिलाध्यक्षों की बैठक

#### अनुसूचित जाति के मुद्दों को लेकर कांग्रेस चलाएगी अभियान

## सामाजिक न्याय, संविधान की रक्षा और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की रणनीति पर 'मंथन'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की प्रदेश कार्यकारिणी और जिलाध्यक्षों की अहम बैठक भोपाल में आयोजित हुई, जिसमें सामाजिक न्याय, संविधान की रक्षा और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की रणनीति पर विस्तार से मंथन किया गया। बैठक में नेताओं ने संकेत दिए कि आगामी समय में अनुसूचित जाति वर्ग के मुद्दों को लेकर कांग्रेस जमीनी स्तर पर बड़े अभियान चलाएगी।

बैठक में मुख्य अतिथि राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों की रक्षा करना हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने संगठन को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और सामाजिक न्याय की लड़ाई को तेज करने का आह्वान किया।



बैठक में उपस्थित पटवारी, सिंह, गौतम, पटेल, वर्मा, अहिरवार आदि।

#### कांग्रेस अजा के अधिकारों के लिए प्रतिबद्धः जीतू

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि पार्टी बाबा साहेब के विचारों पर चलकर अनुसूचित जाति समाज के अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने 2028 विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने पर जोर दिया।



#### संविधान की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष की जरूरतः दिग्विजय

*पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने संविधान को वंचित वर्गों की उम्मीदों का आधार बताते हुए इसकी रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष की जरूरत बताई। वरिष्ठ नेता सज्जन सिंह वर्मा ने संगठन को जनआंदोलन का रूप देने और युवाओं को नेतृत्व में आगे लाने की बात कही, जबकि कमलेश्वर पटेल ने जमीनी स्तर पर नेटवर्क मजबूत करने पर जोर दिया। पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि कांग्रेस हमेशा कमजोर वर्गों की आवाज रही है और विभाग को जनहित के मुद्दों पर सक्रिय रहना होगा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने कहा कि संगठन का लक्ष्य केवल विस्तार नहीं, बल्कि समाज के सम्मान और अधिकारों की रक्षा है।*

---

## नर्सिंग छात्राओं के पंजीयन मुद्दे को आठ दिन में करें हलः पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बालाघाट की नर्सिंग छात्राओं के पंजीयन (रजिस्ट्रेशन) से जुड़ी गंभीर समस्या को लेकर मध्य प्रदेश नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल के चेयरमैन को अवगत कराया। उन्होंने छात्राओं के भविष्य से जुड़े इस संवेदनशील विषय पर तत्काल संज्ञान लेने की मांग की।

पटवारी ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आगामी 8 दिवस के भीतर छात्राओं की समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो कांग्रेस पार्टी छात्राओं के साथ काउंसिल कार्यालय का घेराव करेगी और बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की छात्राओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिन छात्राओं ने अपनी पढ़ाई पूर्ण कर ली है, उनका समय पर पंजीयन होना उनका अधिकार है।

सरकार और प्रशासन की यह जिम्मेदारी है कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए। पटवारी ने मांग की कि जिन अधिकारियों एवं संबंधित कॉलेज प्रबंधन की लापरवाही के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 1 मई 2026

7 राजा भोज एयरपोर्ट बनाएगा भोपाल की …



12 बारातियों से भरी बस पलटने से 3 की मौत…





तीन लाख की आबादी को जल प्रदाय आए दिन हो रहा है बाधित

# एनएचएआई ने बढ़ाई निगम की मुश्किलें, जेसीबी से चार बार तोड़ीं पाइप लाइनें, मेंटेनेंस पर अब तक 22 लाख खर्च कर चुका है निगम

## 19 लाख रु. हर्जाने के लिए पहले ही दिया जा चुका है नोटिस संजीव नगर में फॉल्ट सुधारने पर खर्च की राशि भी जुड़ेगी

## अयोध्या नगर मेन रोड, पीपुल्स माल के सामने, दामखेड़ा और संजीव नगर में टूट चुकी हैं पानी की पाइप लाइनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के अयोध्या बायपास रोड को टेनलेन करने के दौरान आए दिन जेसीबी से टूट रहीं पाइप लाइनें निगम प्रशासन के लिए परेशानी का कारण बन गई हैं, जिससे लाखों लोगों की पानी सप्लाई प्रभावित हो रही है। हालात यह हैं कि निगम अब तक पाइप लाइन सुधार और मेंटेनेंस पर करीब 22 लाख रुपए खर्च कर चुका है। जबकि पिछले दिनों निगम द्वारा एनएचएआई को 19 लाख रुपए हर्जाना राशि निगम के कोष में जमा कराने के लिए पत्र भी जारी किया गया है। बीते दिनों संजीव नगर में फूटी पाइप लाइन के मेंटेनेंस पर खर्च राशि का एस्टीमेट तैयार किया जा रहा है। इसका भी हर्जाना एनएचएआई से वसूला जाएगा। संजीव नगर में पाइप लाइन टूटने पर मेंटेनेंस पर करीब 3 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान है।

रत्नागिरी से गांधी नगर तक अयोध्या बायपास रोड को टेनलेन करने के 836 करोड़ के प्रोजेक्ट के तहत निर्माण कार्य बीते दो माह से चल रहे हैं। पहले चरण में तीन फलाई ओवर और रोड चौड़ीकरण कार्य किया जा रहा है। इस दौरान जेसीबी से खुदाई के दौरान निर्माणकर्ता एजेंसी लापरवाही कर रही है और पाइप लाइनें फूट रही हैं। इससे जल प्रदाय व्यवस्था बाधित हो रही है। इस मामले को लेकर निगम के अधिकारियों ने एनएचएआई के अधिकारियों से चर्चा भी की और भरोसा दिलाया गया कि अब खुदाई के दौरान पूरा एहतियात बरता जाएगा, लेकिन दो दिन पहले संजीव नगर में पाइप लाइन जेसीबी की चपेट में आने से टूट गई और इलाके में एक दिन जल प्रदाय नहीं हुआ। इसका खामियाजा एक लाख से ज्यादा की आबादी को भुगतना पड़ा।

अलग खबर

### निगम पर पड़ रहा है आर्थिक बोझ, हर्जाना वसूलेंगे



निगम के अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग का कहना है कि एनएचएआई द्वारा अयोध्या बायपास रोड पर आए दिन खुदाई से पाइप लाइनें टूट रही हैं। इससे निगम पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। 19 लाख रुपए से ज्यादा की राशि हर्जाने के रूप में वसूलने के लिए नोटिस दिया है। संजीव नगर में भी पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हुई थी। हर्जाने की राशि वसूलने रिमाइंडर देंगे। एनएचआई के अधिकारियों से कहा गया है कि निर्माण कार्य के दौरान पाइप लाइनें न टूटें इसका पूरा ध्यान रखा जाए।

### निगम लगा चुका है हर्जाना

नगर निगम ने एनएचएआई को 19 लाख 49 हजार 400 रुपए की क्षतिपूर्ति राशि जमा कराने के लिए भेजे पत्र भेजा है, हालांकि यह राशि अब तक निगम के कोष में जमा नहीं करवाई गई है। दामखेड़ा के पास 500 मिमी व्यास की फीडर मेन पाइप लाइन, सागर लैंडमार्क के पास 110 मिमी तथा पीपुल्स हॉस्पिटल के पास 355 मिमी व्यास की एचडीपीई पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हुई थीं। इसे सुधारने के लिए निगम पर 19 लाख रुपए से ज्यादा का आर्थिक बोझ पड़ा था।

### आंकड़ों में रोज सुधार रहे 40 से ज्यादा लीकेज, लेकिन हकीकत यह है कि 15-20 दिन बाद भी चल रहा काम

इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद करीब दो माह पहले शहर में लीकेज सुधारने और पानी के सैंपल लेने की मुहिम निगम ने शुरू की है। इसके तहत निगम का अमला रोजाना 40-45 लीकेज सुधारने का दावा कर रहा है, आंकड़ों में नजर डालें तो अब तक 4586 लीकेज सुधारे जा चुके हैं, लेकिन जमीन पर वास्तविकता यह है कि लीकेज सुधारने और वॉल्व को बदलने या मेंटेनेंस करने में दस दिन से ज्यादा का समय लग रहा है।

निगम प्रशासन का कहना है कि जोन और वार्ड स्तर पर जहां लीकेज की समस्या चिन्हित की गई हैं वहां अगर मेंटेनेंस के दौरान वॉल्व और पाइप लाइन बदलने की जरूरत पड़ रही है तो उसमें समय लग रहा है, लेकिन छोटे फॉल्ट और लीकेज तो उसी दिन सुधर रहे हैं।

शहर के करोंद, इंद्रपुरी-अस्सी फीट रोड, कोलार, संत नगर, होशंगाबाद रोड से लगी कॉलोनियों में पाइप लाइन बदलने और वॉल्व को ठीक करने के लिए जगह-जगह गड्ढे तो खोदे गए हैं, लेकिन यहां निर्माण कार्य दस दिन बाद भी पूरा नहीं हुआ है।

यहां नर्मदा जल की लाइनों में लीकेज को सुधारने का काम चल रहा है, जबकि निगम के आंकड़ों में रोजाना बढ़ोत्तरी हो रही है।

#### इंद्रपुरी फोरलेन पर दस दिन से चल रहा है काम

इंद्रपुरी-भवानीधाम फोरलेन रोड पर टी-प्वाइंट के सामने नर्मदा जल के दो पानी के वॉल्व और पाइप लाइन को बदलने का काम दस दिन से चल रहा है। एक वाल्व को सुधारा जा चुका है जबकि दूसरे के लिए गड्ढे खोदे गए हैं। इन कार्यों के चलते लोगों की मुश्किलें भी बढ़ रही हैं। मिट्टी का ढेर रोड पर फैल रहा है। इससे हादसे की आशंका बनी रहती है।

#### नर्मदा जल के वॉल्व और लाइनें बदलने में लगता है समय

नगर निगम में जल कार्य विभाग के अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग का कहना है कि छोटे लीकेज तुरंत सुधार दिए जाते हैं, लेकिन जहां मैदानी अमले को लगता है कि वॉल्व और पाइप लाइन को बदलना है तो वहां जरूर समय लगता है। क्योंकि लाइन बदलने के लिए गड्ढे खोदना होते हैं। शहर में अमृत 2.0 के तहत भी वाटर सप्लाई नेटवर्क तैयार किया जा रहा है।

---

बगराज में ट्रैक्टर रिवर्स करते वक्त हादसा

## सोसाइटी पर गेहूं तुलवाने पहुंचे किसान की ट्रॉली में दबकर मौत



एआई जनरेटेड फोटो।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित गांव बगराज में सोसाइटी पर गेहूं तुलवाने पहुंचे किसान की दो ट्रॉलियों के बीच दबकर मौत हो गई। हादसा बुधवार रात करीब साढ़े 9 बजे के आसपास का बताया जा रहा है।

दरअसल, किसान ट्रैक्टर ट्रॉली से गेहूं तुलवाने के बाद ट्रॉली का डाला लगा रहा था, तभी रिवर्स हो रहे ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाहीपूर्वक ट्रॉली में टक्कर मार दी। दो ट्रॉलियों की चपेट में आने से किसान की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

दरअसल, रवि अहिरवार (25) रोंदिया गांव, गुनगा में रहता था और खेती किसानी करता था। बुधवार शाम वह गेहूं तुलवाने गांव बगराज स्थित सोसाइटी पर पहुंचा। गेहूं तुलवाने के बाद उसने ट्रैक्टर कुछ दूरी पर खड़ा किया और ट्रॉली का डाला लगाने लगा। इसी बीच गांव के एक अन्य किसान ने अपने ट्रैक्टर को रिवर्स कर दिया।

ट्रैक्टर रिवर्स होने ट्राली के पास खड़ा रवि अपनी ट्रैक्टर ट्रॉली और आरोपी ट्रैक्टर चालक की ट्रॉली की चपेट में आ गया। उसे गंभीर चोट आई थी। लहूलुहान स्थिति में उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर रवि को मृत घोषित कर दिया।

परिजनों ने मुहैया कराए हादसे के वीडियो

## सुल्तानपुर सड़क हादसे में युवक की मौत, बैरागढ़ थाने में हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

एक युवक की रायसेन जिला स्थित सुल्तानपुर में एक सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यु के बाद आक्रोशित परिजनों और उनके समर्थकों ने बैरागढ़ थाने में जमकर हंगामा कर मुआवजा देने की मांग की। यह युवक यहां पर एक कपड़े की दुकान पर काम करता था। सुल्तानपुर में वाहन की टक्कर से महेन्द्र सिंह ठाकुर की मृत्यु हो गई। महेन्द्र काफ़ी समय से संत नगर स्थित एक मैचिंग सेंटर दुकान पर काम करता था। महेंद्र गुरुवार को कलेक्शन के सिलसिले में सुल्तानपुर गया था। लेकिन वहां किसी अज्ञात भारी वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महेन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई। खबर मिलते ही उसके परिजन और परिचित बड़ी संख्या में बैरागढ़ थाने पहुंचकर हंगामा कर



थाने में हंगामा करते परिजन।

दिया। परिजनों ने दुर्घटना स्थल से जुड़े कुछ फोटो और वीडियो भी उपलब्ध कराए हैं, ताकि आरोपी वाहन चालक की पहचान हो सके।

मृतक की पत्नी पूजा ने बिलखते हुए बताया कि उनका परिवार बेहद गरीब है और उनके दो छोटे बच्चे हैं। पति ही घर में कमाने वाला एकमात्र सदस्य था, ऐसे में परिवार के भविष्य के लिए उचित मुआवजे की मांग की गई है। मृतक के भाई विनोद ठाकुर ने पुलिस प्रशासन से परिवार पूरी तरह टूट गया है और उन्हें हर हाल में न्याय चाहिए। बैरागढ़ पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

जियो टैगिंग में दर्ज होगी मकान की लोकेशन

## आज से मकानों को गिनेंगे प्रगणक मकानों को मिलेगा यूनिक नंबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सोलह से 30 अप्रैल तक स्वगणना के पोर्टल पर जिले में 16 हजार से अधिक लोगों ने जानकारी अपलोड की है, जिसके बाद एक मई से 30 मई तक पांच हजार से अधिक प्रगणक इन परिवारों का मौके पर जाकर वेरिफिकेन करेंगे। इधर, एक मई से प्रगणक सभी मकानों की गिनती भी शुरू करेंगे, जिससे इन मकानों को जियो टैगिंग से डिजिटल मैप पर दर्ज किया जाएगा।

शहरी क्षेत्र को 25 चार्जों में बांटा गया है, जिसमें 5042 प्रगणक तैनात किए हैं। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 907 प्रगणक लिस्टिंग करेंगे। जिला जनगणना अधिकारी भुवन गुप्ता का कहना है कि सभी प्रगणकों को तैयार कर लिया गया है। मकानों की लिस्टिंग के साथ स्वगणना परिवारों का वेरिफिकेशन भी किया जाएगा।

#### छत, दीवार और फर्श की जानकारी होगी दर्ज

घर पर आने वाले प्रगणक घर की बनावट छत, दीवार, फर्श, मकान नंबर, परिवार के सदस्यों की संख्या, पानी, बिजली, शौचालय, वाहन से जुड़े 33 सवाल पूछेंगे। मकानों की जियो-टैगिंग की जाएगी, जिससे सही डिजिटल मैपिंग हो सके। मकान लिस्टिंग और आवास गणना 1 मई से शुरू होकर 30 मई तक जारी रहेगी, जिसमें प्रत्येक मकान को एक विशिष्ट पहचान संख्या दी जाएगी। जिसके आधार पर ही वहां रहने वाले परिवार और सदस्यों से जुड़ी जानकारी अपलोड की जाएगी। इस बार जनगणना को पूरी तरह से डिजिटल रखा गया है।

डीआरयूसीसी सदस्यों ने दिए अहम सुझाव..

## प्लेटफॉर्म 5 के पास ठीक से नहीं रखे बैरिकेड्स, यात्री होते परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल मंडल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति की बैठक गुरुवार को मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में डीआरयूसीसी के 15 में से 10 सदस्य शामिल हुए। समिति के सचिव एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से भोपाल मंडल की उपलब्धियों एवं वर्तमान में प्रदान की जा रही यात्री सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। सदस्य कमलेश सेन ने रेलवे अधिकारियों को बताया कि प्लेटफार्म 5 के पास बैरिकेड्स सही से नहीं रखे जाते हैं। इसके चलते यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा सदस्यों ने समर सीजन में यात्रियों को ठंडा पानी की पर्याप्त व्यवस्था का सुझाव दिया। इस मौके पर समिति सदस्यों में विधायक भगवानदास सबनानी, संतोष सिंह ठाकुर, अशोक पटेल, कमलेश सेन, वात्सयन जैन, संदीप सूरी, विजय जैन, निलेश श्रीवास्तव, दिनेश पुरोहित एवं राधेश्याम मीना सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## शराब दुकानः अवधपुरी के रहवासी 26 दिन से दे रहे धरना

### अब दिया पांच दिन का अल्टीमेटम, कहा-दुकान नहीं हटी तो करेंगे उग्र प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के अवधपुरी स्थित शुभालय विलास रहवासी सोसायटी के ठीक सामने खुली शराब की दुकान की शिफ्टिंग का मामला तूल पकड़ रहा है। रहवासी 80 फीट स्थित पेट्रोल पंप पर ठेके का विरोध पिछले 26 दिन से कर रहे हैं।

अब उन्होंने उग्र प्रदर्शन की चेतावनी देते हुए कहा कि 5 दिन में यदि शराब दुकान नहीं हटी तो सड़क पर उतरकर विरोध जताएंगे। रहवासियों का कहना था कि दुकान के कारण इलाके का माहौल बिगड़ रहा है और आए दिन आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं। रहवासियों ने आरोप लगाया कि यहां से गुजरने




वाली महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं सामने आती रहती हैं। इसके अलावा झगड़े और अन्य अपराध भी बढ़ गए हैं, जिससे आम लोगों का रहना मुश्किल हो गया है।

पिछले एक वर्ष से यह शराब की दुकान यहां चल रही है। क्षेत्रवासी लगातार 26 दिन से प्रदर्शन कर रहे हैं। बावजूद भी प्रशासन का कोई जिम्मेदार अधिकारी सुनवाई के लिए नहीं पहुंचा। इसलिए अब उग्र प्रदर्शन करेंगे।

क्राइम ब्रांच ने 3 पिस्टल, एक देशी कट्टा,5 जिंदा कारतूस और 8 मोबाइल किए जब्त

## देशी पिस्टल, कट्टा गिरोह के सरगना सहित 8 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

क्राइम ब्रांच भोपाल की टीम ने अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले सरगना सहित आठ हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनसे तीन पिस्टल, एक देशी कट्टा, पांच जिंदा कारतूस बरामद किए। इसके अलावा आठ मोबाइल भी जब्त किए हैं। आरोपी खरगोन से हथियार खरीदकर भोपाल में बेच रहे थे। लिहाजा उन आरोपियों पर संपत्ति कुर्की की कार्रवाई की जाएगी, जो रिटर्न फाइल नहीं करते हैं, जिनका आय का कोई प्रमाण नहीं है। एडिशनल डीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम ने अलग-अलग स्थानों से आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि टीम गुंडा-बदमाशों की तलाश में क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी। इस दौरान जहांगीराबाद के शब्बन चौराहा पर मुखबिर से सूचना मिली कि सीआई कॉलोनी स्थित जदा कब्रिस्तान गेट के पास एक संदिग्ध अवैध देशी पिस्टल और कारतूस लेकर खड़ा है। सूचना के बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए संदिग्ध को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम दानिश उर्फ दन्नी खान पिता शरीफ खान (20) हाईलाइट अपार्टमेंट, सेकेंड ब्लॉक, रेतघाट तलैया बताया। तलाशी लेने पर दानिश के पास से देशी पिस्टल मैगजीन सहित बरामद हुई। तलाशी में मैगजीन में एक कारतूस मिला।

#### खरगौन से खरीदकर लाया था पिस्टल

आरोपी दानिश ने बताया कि उक्त पिस्टल उसने खरगौन से खरीदी थी। आरोपी की निशानदेही पर टीटी नगर स्टेडियम के पास से मो. अमन (24) इस्लामी गेट और मो. मुस्तफा पिता मो. आशिफ (20) तलैया से एक कारतूस, देशी कट्टा और मोबाइल व खटलापुरा से तालिब पिता, कफील (19) अशोका गार्डन को गिरफ्तार कर एक पिस्टल, कारतूस बरामद किया।

एक दिन पहले एनजीटी की सख्ती के बाद जिला प्रशासन और नगर निगम की टीम ने की अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई

# तालाब किनारे बने सौरभ शर्मा कनेक्शन का स्वीमिंग पूल ढहाया, 11 अतिक्रमण भी तोड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बड़े तालाब के फुल टैंक लेबल से 50 मीटर दायरे को नो कंस्ट्रक्शन जोन बनाने का काम जारी है। पिछले एक महीने से जिला प्रशासन और नगर निगम बाउंड्रीवॉल, गेट, टीनशेड, कच्चे निर्माणों को तोड़ने में जुटा था। जिसके बाद बुधवार को एनजीटी ने तीन हफ्ते में अतिक्रमणों को हटाने की हिदायत दी है।

गुरुवार को टीटी नगर एसडीएम अर्चना शर्मा की टीम ने सेवनिया गौंड में परिवहन विभाग के पूर्व कांस्टेबल सौरभ शर्मा की सास रेखा तिवारी के स्वीमिंग पूल को ढहा दिया। इसे तालाब के 50 मीटर दायरे में बनाया गया था। इसके साथ ही अमले ने 11 निजी अतिक्रमणों को भी तोड़ा गया है। एनजीटी की सख्ती के बाद जिला प्रशासन ने बड़े तालाब के 50 मीटर दायरे में पहली बड़ी कार्रवाई करते हुए सेवनिया गौंड में गुरुवार को 11 कब्जे हटा दिए। दो महीने पहले तालाब के सर्वे में 302 कब्जे चिन्हित किए गए थे, जिनमें से अब तक 49 हटाए गए हैं। सबसे ज्यादा अतिक्रमण वीआइपी रोड, खानूगांव और हलालपुरा में हैं। जिनकी सुनवाई की जा रही है। यहां पर बंगले, विला, मल्टी स्टोरी बिल्डिंग जद में आ रही हैं।

सैवनिया गौंड में निगम के अमल ने 11 कब्जे हटाए

दो माह पहले सर्वे में चिन्हित 302 में से 49 कब्जे हटाए

### बड़े अतिक्रमण पर कार्रवाई का इंतजार



जिला प्रशासन और नगर निगम की टीम ने अब तक पचास मीटर के दायरे में आने वाले छोटे निर्माणों को तोड़ा है, जबकि वन विहार रोड स्थित जॉक रेस्टोरेंट, लहर रेस्टोरेंट, विंड्स एंड वेब, होटल रंजीत लेकव्यू, फूड जोन की 26 दुकानें, गेम जोन, कचरा कैफे, सुलभ कॉम्प्लेक्स और लहर जिम को लेकर भी कार्रवाई की जानी है। इधर बैरागढ़ क्षेत्र में बंगले, मल्टी स्टोरी बिल्डिंग, विला और पक्के निर्माण भी तोड़े जाएंगे।

#### सभी निर्माण हटेंगे

चिह्नित किए गए अतिक्रमणों को हटाने काम चल रहा है। सोमवार को टीम ने इस इलाके से 5 अतिक्रमण हटाए थे और गुरुवार को 11 हटाए गए हैं। शेष अतिक्रमणों को भी चिन्हित करने के बाद हटाया जाएगा।

**अर्चना शर्मा, एसडीएम टीटी नगर**

विरोध करने पर कई बार रोकना पड़ी कार्रवाई

### सरकारी जमीन पर तनीं दो एकड़ से हटाई 30 झुग्गियां, लहारपुर में मिलेंगे मकान

बावड़ियां कला में एफोटेल होटल के पास दो एकड़ सरकारी जमीन पर कब्जा कर बनाई गई 30 झुग्गियों को जमींदोज कर दिया गया। इसके पहले भी कई बार टीम इन झुग्गियों को तोड़ने पहुंची थी, लेकिन बैरंग लौटना पड़ा था। इन लोगों को नोटिस जारी कर बेदखल करने की कार्रवाई की गई है। गुरुवार को जब जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची, तो स्थानीय लोगों ने विरोध शुरू कर दिया, जिसके बाद भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कब्जे हटाए गए हैं। अतिक्रमण से मुक्त कराई गई जमीन की कीमत दस करोड़ रुपए आंकी गई है। कोलार एसडीएम पीसी पांडे का कहना है कि हटाए गए परिवारों को लहारपुर में हाउसिंग फॉर ऑल के तहत मकान दिलवाए जाएंगे। बावड़िया कलां में करीब दो एकड़ जमीन पर 30 झुग्गियां बनी हुईं थी, जिन्हें हटाने के लिए तहसीलदार कोर्ट से नोटिस देकर सुनवाई की गई। गुरुवार को सुबह 11 बजे से झुग्गियां तोड़ने की कार्रवाई शुरू की गई, लेकिन विरोध और हंगामे की वजह से कई बार कार्रवाई रोकनी पड़ी। जिसकी वजह से देर रात तक झुग्गियां तोड़ने का काम जारी रहा।



## जैकेट का शेष....

### क्रूज पर लहरों का पर्यटक ...

संवेदनशीलता के साथ प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है और हर संभव सहायता सुनिश्चित की जा रही है। इस हादसे में जो जनहानि हुई है, वह अत्यंत पीड़ादायक है। शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। मृतकों के परिवारजनों को राज्य शासन की ओर से 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, मंत्री राकेश सिंह , संभाग प्रभारी एसीएस, एडीजी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को मौके पर भेजा। वहीं, मंत्री राकेश सिंह भी दिल्ली से आकर मौके पर पहुंच गए हैं।

**हम जिला प्रशासन से लगातार संपर्क में :** मप्र पर्यटन विकास निगम के एमडी दिलीप यादव बंगाल में चुनाव ड्यूटी पर हैं। उनके स्थान पर प्रभारी एमडी अभय बेडेकर ने 'हरिभूमि' को बताया कि बरगी डैम हादसे की जानकारी मिलने के बाद से ही हम जिला प्रशासन के संपर्क में हैं। जिला प्रशासन और टीमें लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहीं हैं। पर्यटन निगम के वरिष्ठ अधिकारियों में प्रमुख रूप से जीएम ऑपरेशन और जीएम एडमिन मौके पर पहुंच रहे हैं। रेस्क्यू के बाद नुकसान का पता लगेगा। इसके बाद प्रशासन के जैसे निर्देश होंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**जीतू ने कहा- यह पर्यटकों की सेफ्टी पर एक गंभीर सवालः** पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि जबलपुर के बरगी डैम में खमरिया टापू के पास पर्यटकों से भरे क्रूज के डूबने की अत्यंत दुःखद सूचना मिली है। कलेक्टर समेत स्थानीय प्रशासन से चर्चा कर राहत और बचाव कार्य संबंधी आवश्यक निर्देश दिए हैं। पीसीसी प्रमुख जीतू पटवारी ने कहा कि यह सिर्फ एक हादसा नहीं, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय होना आवश्यक है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

**खमरिया के एक परिवार के 15 लोग थे सवारः** आयुध निर्माणी खमरिया के ए3 सेक्शन में कार्यरत कर्मचारी कामराज आर्य परिवार के 15 लोगों के साथ घूमने गए थे। कामराज के माता-पिता भी साथ में थे, लेकिन वह डैम के किनारे बैठे हुए थे। कामराज के साथ उनकी पत्नी, भाभी और बच्चे क्रूज में घूमने गए हुए थे। कामराज मूलतः कर्नाटक के रहने वाले हैं। कामराज के एक बेटे को बचा लिया गया है। वहीं कामराज, उनकी पत्नी और बेटा अब भी लापता है।

**इन्हे बचाया गया :** राखी सोनी, विक्की सोनी, समृद्धि सोनी, इनिया, आराध्या सोनी, अनु सोनी, महेश पटेल, छोटेलाल गौड़, अनामिका सोनी, रियाज हुसैन, पवीथारन, मनोज श्रीवास, अंशिका श्रीवास, तनिष्क श्रीवास, तनिष्का श्रीवास, कियान वर्मा, रोशन आनंद वर्मा, सरिता वर्मा, वृंदा, मंजू खड़गा, जफर और कामराज।

### क्रूज डैम में अंदर था ...

डिस्बैलेंस होकर डूबने लगा। इससे उसमें सवार लोगों को बचाने का प्रयास शुरू किया गया। डैम पर बोट क्लब होने से टीम भी थी, इसलिए तत्काल एक्शन लेकर पूरी क्षमता से बचाव अभियान चलाया। इस बीच आसपास के ग्रामीण भी आ गए थे। एसडीआरएफ की टीम भी पहुंची और क्रूज को वापस किनारे लाने की कोशिश और तेज की गई। तेज आंधी में क्रूज किनारे के नजदीक ही था, लेकिन डूब गया। मौके पर जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद हैं। मैं भी मौके लिए रवाना हो रहा हूं।

### मकोड़ी में ट्रॉली ...

और मंडी सचिव को निर्देशित किया कि उपार्जन, खरीदी केंद्रों पर पूरे 6 तौल कांटे लगाए जाएं। सभी 6 तौल कांटों पर निरंतर तुलाई कार्य चलता रहे। गेहूं खरीदी के गुरुवार से नए मापदंड जारी हुए है वे लागू हो जाएं। किसानों के लिए उपार्जन, खरीदी केंद्रों पर पर्याप्त छाया और शीतल पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक अन्नदाता को सम्मान और सुविधा के साथ उपज का उचित मूल्य दिलाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उपार्जन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की समस्या का त्वरित निराकरण किया जाए। किसानों की उपज की तुलाई समय पर हो सके इसके लिए पर्याप्त संख्या में बारदाने, तौल कांटे, सिलाई मशीन, स्लॉट बुकिंग हेतु कंप्यूटर, नेट कनेक्शन, कंप्यूटर ऑपरेटर, आदि व्यवस्थाएं उपार्जन केंद्र पर हमेशा उपलब्ध रहें। उन्होंने उपार्जन केंद्र पर कृषकों की सुविधा के लिए पेयजल, टेंट, बैठक, इत्यादि व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया तथा सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए।

**जरूरत पड़ने पर उपार्जन अवधि बढ़ाई जाएगी :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को शाजापुर जिले के ग्राम मकोड़ी में श्यामा गेहूं उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। यहां स्लॉट बुकिंग और उपार्जन की अन्य व्यवस्था और किसानों को ओटीपी के माध्यम से किए जा रहे भुगतान की जानकारी प्राप्त की। साथ ही उपार्जन केंद्र पर किसानों से चर्चा कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने ट्रैक्टर-ट्रॉली पर चढ़कर किसानों से संवाद किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषक दीपक, राहुल से उनकी गेहूं की उपज की जानकारी ली और अन्य कृषकों से भी चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों को बताया कि उपार्जन अवधि 9 मई 2026 से बढ़ाकर 23 मई कर दी गई है। जरूरत पड़ने पर उपार्जन अवधि को आगे भी बढ़ाया जाएगा। चिंता न करें उनकी उपज का एक-एक दाना खरीदा जाएगा। हमारी सरकार सभी किसानों के साथ खड़ी हैं।

### रायपुर आ रही फ्लाइट ...

पर लाया गया। हालांकि, इसके बाद फ्लाइट सवा घंटे देरी से रवाना हुई। इनमें आधे यात्री रायपुर के शामिल थे। पायलट की सूझबूझ और सतर्कता का परिचय देते हुए इमरजेंसी ब्रेक लगाए। इससे यात्रियों को बड़ा झटका लगा, कुछ देर के लिए यात्री घबरा गए, लेकिन तत्काल सभी यात्रियों को अपडेट किया गया और वजह बताई। जिससे यात्रियों ने राहत की सांस ली। इस घटना के कारण फ्लाइट करीब एक घंटा 10 मिनट लेट हुई। इसके बाद विमान ने सुबह 10.05 बजे रायपुर के लिए उड़ान भरी। घटना से एयरपोर्ट प्रशासन में भी हड़कंप मच गया। एयरपोर्ट की सुरक्षा में तैनात फॉलो मी वाहन के कर्मचारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बंदर को रनवे से भगाया। नागरिक उड्डयन विभाग ने इस घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। उन्होंने लखनऊ एयरपोर्ट प्रशासन से इस पूरी घटना की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

## पेज एक का शेष....

### अप्रैल कुछ राहत ...

साइक्लोनिक सकुर्लेशन के रूप में कश्मीर के ऊपर सक्रिय है। वहीं प्रदेश के आसपास सकुर्लेशन और ट्रफ की सक्रियता से मौसम में बदलाव हो रहा है। गुरुवार को बारिश-आंधी के बाद दिन के तापमान में तेजी से कमी आई। औसत अधिकतम पारा सामान्य से नीचे आ गया। सबसे अधिक गिरावट सीधी में 12.2 डिग्री रही। पारा 31.6 डिग्री रहा, जो सामान्य से 9.9 डिग्री कम है। सतना में 9.4, रीवा 9.3, नौगांव 6.3, नरसिंहपुर 6.4, खजुराहो 5.5, उमरिया में पारा 5 डिग्री तक गिरा है। प्रदेश के औसत अधिकतम पारे में करीब 5 डिग्री की कमी आई। इससे औसत पारा सामान्य से औसतन दो डिग्री तक नीचे पहुंच गया। भोपाल में पारा 3.5 डिग्री गिरकर 40.1 डिग्री रहा, जो सामान्य से दशमलव 8 डिग्री कम रहा। इससे प्रदेशभर में गर्मी से कुछ राहत मिली, लेकिन उमस बढ़ गई।

### संघ मुख्यालय को ...

चलाया, लेकिन अभी तक रेडियोएक्टिव सब्सटेंस का कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस को संदेह है कि पत्र में किया गया दावा फर्जी हो सकता है और इसकी जांच जारी है। पत्र में कहा गया है कि शहर में कई जगहों पर ज्यादा रेडियोएक्टिव पदार्थ 'सीजियम-137' को रखा गया है। ऑरेंज और एक्वा लाइन पर चलने वाली मेट्रो ट्रेन और इन इलाकों के पास चलने वाली आपली बस सेवाओं की सीटों के नीचे रेडियोएक्टिव पदार्थ रखा गया है। पत्र में यह भी दावा किया गया है कि यह पदार्थ एक कैंसर अस्पताल से हासिल किया गया था और पूरे शहर में विकिरण के खतरे की चेतावनी दी गई है।

### बाबा महाकाल मंदिर...

मंदिर समिति ने करीब 40 करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया है। अगले दो माह में प्रक्रिया पूरी होने के बाद अत्याधुनिक मशीनों से लड्डू प्रसाद का निर्माण शुरू होने की संभावना है। अब तक मंदिर समिति चिंतामन मंदिर के सामने स्थित यूनिट में मैन्युअल तरीके से लड्डू बनवा रही है। यहां करीब 65 कर्मचारी रोज सुबह से शाम तक प्रसाद तैयार करते हैं। वर्तमान व्यवस्था में अधिकतम 50 क्विंटल लड्डू ही बन पाते हैं, जबकि मांग इससे कहीं अधिक रहती है। नई हाईटेक यूनिट शुरू होने के बाद प्रतिदिन 100 क्विंटल लड्डू तैयार किए जा सकेंगे।

**देश का पहला 5 स्टार रेटिंग वाला प्रसादः** महाकाल मंदिर देश का पहला ऐसा मंदिर है, जिसके लड्डू प्रसाद को एफएसएसएआई की 5 स्टार रेटिंग मिल चुकी है। मंदिर में प्रतिदिन 40 से 50 क्विंटल लड्डू की खपत होती है। शनिवार-रविवार को यह मांग 50 से 70 क्विंटल तक पहुंच जाती है, जबकि विशेष पर्वों पर 100 से 120 क्विंटल तक प्रसाद की जरूरत पड़ती है।

### हाईकोर्ट में महिला ...

जाहिर कर दी। मामले की शुरुआत दतिया निवासी गिरिजा शंकर द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका से हुई। याचिका में आरोप लगाया गया कि मायाराम नामक व्यक्ति ने उसकी पत्नी और बेटी को बंधक बना रखा है। इस पर हाईकोर्ट ने पुलिस को महिला को पेश करने के निर्देश दिए। सुनवाई के दौरान महिला को कोर्ट में पेश किया गया तो पूरे मामले ने मोड़ ले लिया। महिला ने कहा कि उसका अपहरण नहीं हुआ है, बल्कि वह अपनी मर्जी से मायाराम के साथ रह रही है, जो उसका सगा दामाद (छोटी बहन का पति) है। वह अपने पति से अलग होने के लिए पहले ही तलाक की अर्जी दाखिल कर चुकी है। मामले में तब और चौंकाने वाला मोड़ आया जब मायाराम की पत्नी ने आपत्ति नहीं जताई। उल्टा उसने कोर्ट में कहा कि अगर बड़ी बहन उसके पति के साथ रहना चाहती है, तो उसे कोई आपत्ति नहीं है। उसने भी अपने जीजा (बड़ी बहन के पति) के साथ रहने की इच्छा जाहिर कर दी।

**वैवाहिक जीवन से संतुष्ट नहीं है दोनों बहनेः** दोनों बहनों ने अदालत के सामने कहा कि वे अपने वर्तमान वैवाहिक जीवन से संतुष्ट नहीं हैं। आपसी सहमति से एक-दूसरे के पति के साथ नया जीवन शुरू करना चाहती हैं। खास बात यह है कि दोनों महिलाओं के बच्चे भी हैं।

**हाईकोर्ट ने कहा- अपहरण का मामला नहींः** पूरे घटनाक्रम को देखते हुए हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि चूंकि दोनों महिलाएं बालिग हैं और अपनी इच्छा से निर्णय ले रही हैं, इसलिए इसे अपहरण का मामला नहीं माना जा सकता। अदालत ने कहा कि यह परिवार के भीतर का आपसी विवाद है, न कि आपराधिक मामला। इसी आधार पर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को खारिज कर दिया गया।

### दुल्हन ने भरे ...

27 और 28 अप्रैल की दरमियानी रात की है। मामले की उमरेठ थाने में शिकायत की गई। बुधवार से ये मामला चर्चाओं में है। बाद में दूल्हे ने विवाह करने से इनकार कर दिया और बारात लौट गई। घटना की सूचना उमरेठ थाने में दी गई है। बारात परासिया से उमरेठ थाना क्षेत्र के मुजावर गांव गई थी। बारात धूमधाम से लगी। बारात वधू पक्ष के घर पहुंची। आतिशबाजी की गई। इधर, रिसेप्शन चालू हो गया। वरमाला की तैयारी शुरू हो गई। मंच पर दूल्हा आ गया। दुल्हन को भी मंच पर ला रहे थे। इस बीच युवती ने पंडाल में खड़े एक युवक के गले में वरमाला डाल दी और उससे लिपट गई। इस मामले में एडवोकट अनुराग जायसवाल ने बताया कि दूल्हे के पास कानूनी अधिकार है। वह धोखाधड़ी और मानसिक क्रूरता के आधार पर केस कर सकता है। सार्वजनिक अपमान और मानसिक प्रताड़ता के लिए भी सिविल डिफरमेशन का केस कर सकता है। शादी के लिए दिए गए पैसे सामान की लिस्ट बनाकर नोटिस भेज सकता है।


**संचालनालय खेल और युवा कल्याण**
टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल, मध्यप्रदेश

**ई-निविदा सूचना**

संचालनालय खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश द्वारा **'प्रदेश में स्थित विभागीय खेल परिसर, विभाग द्वारा संचालित विभिन्न अकादमियों एवं प्रशासकीय भवनों आदि में विभिन्न साइज एवं प्रकार के इण्डोर एवं आउटडोर सायनेजस स्थापित और रखरखाव किये जाने कार्य हेतु'** ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र व निविदा की विस्तृत शर्तें www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है। ई-निविदा प्रकाशन उपरांत निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है तो वह मात्र उपरोक्त उल्लेखित ई-टेण्डर पोर्टल पर ही उपलब्ध रहेगा।

म.प्र. माध्यम/125585/2026 संचालक

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
**(यांत्रिकी शाखा), जोन क्रमांक 12**
// निविदा आमंत्रण सूचना //

क्र. 03/याँ/वि/26 भोपाल, दिनांक - 29.04.2026

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण Website http://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू. में) | निविदा क्रय करने की अंतिम | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दिनांक | समय |
| 1 | 2025_UAD _503710_1 | Providing and Fixing Garden Playing Equipment and Benches at Ward 44, 58 and 59 Zone 12 | 741400/- | 13 May 2026 | 05:30 PM |

नोट - संशोधन केवल वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे, समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे।

नि.क्र. : 134/026/027
सहायक यंत्री (सिविल)
जोन क्रमांक 12
नगर निगम भोपाल

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड-गुना**

क्रमांक 1366 / व.ले.लि / 2026-27/का. यं/लो.स्वा.यां.वि / गुना, दिनांक 28/04/2026

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 02/व.ले.लि / 2026-27

निम्न लिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर गुना जिले के विकासखंड गुना के ग्राम राई में अपूर्ण कार्य जल जीवन मिशन में रेट्रोफिटिंग पाइप लाइन घरेलू नल कनेक्शन विद्युत संयोजन इत्यादि कार्य हेतु निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित है।

| स. क्र. | निविदा क्रमांक / दिनांक | सिस्टम क्रमांक | विकासखण्ड | ग्रामों की संख्या | निविदा की कुल लागत रू (लाख में) | धरोहर राशि (EMD) निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यपूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NIT No.02/Pro Cell/EE/PHED/ 2026-27/Guna 23.04.2026 | 2026_ PHED_ 502759_1 | गुना | 01 | 4.75 | रू 9500/- रू 2000/- | 30 दिवस वर्षाकाल सहित | नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली |

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

ऑनलाईन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि : 07/05/2026 17:30 बजे
ऑनलाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि : 07/05/2026 17:30 बजे
ऑनलाईन निविदा दर खोलने की तिथि : 08/05/2026 11:00 बजे

निविदा फार्म ऊपर दर्शित बेवसाईट पर (online system) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते है। निविदा एंव उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शायी गई बेवसाईट पर देखें।

G-12247/26 " स्वच्छता ही सेवा "
सदस्य, सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन तथा
कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
खण्ड -गुना, जिला-गुना

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल
// आम सूचना //

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक- 1380/2 ए मण्डल द्वारा श्रीमती मुमताज जहाँ पत्नी स्व. श्री हमीद उल्ला के नाम से नामांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 28/09/1994 को एवं संशोधन पत्र दिनांक 02/09/2009 को पंजीकृत किया गया है। श्रीमती मुमताज जहाँ पत्नी स्व. श्री हमीद उल्ला द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती नगीना बी पत्नी श्री इकबाल खा को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 28/04/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती नगीना बी पत्नी श्री इकबाल खां के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्त-राधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल
// आम सूचना //

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित शेड क्रमांक- 1009/ए मण्डल द्वारा श्री मीर अदनान आत्मज श्री मीर आसिफ अली के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 23/01/2025 को पंजीकृत है। श्री मीर अदनान आत्मज श्री मीर आसिफ अली द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री आदिल अली आत्मज श्री आबिद अली को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 13/04/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री आदिल अली आत्मज श्री आबिद अली आत्मज श्री काजी जमाल उद्दीन के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330
R- 31/03/26 to 17/05/26 not 03,14/04/26, 01/05/26

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473


हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

प्लाट उपलब्ध है
भोपाल की सबसे ज्यादा विकासशील लोकेशन
9755600569, 8200502943, 7748022609

अयोध्या बायपास
10 लेन रोड और 66 फीट मेन रोड महोली खोजड़ा की प्राईम लोकेशन में डायवर्शन, सर्वसुविधायुक्त, पीपुल्स मॉल, पीपुल्स हास्पीटल, मीनाल मॉल और मेन मार्केट के नजदीक


### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** – आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** – आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** – माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** – अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## शब्द पहेली - 6212

**बाएँ से दाए-**
1.सेवक, दास-3
3.निवास करना-3
5.खुजली-2
6.परोपकारी-5
9.प्याला, जाम-2
11.टोंटी, नलका-2
12.आनंद, जूस-2
13.प्रतिज्ञा, शपथ-3
16.सिमरन, सुमरन-3
18.सुअर-3
20.पेन, लेखनी-3
22.कमल, जलज-3
23.क्रोध, गुस्सा-2
24.पाश, फंदा-2
25.शोषण करना-3
28.गौरव, प्रशंसा-3
30.सूत कातने का साधन-3
31.गौरव-3
33.देवर्षि-3
35.अंधकार-2
36.यमराज-2
38.अलमस्त-2
40.सलाह देने वाला-5
41.बीता दिन-2
42.रसदार-3
43.इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**
1.उर्वरक-2
2.विशाल, श्रेष्ठ-3
3.धनवान, संपन्न-3
4.घ्राणेद्रिय, इज्जत-2
5.दैत्य, असुर-3
7.मायाजाल-3
8.उद्धार, पार लगाना-3
10.शरण, आश्रय-3
14.चूर-चूर, ढहा-5
15.टोंटी, नलका-2
17.युद्ध, संग्राम-2
18.दूल्हा-2
19.राजपुत्र-5
21.मद्रास का समुद्र तट-3
22.नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26.मित्र, दोस्त. मीत-2
27.हूर, अप्सरा
29.मेहंदी-2
30.शीर्ष, पराकाष्ठा-3
31.इसमें पौधा लगाते हैं-3
32.पीहर, नैहर-3
34.युक्तिवाद, पैरवी-3
35.टब, परात, तगारी-3
37.इच्छा-3
39.परत, तह-2
41.कदर, सम्मान-2

### शब्द पहेली -6211 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | म | ला | का | र | ■ | ■ | कु | रा | न | ■ |
| था | न | ■ | र | ■ | कै | ला | श | ■ | भ | ला |
| वा | ■ | ■ | खा | विं | द | ■ | ल | ■ | ■ | य |
| च | म | क | ना | ■ | ■ | त | ■ | क | स | क |
| क | ■ | या | ■ | क | ल | क | ल | ■ | ली | ■ |
| ■ | आ | स | ■ | ल | ■ | रा | ■ | शा | म | ■ |
| ■ | रा | ■ | क | र | ता | र | ■ | म | ■ | ख |
| श | म | न | ■ | व | ■ | ■ | म | त | ल | ब |
| ह | ■ | ■ | म | ■ | दा | म | न | ■ | ■ | र |
| र | थ | ■ | ग | र | म | ■ | च | ■ | दा | दा |
| ■ | ल | की | र | ■ | ■ | स | ली | के | दा | र |

## सूडोकू नवताल - 6222

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

MANGAL SENACHA, BANGALORE

### सूडोकू नवताल - 6221 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

## खबर संक्षेप

### एशियन ने लांच किया कैंपेन रंगों की वॉरंटी

**नई दिल्ली।** एशियन पेंट्स ने अपना नया कैंपेन 'रंगों की वॉरंटी' पेश किया है, जो पिछले साल शुरू किए गए एशियन पेंट्स की वॉरंटी, भारत का हर दूसरा घर कहता है' की सोच को आगे बढ़ाता है। एशियन पेंट्स के प्रबंध निदेशक और सीईओ अमित सिंगल ने कहा कि आठ दशकों से भी अधिक समय से, एशियन पेंट्स भारतीय घरों में रंग भर रहा है, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह उनकी पहचान का एक अभिन्न अंग बन गया है। यह कैंपेन, जहां एशियन पेंट्स टेलीविज़न पर एक एसोसिएट ब्रॉडकास्ट स्पॉन्सर है।

### आईडीबीआई बैंक को हुआ 1,935 करोड़ का शुद्ध लाभ

**नई दिल्ली।** आईडीबीआई बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपने वित्तीय नतीजों की घोषणा कर दी। वित्त वर्ष 26 की तीसरी तिमाही में बैंक ने 1,935 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही 1,943 करोड़ रुपए का ऑपरेटिंग प्रॉफिट दर्ज किया। एनआईएम 15 बीपीएस की सालाना वृद्धि के साथ 4.15फीसदी रहा। सीआरएआर में साल-दर-साल 160 बीपीएस की वृद्धि के साथ 26.65 फीसदी दर्ज हुआ। रिटर्न ऑन एसेट्स में साल-दर-साल 29 बीपीएस की वृद्धि दर्ज हुई और यह 2.27 फीसदी रहा।

### ओबेन इलेक्ट्रिक ने लांच की रोर ईवीओ

**नई दिल्ली।** ओबेन इलेक्ट्रिक ने बिल्कुल नई रोर ईवीओ को पहले 10,000 ग्राहकों के लिए 99,999 रुपए (एक्स-शोरूम) की विशेष शुरुआती कीमत पर लांच करने की घोषणा की है। इस श्रेणी में एक स्पष्ट बदलाव लाने वाली, रोर ईवीओ में डिज़ाइन, प्रदर्शन और कार्यक्षमता को एक सुगठित पैकेज में रखा गया है, जो इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल से सवारों की अपेक्षाओं को फिर से परिभाषित करती है। रोर ईवीओ इस सोच के साथ बनाई गई है कि राइडर्स को रोमांच और ज़रूरत के बीच समझौता न करना पड़े। इसे असली सड़कों की हर ज़रूरत को ध्यान में रखकर एक पूर्ण, बिना समझौते वाली मोटरसाइकिल के रूप में तैयार किया गया है।

# रिलायंस रीटेल ने किया प्रियंका चोपड़ा के ब्रांड एनोमली का अधिग्रहण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी रिटेल कंपनी रिलायंस रिटेल ने बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा के हेयरकेयर ब्रांड एनोमली को खरीद लिया है। इस डील में ब्रांड के ट्रेडमार्क, ब्रांड से जुड़ी चीजें और डिजिटल प्लेटफॉर्म शामिल हैं। इससे रिलायंस रिटेल लिमिटेड के ब्यूटी कारोबार को मजबूती मिलेगी। प्रियंका चोपड़ा ब्रांड में क्रिएटिव डायरेक्टर बनी रहेंगी और नए प्रोडक्ट और आइडिया पर काम करेंगी।

एनोमली की शुरुआत 2021 में हुई थी। यह एक साफ, वीगन और अच्छी क्वालिटी वाला हेयरकेयर ब्रांड है, जो किफायती दाम में मिलता है। यह पहले से ही कई बड़े देशों में बेचा जा रहा है। इस खरीद के बाद रिलायंस रिटेल लिमिटेड के पास इस ब्रांड का पूरा अधिकार होगा। अब कंपनी अपने बड़े रिटेल नेटवर्क और

» **रिटेल नेटवर्क और 'टीरा' के जरिए होगा विस्तार**

» **रिलायंस रिटेल ने खरीदी प्रियंका चोपड़ा की कंपनी**



ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, जैसे 'टीरा', के जरिए एनोमली को तेजी से आगे बढ़ाएगी। कंपनी का टारगेट ब्यूटी और पर्सनल केयर क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत करना है। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ईशा अंबानी ने कहा कि एनोमली को हमारे पोर्टफोलियो में शामिल करना नए जमाने के ब्यूटी ब्रांड्स के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एनोमली की मजबूत वैश्विक पहचान, क्लीन फॉर्मुलेशन और किफायती कीमत इसे बेहतरीन बनाते हैं। हमें विश्वास है कि प्रियंका के साथ मिलकर हम भारत में इस ब्रांड को तेजी से बढ़ा सकते हैं और साथ ही इसके अंतरराष्ट्रीय विस्तार को भी मजबूत कर सकते हैं। रिलायंस रिटेल लिमिटेड अब भारत पर ज्यादा ध्यान देगा और एनोमली की पहुंच बढ़ाएगा। भारतीय बाल और स्कैल्प के हिसाब से नए उत्पाद बनाए जाएंगे। साथ ही यह ब्रांड अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और मध्य पूर्व जैसे बाजारों में भी आगे बढ़ेगा।

### पतंजलि विश्वविद्यालय में जनजातीय कार्य मंत्रालय का दो दिवसीय चिंतन शिविर

# जनजातीय समुदायों के समग्र विकास और कल्याण को प्रभावी रूप से लागू करने की क्षमता है: मंत्रालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

उत्तराखंड के हरिद्वार में बहादराबाद स्थित पतंजलि विश्वविद्यालय में गुरुवार को जनजातीय कार्य मंत्रालय के दो दिवसीय चिंतन शिविर की शुरुआत एक व्यापक दृष्टि और ठोस संकल्प के साथ हुई। इस आयोजन ने सिर्फ औपचारिक विमर्श का रूप नहीं लिया, बल्कि इसे नीति, संवेदना और जमीनी अनुभवों के संगम के रूप में देखा गया। शिविर में केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुअल ओरम, योगगुरु स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण समेत विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने चर्चा को बहुआयामी बना दिया।

इस मौके पर भारत सरकार के मंत्री जुएल ओराम ने कहा कि देश की जनजातीय समुदायों की संस्कृति, परंपराएँ और जीवनशैली बेहद समृद्ध हैं। इनके समग्र विकास के लिए हमें उनके पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक नीतियों का संतुलित उपयोग करना होगा। भारत सरकार इस दिशा में लगातार प्रयास कर रही है ताकि जनजातीय समाज को सशक्त किया जा सके और उन्हें मुख्यधारा में समावेशित किया जा सके। राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने श्रीराम और शबरी के प्रसंग का



उल्लेख कर निष्कपट भक्ति, प्रेम और समानता का संदेश स्पष्ट किया। साथ ही बिरसा मुंडा का उदाहरण देते हुए जनजातीय समाज की ऐतिहासिक भूमिका, अधिकारों और उनके संघर्ष को धर्म, संस्कृति तथा राष्ट्र रक्षा का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय समाज का गौरव बढ़ा है और द्रौपदी मुर्मु का राष्ट्रपति पद पर आसीन होना इस सम्मान का प्रतीक है। सचिव मनीष ठाकुर ने समावेशी विकास को व्यापक प्रगति का आधार बताते हुए कहा कि यह सभी वर्गों को सम्मान और समान अवसर प्रदान करता है तथा प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करते हुए स्थायी विकास सुनिश्चित करता है।

#### आयुर्वेद एक महत्वपूर्ण और प्राचीन उपाय

आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि जनजातीय समुदायों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए आयुर्वेद एक महत्वपूर्ण और प्राचीन उपाय है। यदि हम अपनी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को पुनः जीवित करें और आधुनिक विज्ञान के साथ उनका समन्वय करें तो इससे न केवल जनजातीय समुदायों का शारीरिक, मानसिक और सामाजिक सशक्तीकरण होगा बल्कि उनकी जीवनशैली में संतुलन और समृद्धि भी आएगी। जबकि योगऋषि स्वामी रामदेव ने कहा कि योग और आयुर्वेद जनजातीय समुदायों के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक सशक्ति का प्रभावी साधन हैं। समाज को पुरुषार्थी व जागरूक बनाना है। 18 घंटे पुरुषार्थ करना चाहिए। हमारे प्राचीन ज्ञान और पद्धतियों को पुनर्जीवित करना आवश्यक है ताकि जनजातीय लोग अपने जीवन में संतुलन, स्वास्थ्य और समृद्धि का अनुभव कर सकें। स्वामी ने यह भी कहा कि समाज में जागरूकता फैलाने और युवाओं को योग और आयुर्वेद के महत्व से परिचित कराने के लिए हमें व्यापक प्रयास करने होंगे।

### ईसीसी बढ़ोतरी की अधिसूचना जारी

## ट्रांसपोर्टरों ने जताई गहरी चिंता, कड़ा विरोध, बोले- बढ़ेगा आर्थिक बोझ

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कमर्शियल वाहनों पर एनवायरनमेंटल कम्पेन्सेशन चार्ज (ईसीसी ) में बढ़ोतरी संबंधी अधिसूचना जारी किए जाने पर ट्रांसपोर्टरों ने गहरी चिंता जताते हुए अधिसूचना और इस नई व्यवस्था का कड़ा विरोध किया। ट्रांसपोर्टरों ने कहाकि यह अधिसूचना ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों पर एक और आर्थिक बोझ डालने वाला कदम है, जिससे दिल्ली में बाहरी राज्यों से आने वाले मालवाहक वाहनों की लागत में भारी वृद्धि होगी। इसका सीधा असर उत्पादन लागत पर पड़ेगा और अंततः आम उपभोक्ताओं को महंगाई के रूप में इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

■ हर वर्ष 5 % की वृद्धि का प्रावधान भी

आल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र कपूर ने कहाकि नई अधिसूचना के अनुसार कैटेगरी 2 एवं 3 के वाहनों के लिए ईसीसी 1,400 से बढ़ाकर 2,000 तथा कैटेगरी 4 एवं 5 के लिए 2,600 से बढ़ाकर 4,000 कर दिया गया है, साथ ही हर वर्ष 5 फीसदी की वृद्धि का प्रावधान भी किया गया है। यह निर्णय ट्रांसपोर्ट सेक्टर के लिए अत्यंत चिंताजनक है। यह नीति केवल दिल्ली में लागू है, जबकि अन्य राज्यों में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जिससे "एक देश, एक बाजार" की अवधारणा को झटका लगेगा और दिल्ली की आर्थिक प्रतिस्पर्धा कमजोर होगी।



#### प्रमुख आपत्तियां एवं दुष्प्रभाव

ट्रांसपोर्टर पहले से ही विभिन्न करों का भुगतान कर रहे हैं, ईसीसी में वृद्धि डबल टैक्सेशन के समान है। सरकार द्वारा प्रोत्साहित बीएस-6 वाहन, जो प्रदूषण कम करते हैं, उन पर भी चार्ज लगाना अव्यावहारिक है। इस निर्णय से महंगाई में वृद्धि होगी और आम जनता प्रभावित होगी। अन्य राज्यों में यह लागू न होने से व्यापार का पलायन दिल्ली से बाहर हो सकता है। छोटे एवं मध्यम ट्रांसपोर्टरों पर इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव पड़ेगा। हर वर्ष 5 फीसदी वृद्धि का प्रावधान दीर्घकालिक आर्थिक अस्थिरता पैदा करेगा। पर्यावरण संरक्षण के नाम पर केवल चार्ज बढ़ाना व्यावहारिक समाधान नहीं है।

#### ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों की मांग

इस अधिसूचना पर तत्काल पुनर्विचार किया जाए। स्वच्छ ईंधन एवं बीएस-6 वाहन, वाहनों को ईसीसी में छूट दी जाए। ट्रांसपोर्ट संगठनों के साथ संवाद कर संतुलित नीति बनाई जाए। यदि इस अधिसूचना को वापस नहीं लिया गया तो ट्रांसपोर्ट सेक्टर अपने हितों की रक्षा के लिए आगे की रणनीति बनाने को बाध्य होगा।

## साही ने 33 मिलियन डॉलर की सीरीज बी फंडिंग जुटाई

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

ब्रोकिंग प्लेटफॉर्म साही ने 33 मिलियन डॉलर की सीरीज बी फंडिंग राउंड की घोषणा की, जिसका नेतृत्व प्रमुख वेंचर कैपिटल फंड एक्सेल ने किया। इस राउंड में एलिवेशन कैपिटल ने भी भागीदारी की। एक्सेल के समर्पित ग्रोथ फंड से यह नवीनतम निवेश, सीरीज ए के एक वर्ष से भी कम समय बाद आया है, जो प्लेटफॉर्म पर तेज प्रोडक्ट इनोवेशन, मजबूत ग्राहक अपनाने और तेजी से बढ़ती ट्रेडिंग गतिविधियों को दर्शाता है। साही एक एनएसई और बीएसई रजिस्टर्ड ब्रोकर है, जो एक सरल सोच पर आधारित है गंभीर रिटेल ट्रेडर्स और निवेशक बेहतर के हकदार हैं। वे बाजार में वास्तविक महत्वाकांक्षा लेकर आते हैं और संस्थागत निवेशकों को मिलने वाले समान टूल्स, स्पीड और इंटेलिजेंस की अपेक्षा रखते हैं, वह भी बिना लाखों रुपये की टर्मिनल फीस के। साही ने अपना पूरा ट्रेडिंग स्टैक शुरू से तैयार किया है प्रोप्राइटरी चार्टिंग, ऑर्डर एग्जीक्यूशन और रिस्क मैनेजमेंट के लिए ऑटोमेशन फीचर्स, जो एक्टिव डेरिवेटिव्स ट्रेडर्स के बीच बेहद लोकप्रिय रहे हैं। इसका परिणाम बेहद तेज रहा है। अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के बीच ट्रेड वॉल्यूम में 24 गुना वृद्धि और एक्टिव ट्रेडर्स में 19 गुना वृद्धि दर्ज की गई।

## *आईसीआईसीआई बैंक ने बायोमीट्रिक ऑथेंटिकेशन की सुविधा शुरू की*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आईसीआईसीआई बैंक ने अपने मोबाइल बैंकिंग एप आईमोबाइल के माध्यम से यूपीआई लेनदेन के लिए 'बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन' लागू करने की घोषणा की है। यह सुविधा उपयोगकर्ताओं को बेहतर अनुभव प्रदान करती है, जिससे वे 5,000 रुपए तक के लेनदेन को चेहरे की पहचान या फिंगरप्रिंट के जरिए अधिकृत कर सकते हैं। इस नई सुविधा के तहत निर्धारित सीमा तक के लेनदेन के लिए यूपीआई पिन को मैन्युअली दर्ज करने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। ग्राहक अब बायोमेट्रिक्स के जरिए पीयर-टू-पीयर मनी ट्रांसफर, दुकान पर क्यूआर स्कैन कर भुगतान या ऑनलाइन भुगतान जैसे यूपीआई लेनदेन को अधिकृत कर सकते हैं।

## बिजनेस न्यूज

### आईपीएस के सितारों ने रचा इतिहास, 99.2 फीसदी अंको के साथ लावण्या रहीं अव्वल




**भोपाल।** इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल भोपाल ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की एआईएसएसई परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के लिए मेधावी छात्रवृत्ति और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन द्वारा छात्रों के शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के लिए कई श्रेणियों में वित्तीय पुरस्कार और सम्मान प्रदान किये गए। इसके साथ ही शीर्ष पांच स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों जिसमें लावण्या वार्ष्णेय ने 99.2 प्रतिशत प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरवान्वित बढाया। गौरवशाली सूची में क्रमशः अदिति मोरेश्वर, गौरांश पाटीदार, तारिका सिंह, भुवि दुबे ने द्वितीय स्थान, तृतीय स्थान, चतुर्थ स्थान, एवं पंचम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय द्वारा 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को 'एक्सीलेंस अवार्ड' से सम्मानित किया गया, जिसमें वित्तीय पुरस्कार, ट्रॉफी, स्कॉलर बैज, स्कॉलर टाई, और मैरिट सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। विशेष उपलब्धि के रूप में जिन बच्चों ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किये उन छात्रों को 'सब्जेक्ट एक्सीलेंस' अवार्ड से नवाजा गया। समारोह की खास बात यह रही कि केवल छात्रों को ही नहीं, बल्कि उनकी सफलता के आधार स्तंभ रहे अभिभावकों को भी मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर आई.पी.एस. की प्राचार्या दीप्ति सिंह एवं उप-प्राचार्य ताविस जुबेरी ने सभी सफल विद्यार्थियों और उनके परिवारों को बधाई दी।

### यूको बैंक ने चौथी तिमाही में 801 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया

**भोपाल।** यूको बैंक ने 31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अपने लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों की घोषणा की है, जिसमें चौथी तिमाही के लिए 801 करोड़ का शुद्ध लाभ सामने आया है, जो तिमाही-दर-तिमाही 8.39 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। बैंक के समग्र कारोबार प्रदर्शन में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई, कुल कारोबार 590,314 करोड़ तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 14.95 फीसदी अधिक है। जमा राशि 327,563 करोड़ रुपए रही, जो पिछले वर्ष की तुलना में 11.59 फीसदी अधिक है। बैंक के ऋणों में वार्षिक आधार पर 19.44 फीसदी की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 262,752 करोड़ रुपए हो गया, जिसमें खुदरा क्षेत्र का योगदान 68,697 करोड़ रहा, जो 26.62 फीसदी की वृद्धि है। कृषि और लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जहां ऋण क्रमशः 37,336 करोड़ और 46,291 करोड़ रुपए रहे। बैंक की वार्षिक शुद्ध ब्याज आय 10,197 करोड़ रुपए रही, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5.89 फीसदी की वृद्धि दर्शाती है, जबकि परिचालन लाभ 6,429 करोड़ रहा, जिसमें 6.49 फीसदी की वृद्धि हुई है।

### एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में अभ्युदय भारत पर व्याख्यान




**भोपाल।** एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में अभ्युदय भारत 2026 के अंतर्गत 19 निजी विश्वविद्यालयों में युवाओं में राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं समग्र व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक व्याख्यान एवं एक संबंधित कार्यक्रमों की गतिविधियां आयोजित की गई। अभ्युदय भारत 2026 के समापन कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अशोक पांडे पूर्व अध्यक्ष मप्र लोक सेवा आयोग इंदौर, प्रो. खेमसिंह डहेरिया, अध्यक्ष, म.प्र. निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जयनारायण चौकसे, कुलाधिपति, एलएनसीटी विश्वविद्यालय महेश चंद्र चौधरी, सदस्य प्रशासनिक, डॉ. देवेंद्र सिंह गुर्जर, सचिव, म.प्र. निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग , डॉ. सचिन तिवारी, प्राध्यापक, एनआईटीटीटीआर, प्रो. नरेंद्र कुमार थापक, कुलगुरु, एलएनसीटी विश्वविद्यालय एवं गौरव तिवारी, प्रो-कुलाधिपति, मानसरोवर ग्लोबल विश्वविद्यालय, सीहोर उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. नरेंद्र कुमार थापक द्वारा मंचासीन अतिथियों का परिचय कराते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रो. खेमसिंह डहेरिया, अध्यक्ष, म.प्र. निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग द्वारा अपने वक्तव्य में अभ्युदय भारत का वास्तविक अर्थ बताते हुए कहा कि जब हमारे युवा केवल सपने न देखें, बल्कि उन्हें साकार करने का साहस भी रखें और यह तभी संभव है जब हम अपने अंदर कुछ मूलभूत परिवर्तन लाये। प्रो.डहेरिया ने कहा कि यह सपना तभी सकार होगा, जब हम स्व की भावना, कर्तव्य बोध विरासत पर गर्व, एकता और नागरिक अनुशासन को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलाधिपति, जयनारायण चौकसे ने विकसित भारत 2027 के लक्ष्यों को प्राप्त करने और उन लक्ष्यों को साकर करने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा कार्यक्रम के समापन सत्र में तीनों वर्ग की सामूहिक प्रतियोगिता में विजेता विश्वविद्यालयों की टीमों को पुरूस्कार प्रदान किए गए।

### महावीर इंस्टीट्यूट में प्रथम दीक्षांत समारोह हर्षोउल्लास से मना



**भोपाल।** महावीर इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च (मिम्स) भोपाल का प्रथम दीक्षांत समारोह हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया । जिसमें अनेक लोगों एवं विद्यार्थीयों के अभिभावकों की उपस्थिति में एमबीबीएस के छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। मालूम हो कि प्रति वर्ष मिम्स के विद्यार्थी टाप 10 की सूचि में शामिल होते है। इस अवसर पर जैन सर्वोदय विद्याज्ञान पीठ समिति के पदाधिकारी, सदस्य व जैन समाज के प्रमुख गणमान्य लोग उपस्थित थे। मंच का संचालन नितिन नांदगांवकर एवं डा शैलेंद्र लुणावत ने कर कार्यक्रम को शानदार बना दिया। समिति के सचिव सुनील जैन 501 ने संस्थान के विजन व मिशन के साथ होने वाली गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य के लिए समझाइश दी।

### गोकुल एजुकेशन ने लांच किया विश्व-स्तरीय स्टेम और प्रबंधन विवि आरआईएसएम

**बेंगलुरू।** गोकुल एजुकेशन फाउंडेशन ने यूनिवर्सिटी एट अल्बानी, स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क (प्रमुख सार्वजनिक अनुसंधान विश्वविद्यालय) के साथ साझेदारी की है। गोकुल एजुकेशन फाउंडेशन रामैया यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेज, रामैया मेडिकल कॉलेज और रामैया मेमोरियल हॉस्पिटल का प्रबंधन करता है। यूनिवर्सिटी एट अल्बानी के साथ हुई इस साझेदारी के तहत, बेंगलुरु में एक डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी - रामैया इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट (आरआईएसएम) लांच किया गया है। अगली पीढ़ी के स्टेम और प्रबंधन संस्थान के रूप में परिकल्पित आरआईएसएम, विश्व-स्तरीय और उद्योग-अनुकूल शिक्षा प्रदान करेगा। इसमें अनुसंधान और वास्तविक दुनिया में अनुप्रयोग पर विशेष जोर दिया जाएगा, ताकि छात्रों को तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य के लिए तैयार किया जा सके।

### एफएसएसएआई ने प्रस्ताव रखा

## पान मसाला पैकेजिंग में कागज पेपरबोर्ड और सेलुलोज को किया जाए शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण यानी एफएसएसएआई ने पान मसाला की पैकेजिंग से जुड़े नियमों में बदलाव का प्रस्ताव रखा है। यह प्रस्ताव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत जारी एक मसौदा अधिसूचना के रूप में सामने आया है, जिसका उद्देश्य खाद्य पैकेजिंग को अधिक सुरक्षित, टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल बनाना है।

■ सुरक्षित, टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल

मसौदा संशोधन के अनुसार पान मसाला की पैकेजिंग के लिए अब प्राकृतिक स्त्रोतों से प्राप्त सामग्रीजैसे कागज, पेपरबोर्ड और सेलुलोज को भी शामिल करने का प्रस्ताव है। एफएसएसएआई का मानना है कि ये सामग्री न केवल खाद्य पैकेजिंग के लिए सुरक्षित हैं।

#### उद्योग प्रतिनिधियों से सुझाव और टिप्पणियां मांगी

इस मसौदे पर सभी हितधारकों विशेषकर उद्योग प्रतिनिधियों से सुझाव और टिप्पणियां मांगी गई हैं। अधिसूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर अपने विचार साझा किए जा सकते हैं, जिन पर अंतिम निर्णय से पहले विचार किया जाएगा। एफएसएसएआई ने दोहराया है कि वह सभी पक्षों के साथ मिलकर ऐसे नियम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो वैज्ञानिक आधार पर टिके हों और एक स्थिर तथा प्रगतिशील कारोबारी वातावरण को बढ़ावा दें।

### एचएफसीएल ने 21 हजार करोड़ रु. से अधिक के ऑर्डर बुक

**नई दिल्ली।** एचएफसीएल ने वित्तीय प्रदर्शन के मामले में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ वार्षिक और तिमाही परिणाम दर्ज किया है। कंपनी ने जानकारी दी कि उसका ऑर्डर बुक 21,000 करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गया है, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। एचएफसीएल के प्रबंधन के अनुसार वित्त वर्ष 2026 में कुल वार्षिक राजस्व बढ़कर 4,949.27 करोड़ रुपए हो गया, जो वित्त वर्ष 2025 में 4,064.52 करोड़ था। वित्त वर्ष 2026 में एबीटडा बढ़कर 826.75 करोड़ रुपए हो गया, जो वित्त वर्ष 2025 में 506.75 करोड़ था। त्रैमासिक राजस्व बढ़कर 1,824 करोड़ हो गया, जो वित्त वर्ष 2025 की समान तिमाही में 800 करोड़ रुपए था वित्त वर्ष 2026 में कर-पूर्व लाभ बढ़कर 427.68 करोड़ रुपए हो गया।

### ईडीआईआई ने ईको एक्शन लर्निंग सेंटर का किया शुभारंभ

**बेंगलुरु।** एंटरप्रेंयोरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई) ने बेंगलुरु में इको एक्शन लर्निंग सेंटर का उद्घाटन किया। यह एक समर्पित अनुभवात्मक प्रशिक्षण केंद्र है, जिसका उद्देश्य व्यावहारिक, कौशल-आधारित शिक्षण के माध्यम से सतत ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देना है। इस केंद्र का उद्घाटन मनीषा भट्टाचार्य, प्रबंध निदेशक-कॉर्पोरेट सिटिजनशिप, एक्सेंचर, डॉ. सुनील शुक्ला, महानिदेशक, ईडीआईआई तथा डॉ. रमन गुज्राल, निदेशक सीएसआर पार्टनरशिप्स, ईडीआईआई द्वारा किया गया। इको एक्शन लर्निंग सेंटर माइक्रो स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत एक व्यावहारिक प्रशिक्षण मंच के रूप में कार्य करता है, जो लघु स्तर के उद्यम संचालन का वास्तविक समय में अनुभव प्रदान करता है।

**In The Court Of V Civil Judge, Junior Division, District Court, Sehore**

**Presiding Officer: सुश्री उजाला शुक्ला**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCS A/0000023/2021)

जरीना बी.. वादी

Vs

केएम निजाम.................. प्रतिवादी

Process Id-/2026

पेशी दिनांक 14.05.2026

प्रेषिती-

(1) नाजिम पिता के एम निजाम पता-कांग्रेस नगर बैरसिया रोड जिला भोपाल

यह कि प्रार्थी जरीना बी ने आपके विरुद्ध वाद वास्ते के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है. आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस बाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 20 April 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(उजाला शुक्ला)**
**पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड**
**सीहोर, जिला सीहोर मप्र**

**माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल**

माखनपुरम परिसर, मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के सामने, बिशनखेड़ी, भोपाल-462044

**प्रवेश सूचना 2026-27**

विश्वविद्यालय के भोपाल एवं रीवा परिसरों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में संचालित होने वाले पत्रकारिता, जनसंचार, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रसारण पत्रकारिता, विज्ञापन एवं जनसंपर्क, नवीन मीडिया, डिजिटल पत्रकारिता, फिल्म प्रोडक्शन, मीडिया शोध, एआई ड्रिवन मीडिया, मीडिया व्यवसाय प्रबंधन, कम्प्यूटर अनुप्रयोग, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, मल्टीमीडिया, ग्राफिक्स एवं ऐनिमेशन, वाणिज्य, ई-कॉमर्स, प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग, हिन्दी भाषा एवं अनुवाद तथा इंग्लिश जर्नलिज्म के स्नातक, स्नातकोत्तर तथा पत्रोपाधि पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं। आवेदन **16 जून 2026 की मध्यरात्रि तक** किए जा सकते हैं।

**अधिक जानकारी के लिए विजिट करें -** www.mcu.ac.in

**ऑनलाइन आवेदन के लिए विजिट करें -** https://mcrpv.mponline.gov.in/portal/

म.प्र. माध्यम/125477/2026

कुलसचिव

चिंतन

# अब अमेरिका-ईरान में सोशल मीडिया पर जंग

अमेरिका और ईरान के बीच छिड़ा टकराव अब सिर्फ सैन्य या कूटनीतिक मोर्चे तक सीमित नहीं रहा, बल्कि डिजिटल दुनिया में भी एक नई जंग के रूप में सामने आ चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान के बीच सोशल मीडिया पर चल रही बयानबाज़ी इस बात का संकेत है कि आधुनिक युद्ध का एक बड़ा हथियार अब शब्द, तस्वीरें और डिजिटल संदेश बन चुके हैं। ट्रंप की हालिया पोस्ट जिसमें "तूफान आने वाला है" जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया सिर्फ एक बयान नहीं, बल्कि एक मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने की कोशिश है। इससे पहले भी वे अपने प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर अपनी एक तस्वीर पोस्ट कर चुके हैं, जिसमें वे एक असॉल्ट राइफल पकड़े हुए हैं और साथ में लिखा है, 'अब और नहीं, मिस्टर नाइस गाय'। यह भाषा दर्शाती है कि वे खुद को आक्रामक और निर्णायक नेता के रूप में पेश करना चाहते हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह वास्तविक ताकत का प्रदर्शन है या कमजोर पड़ती रणनीति को छिपाने का प्रयास? ट्रंप वैसे भी सोशल मीडिया पर प्रोपेगेंडा फैलाने के लिए जाने जाते हैं। भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान भी ट्रंप ने कई बार कहा कि इस जंग में कई विमान मार गिराए हैं, लेकिन कभी यह नहीं बताया कि ये लड़ाकू विमान किसके थे। अब करीब सालभर बाद उन्होंने स्पष्ट किया कि इस युद्ध में पाकिस्तान के 11 फाइटर जेट क्रैश हुए थे। ऐसे दावे न केवल भ्रम फैलाते हैं, बल्कि सुरक्षाबलों के मनोबल को कमजोर करते हैं। ईरान युद्ध में ट्रंप जिस तरह से बैकफुट पर दिख रहे हैं, उससे साफ है कि अब उनके हाथ में बहुत पत्ते नहीं रह गए हैं। अपनी आदत के अनुरूप वह युद्ध में खुद को जीता हुआ दिखाना चाहते हैं, इसलिए सोशल मीडिया पर लगातार पोस्ट कर रहे हैं। दूसरी तरफ, मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच ईरान भी पीछे हटने को तैयार नहीं दिख रहा। पेजेश्कियान का बयान कि अमेरिकी समुद्री नाकाबंदी असफल होगी, सीधे-सीधे अंतरराष्ट्रीय कानून और वैश्विक व्यवस्था को चुनौती देने जैसा है। उन्होंने 'नेशनल पर्शियन गल्फ डे' के मौके पर कहा कि इस तरह की नाकाबंदी अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। उन्होंने चेतावनी दी कि जंग के बीच कच्चे तेल की कीमत 126 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई हैं। यह जल्द ही 140 डॉलर प्रति बैरल पहुंच सकता है। ईरान के सर्वोच्च नेता मुर्तजा खामेनेई ने भी अमेरिका को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि फारस की खाड़ी में उनके लिए जगह केवल समुद्र की तलहटी है। वहीं, स्वतंत्र पर्यवेक्षकों का कहना है कि ईरान ने खाड़ी देशों में अमेरिकी बेसिस को भारी नुकसान पहुंचाया है और उसके सभी हथियारों को नष्ट कर दिया है। इन बेसिस को दोबारा बनाने में अरबों डॉलर खर्च होंगे। अब अमेरिका यहां यूरोप और एशिया से हथियार ला रहा है। दरअसल, अमेरिका ने ईरान को कमजोर समझकर बहुत बड़ी गलती कर दी है। ईरानी नेतृत्व अब ट्रंप के दावों का मजाक उड़ा रहा है और तंज कस रहा है कि होर्मुज में अमेरिकी नाकाबंदी के कारण तेल के दाम बढ़ रहे हैं। होर्मुज बंद होने से पूरी दुनिया को नुकसान हो रहा है। आखिरकार, सवाल यह उठता है कि क्या सोशल मीडिया पर लड़ी जा रही यह जंग किसी वास्तविक समाधान की ओर ले जाएगी, या सिर्फ हालात को और बिगाड़ेगी? आज जरूरत है संयम और जिम्मेदार कूटनीति की, क्योंकि डिजिटल दुनिया में बोले गए शब्द भी कभी-कभी असली गोलियों से ज्यादा खतरनाक साबित होते हैं।



बंगाल चुनाव
प्रमोद भार्गव

# घुसपैठ से मुक्ति के लिए बदलाव की लहर

पश्चिम बंगाल में मतदाताओं ने जबरदस्त मतदान करके इतिहास रच दिया है। साथ ही अंतिम चरण के मतदान के बाद एग्जिट पोल ने बंगाल और असम में भाजपा की जीत तय कर दी है। बंगाल में तृणमूल को पराजय का सामना करना पड़ता है तो ममता बनर्जी के लिए यह न केवल बड़ा झटका होगा, बल्कि तृणमूल का अस्तित्व वामदलों की तरह रसातल में डूबता दिखाई देगा। असम एवं बंगाल में सबसे बड़ा कोई मुद्दा रहा है तो वह घुसपैठ और इन राज्यों में बढ़ता इस्लामीकरण है। अनेक सीमांत जिलों में घुसपैठ ने दोनों राज्यों में जनसंख्यात्मक घनत्व को बिगाड़ दिया है। इस बार के एग्जिट पोल अनुमान के निकट इसलिए खरे उतरेंगे, क्योंकि मतदाताओं का दलगत विभाजन पांचों राज्यों में स्पष्ट दिखाई दिया है।

इस बार पश्चिम बंगाल में मतदाताओं ने जबरदस्त मतदान करके इतिहास रच दिया है। साथ ही अंतिम चरण के मतदान के बाद एग्जिट पोल ने बंगाल और असम में भाजपा की जीत तय कर दी है। बंगाल में तृणमूल को पराजय का सामना करना पड़ता है तो ममता बनर्जी के लिए यह न केवल बड़ा झटका होगा, बल्कि तृणमूल का अस्तित्व वामदलों की तरह रसातल में डूबता दिखाई देगा। दरअसल असम एवं बंगाल में सबसे बड़ा कोई मुद्दा रहा है तो वह घुसपैठ और इन राज्यों में बढ़ता इस्लामीकरण है। अनेक सीमांत जिलों में घुसपैठ ने दोनों राज्यों में जनसंख्यात्मक घनत्व को बिगाड़ दिया है। कई जिलों में मुस्लिमों की आबादी 90 से 95 फीसदी तक पहुंच गई है। इन बदतर हुए हालातों के प्रति नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने मतदाताओं को जागरूक किया। हिंदू संदेशखाली और आरजीकर में हुए महिला दुष्कर्मों के चलते ध्रुवीकृत हुए। भाजपा ने इन मुद्दों को भुनाने की दृष्टि से आरजीकर अस्पताल में दुष्कर्म व हत्या की शिकार हुई डॉक्टर की मां रत्ना देबनाथ को और संदेशखाली आंदोलन की चेहरा रहीं रेखा पात्र को उम्मीदवार बनाया था। इन महिलाओं की उम्मीदवारी से बंगाल की महिलाओं में संवेदना जगी और बदलाव की लहर बनाने में उनकी प्रमुख भागीदारी रही। इन सब बिंदुओं के उभार ने बंगाल में कुल मतदान को 92.47 प्रतिशत तक पहुंचाकर लोकतंत्र की गरिमा को महिमामंडित करने का काम कर दिया। इसी का परिणाम है कि छह में से पांच एग्जिट पोल बंगाल में भाजपा को स्पष्ट बहुमत दे रहे हैं।

ये पोल असम में दूसरी बार भाजपा को एकतरफा जीत का ऐलान कर रहे हैं। वहीं, तमिलनाडु में द्रमुक की जीत लगभग तय है। केरल में कांग्रेस को हरी झंडी दिखाई है। पुडुचेरी में भाजपा को कांग्रेस से बहुत आगे बता दिया है। अर्थात पांच राज्यों में से तीन में भाजपा का डंका बजने जा रहा है। मतदान के दौरान निर्वाचन आयोग पूरी तरह चौकन्ना रहा। जहां से भी गड़बड़ी की खबर मिली, तुरंत एक्शन लिया। इस कारण लंबे समय तक अराजक तत्वों द्वारा मतदान रोकना संभव नहीं हो पाया। किसी भी झड़प को बड़े संघर्ष का रूप लेने से पहले ही केंद्रीय बलों के जवान उसे नियंत्रित करने में सफल दिखे। पहली बार अमल में लाई गई त्वरित प्रतिक्रिया दल ने भी अपने दायित्व का पूर्ण रूप से दायित्व का पालन किया। बावजूद सच्चाई का पता चार मई को आने वाले परिणामों से ही चलेगा। बंगाल के चुनावी इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि न तो बमों के धमाके हुए और न ही बंदूकों से गोलियां गरजीं। अतएव न रक्त बहा और न ही कोई मौत हुई। छिटपुट घटनाओं को छोड़ दें तो स्वतंत्र मतदान शांतिपूर्ण रहा। ऐसा 2.40 लाख सैन्य बलों की तैनाती के चलते संभव हुआ, इसीलिए बंगाल में पहली बार लगा कि सही मायनों में लोकतंत्र के इस पर्व में सभी समुदाय के लोग सद्भाव के साथ शामिल हुए है। बावजूद बौद्धिक पाखंडी बढ़े मतदान को ममता की वापसी बता रहे हैं। इस बार बंगाल में पिछली बार की तुलना में करीब 9 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। ये वोट भाजपा के पक्ष में जाते दिख रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने एसआईआर के जरिए भी घुसपैठ करके अवैध मतदाता बने करीब 92 लाख मतदाताओं को मत से वंचित कर दिया है। इनमें से बढ़ा प्रतिशत



तृणमूल के समर्थकों का रहा है, क्योंकि ये लोग जानते थे कि भाजपा आई तो बंगाल से बाहर का रास्ता दिखाने के लिए मुस्तैद हो जाएगी। भाजपा चूंकि वामदलों की तरह अनुशासन कार्यकर्ताओं का राजनीतिक दल है।

संघ के जमीनी स्वयंसेवकों का भी उसे सहयोग मिलता है। ये लोग अपने दल का अस्तित्व बनाए रखने की चिंता के चलते पार्टी के हितों की रक्षा करने को तत्पर रहते हैं। ओपिनियन पोल, मसलन जनमत सर्वेक्षण जहां मतदान पूर्व मतदाता की मंशा टटोलने की कोशिश है, वहीं एग्जिट पोल अर्थात सटीक सर्वेक्षण, मतदान पश्चात, मतदाता का निर्णय जानने का प्रयास है। एग्जिट पोल मतदान के चलते कराए जाते हैं, इसलिए ये वास्तविक परिणाम के पूर्व अनुमान माने जाते हैं। अतएव कोई राजनीतिक दल इन्हें अपनी इच्छानुसार कराने में रुचि नहीं लेता। मतदान के बड़े प्रतिशत को अब तक सत्तारूढ़ दल के खिलाफ व्यक्तिगत असंतुष्ट और व्यापक असंतोष के रूप में देखा जाता था, लेकिन मतदाता में आई बड़ी जागरूकता ने परिदृश्य को बदला है, इसलिए इसे केवल नकारात्मकता की तराजू पर तोलना बड़ी भूल होगी? सकारात्मक दृष्टि से देखने की भी जरूरत है। मध्यप्रदेश विधानसभा-2023 के चुनाव में लाडली बहना योजना के चलते महिलाओं ने बढ़-चढ़कर मतदान किया था, जो भाजपा के पक्ष में स्पष्ट दिखाई दे रहा था। इसलिए मध्यप्रदेश में भाजपा चुनाव जीत पाई थी। पारंपरिक नजरिए से मतदान में बड़ी रुचि को सामान्यतः एंटी इनकमबेंसी का संकेत, मसलन मौजूदा सरकार के विपरीत चली लहर माना जाता है। इसे प्रमाणित करने के लिए 1971, 1977 और 1980 के आम चुनाव में हुए ज्यादा मतदान के उदाहरण दिए जाते हैं, लेकिन यह धारणा पिछले कुछ चुनावों में बदली है। 2023, 2013, 2008 और 2003 में बड़े मतदान का लाभ सत्तारूढ़ होते हुए भी मध्यप्रदेश में भाजपा को मिलता रहा है। 2010 के चुनाव में बिहार में मतदान प्रतिशत बढ़कर 52 हो गया था, लेकिन नीतीश कुमार की ही वापसी हुई, जबकि बंगाल में 2011 में ऐतिहासिक मतदान 84 फीसदी हुआ और मतदाताओं ने 34 साल पुरानी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की बुद्धदेव भट्टाचार्य की सरकार को परास्त कर ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस को जीत दिलाई थी। गोया, चुनाव विश्लेषकों और राजनीतिक दलों को अब किसी मुगालते में रहने की जरूरत नहीं है। मतदाता पारंपरिक जड़ता और प्रचलित समीकरण तोड़ने पर आमदा हैं। बड़े मत प्रतिशत का सबसे अहम, सुखद व सकारात्मक पहलू है कि यह अनिवार्य मतदान की जरूरत की पूर्ति कर देता है। हालांकि हमारे देश में अनिवार्य मतदान की संवैधानिक बाध्यता नहीं है। निकट भविष्य में इस उम्मीद की पूरी होने की संभावना भी नहीं है। एसआईआर के जरिए देश से घुसपैठिए बाहर कर दिए जाते हैं तो इस अवैध घुसपैठ से लाभ उठाने वाले नेताओं की भूमिका को भी जनता नकार देगी। बढ़ा मतदान प्रतिशत ही ऐसा प्रमुख कारण है, जिसके चलते एग्जिट पोल एकतरफा नहीं रह गए हैं, क्योंकि इसके सर्वे के नमूने का प्रतिशत बहुत कम होता है। गोया, इस आधार पर बड़े मतदाता समूह की मंशा की पड़ताल करना और व्यावहारिक नतीजे पर पहुंचना बहुत कठिन काम है। वैसे भी अब कई सर्वे एजेंसियां क्षेत्रीय पत्रकारों से फोन पर बात करके नतीजों का अनुमान लगाने का तरीका अपना रही हैं। दरअसल क्षेत्रीय पत्रकार किसी न किसी दल या प्रत्याशी से प्रभावित रहते हैं और उसी प्रभाव के चलते वे अपनी राय व्यक्त कर देते हैं, जिसे तटस्थ नहीं कहा जा सकता है। इस बार के एग्जिट पोल अनुमान के निकट इसलिए खरे उतरेंगे, क्योंकि मतदाताओं का दलगत विभाजन पांचों राज्यों में स्पष्ट दिखाई दिया है।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मजदूर दिवस विशेष
राजेश जैन



# आज भी हाशिए पर हैं मजदूर और किसान

एक मई को दुनिया श्रमिक दिवस के रूप में मनाती है। यह केवल मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक नहीं, बल्कि उस श्रम-संस्कृति का स्मरण है जिस पर आधुनिक सभ्यता खड़ी है। भारत के संदर्भ में यह दिन और भी अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां किसान और मजदूर दो अलग-अलग वर्ग नहीं, बल्कि देश की उत्पादन शक्ति के दो आधार स्तंभ हैं। एक खेत में अन्न उगाता है, दूसरा शहरों को आकार देता है। एक पेट भरता है, दूसरा विकास की संरचना गढ़ता है। इसके बावजूद विडंबना यह है कि भारत के विकास मॉडल में सबसे अधिक उपेक्षित यही लोग हैं, जिनकी मेहनत पर यह विकास टिका है। भारत आज दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में गिना जा रहा है। विकास दर, विदेशी निवेश, स्टार्टअप, डिजिटल क्रांति और इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे संकेतक लगातार उत्साहजनक तस्वीर पेश करते हैं। इस चमक के पीछे एक दूसरा भारत भी है-वह भारत जो खेतों, ईंट-भट्टों, फैक्ट्रियों, निर्माण स्थलों, मंडियों और छोटे कस्बों में सांस लेता है। यह वही भारत है, जहां किसान अपनी लागत निकालने के लिए संघर्ष कर रहा है और मजदूर रोज़गार मिलने के बावजूद सम्मानजनक जीवन से दूर है। भारत की बड़ी आबादी आज भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है। करोड़ों किसान परिवार देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं, लेकिन उनकी अपनी आय अस्थिर और सीमित है। दूसरी ओर, देश की श्रमशक्ति का विशाल हिस्सा असंगठित क्षेत्र में काम करता है, जहां स्थायी नौकरी, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधा या पेंशन जैसी बुनियादी व्यवस्थाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। यानी जो वर्ग देश के लिए उत्पादन कर रहा है, वही अपने भविष्य को लेकर सबसे अधिक असुरक्षित है। यह केवल आर्थिक विरोधाभास नहीं, बल्कि विकास मॉडल की संरचनात्मक कमजोरी है।

आज का किसान सिर्फ खेती नहीं कर रहा, बल्कि मौसम से लड़ रहा है, बाजार से जूझ रहा है और नीतिगत अनिश्चितताओं का सामना कर रहा है। इसके साथ ही बाजार व्यवस्था ऐसी है जिसमें किसान अपनी उपज का मूल्य तय नहीं कर पाता। खेत से निकलने वाला उत्पाद उपभोक्ता तक पहुंचते-पहुंचते कई गुना महंगा हो जाता है, लेकिन इस मूल्य वृद्धि का लाभ उत्पादक को नहीं मिलता। सबसे कम कमाई उस व्यक्ति की होती है जिसने सबसे अधिक श्रम किया। यही कारण है कि कृषि, जो कभी आत्मनिर्भरता और सम्मान का प्रतीक थी, आज बड़ी संख्या में युवाओं के लिए अनाकर्षक पेशा बनती जा रही है। उधर, मजदूर आर्थिक विकास का सबसे अदृश्य नायक है। वही सड़कों का निर्माण करता है, मेट्रो लाइनें बिछाता है, इमारतें खड़ी करता है, उद्योगों की मशीनें चलाता है, वही परिवहन व्यवस्था को गति देता है, लेकिन उसके हिस्से में स्थिरता नहीं आती। अधिकांश मजदूर असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हैं। रोजगार अनिश्चित है, आय अस्थिर है और कार्य परिस्थितियां कई बार अमानवीय हैं। न्यूनतम वेतन कानून पुस्तकों में है, पर जमीनी स्तर पर उसका पालन अक्सर कमजोर है। भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, लेकिन उस वृद्धि का लाभ समान रूप से वितरित नहीं हो रहा। पूंजी और अवसरों का केंद्रीकरण तेज़ हुआ है, जबकि श्रम और उत्पादन आधारित वर्गों की आय उसी अनुपात में नहीं बढ़ी। किसान और मजदूर दोनों के साथ मूल समस्या यही है, वे मूल्य निर्माण करते हैं, लेकिन मूल्य संचयन उनके पास नहीं रुकता। उत्पादन उनका है, लाभ किसी और का। यह कहना गलत होगा कि प्रयास नहीं हुए। किसानों और मजदूरों के लिए प्रत्यक्ष आय सहायता, बीमा, पेंशन, मनरेगा, स्वास्थ्य योजनाएं, डिजिटल रजिस्ट्रेशन, सस्ती ऋण व्यवस्था और बाजार सुधारों के प्रयास जैसी अनेक योजनाएं लागू की गई हैं।

इनसे आंशिक राहत मिली भी है, लेकिन वास्तविक चुनौती इनके क्रियान्वयन की भी है। अब समय आ गया है कि भारत किसान और मजदूर को "कल्याण योजना" के दायरे से निकालकर "राष्ट्र निर्माण की रणनीति" के केंद्र में रखे। मजदूरों के लिए केवल पंजीकरण पर्याप्त नहीं, बल्कि पोर्टेबल सामाजिक सुरक्षा, न्यूनतम वेतन का वास्तविक प्रवर्तन, कौशल उन्नयन और शहरी श्रम नीति की आवश्यकता है। कृषि को लाभकारी बनाने के लिए केवल सब्सिडी नहीं, बाजार संरचना बदलनी होगी। भारत यदि सचमुच विकसित राष्ट्र बनना चाहता है, तो उसे अपने विकास का पैमाना बदलना होगा। जिस दिन भारत के खेत का किसान और शहर का मजदूर आत्मविश्वास के साथ कह सके कि यह देश उसके श्रम का सम्मान करता है, उसी दिन विकसित भारत का सपना सच्चे अर्थों में साकार होगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## समत्वं योग उच्यते



संकलित
दर्शन

जिस मनुष्य का जीवन योगयुक्त है, उसे जीवन चलाने के कर्म बंधन में बांधने वाले नहीं होते। जैसे कमल कीचड़ में रहकर भी कमल ही रहता है। युक्त और अयुक्त का अर्थ योगयुक्त और योगअयुक्त से है अर्थात योग है समत्व बुद्धि। 'समत्वं योग उच्यते'। समत्व बुद्धि से तात्पर्य सोच-विचार कर किए गए कर्म को योगयुक्त कर्म कहते हैं। समत्व बुद्धि से अर्थ सुख-दुख, विजय-पराजय, हर्ष-शोक, मान-अपमान इत्यादि द्वंद्वों में विचलित हुए बिना एक समान शांत चित्त रहे- वही कर्मयोगी कहलाता है। स्थितप्रज्ञ : जिस काल में यह पुरुष मन में स्थित संपूर्ण कामनाओं को त्याग देता है, उस काल में आत्मा से ही आत्मा में संतुष्ट हुआ, जैसे जहाज को चलाने वाले के पास ठीक दिशा बताने वाला कम्पास या यंत्र होना चाहिए, उसी तरह श्रेष्ठ जीवन जीने के तथा मोक्ष के अभिलाषी व्यक्ति के पास 'योग' होना चाहिए। योग नहीं तो जीवन दिशाहीन है। यही बात कृष्ण ने गीता में स्थितप्रज्ञ के विषय में कही है। बुद्धि को निर्मल और तीव्र करने के लिए योग ही एक मात्र साधन है। योग स्थित व्यक्ति साधारण मनुष्यों से विलक्षण देखने लगता है। जिस व्यक्ति के भीतर जीवन में सत्य की किरणें फैल जाती हैं, सत्य का सूर्य जगता है और जिसकी आंतरिक चेतना जागृति को, पूर्ण जागृति को उपलब्ध हो जाती है, उसका जीवन स्पांटेनियस हो जाता है, सहज हो जाता है, सहज-स्फूर्त हो जाता है। उसके जीवन में किसी ढांचे को खोजना मुश्किल है। उसके जीवन में कोई बंधी-बंधाई रेखाएं नहीं होतीं।

## तुलसीदास ने बताया श्रीराम के दर्शन का उपाय



संकलित
प्रेरणा

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक बार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहाः उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहाः आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान के दर्शन करवा सकते हैं। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहाः ठीक है यहां सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पड़ो। भगवान के दर्शन हो जाएंगे। वह त्रिशूल गाड़कर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुड़सवार उधर से जा रहा था, उसने पूछाः पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोलाः तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हें भगवान श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहाः क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोलाः जी हां! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूल पर कूद पडा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गए। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

## सटाका




### आज की पाती

**विरोधाभासों से परिपूर्ण है ट्रंप की बयानबाजी**

अमरीकी राजनीति में बयानबाजी हमेशा से तीखी रही है, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप के दौर में यह प्रवृत्ति एक नए स्तर पर पहुंच गई है। ट्रंप की सोशल मीडिया गतिविधियां अक्सर अचानक, विरोधाभासी और वैश्विक असर डालने वाली होती हैं। एक दिन वे किसी देश की प्रशंसा करते हैं, तो अगले ही दिन उसी देश की आलोचना कर देते हैं। यह केवल भारत ही नहीं, बल्कि ग्रीनलैंड, ईरान और यहां तक कि यूरोपीय सहयोगियों के संदर्भ में भी देखा गया है। हाल के वर्षों में ट्रंप के बयानों और नीतियों में यह अस्थिरता और स्पष्ट दिखी है। उदाहरण के लिए, उन्होंने पहले भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की बात कही, वहीं दूसरी ओर कुछ पोस्ट्स और बयानों में भारत की नकारात्मक छवि को बढ़ावा देने वाले विचारों का समर्थन भी किया। इस तरह की बयानबाजी नहीं होनी चाहिए।

*- हर्ष, हिसार*

## ट्रेंड

### स्नातक होने पर बधाई



पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ उत्तर भारत का प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान है, जो चिकित्सा देखभाल, शिक्षा और अनुसंधान में उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है और अपने स्नातकों के लिए गर्व का स्रोत है। आप सभी को स्नातक होने पर हार्दिक बधाई।

- **जेपी नड्डा,** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### मुफ्त एलपीजी कनेक्शन



समाजवादी पार्टी के ज़माने में लोग केरोसिन की कालाबाज़ारी करते थे, और कांग्रेस के शासनकाल में तो एलपीजी सिलेंडर बिल्कुल भी उपलब्ध नहीं थे। आज देश में 10 करोड़ महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन दिए जा चुके हैं।

- **योगी आदित्यनाथ,** सीएम, उप्र


### महिला आरक्षण का समर्थन



लंबे संघर्षों के बावजूद राजनीति में महिलाओं की उचित भागीदारी सुनिश्चित करने की पहल के तहत संसद में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने का मुद्दा आगे नहीं बढ़ पाया है, जो बेहद खेदजनक, दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है; बीएसपी महिला आरक्षण का समर्थन करती है।

- **मायावती,** पूर्व सीएम, उप्र

### सरकार की साख गिरी




श्री गंगानगर से भाजपा विधायक जयदीप बिहानी पर आरयूआईडीपी अधिकारियों द्वारा किया गया हमला राज्य में बढ़ती अराजकता का प्रतीक है। सरकार को ऐसी घटनाओं को गंभीरता से लेना चाहिए; जनता के बीच सरकार की साख तेजी से गिर रही है।

- **अशोक गहलोत,** पूर्व सीएम, राजस्थान

## करंट अफेयर


# अमेरिका ने भारत को 1.4 करोड़ डॉलर की प्राचीन वस्तुएं लौटाई



अमेरिका ने भारत को करीब 1.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य की 657 प्राचीन वस्तुएं लौटायी हैं और कहा है कि इस एशियाई देश को चुराई गई कलाकृतियां वापस दिलाने के लिए 'अभी और काम किया जाना बाकी है।' प्राचीन वस्तुएं लौटाने की घोषणा मंगलवार को मैनहट्टन के जिला अटॉर्नी एल्विन ब्रैग ने की। लौटाई गई वस्तुओं में 'अवलोकितेश्वर' की लगभग 20 लाख डॉलर मूल्य की कांस्य प्रतिमा भी शामिल है, जो शेरों से सजे सिंहासन पर द्वि-कमल आसन पर विराजमान है। इस पर अंकित शिलालेख में कारीगर का नाम द्रोणादित्य बताया गया है, जो छत्तीसगढ़ के वर्तमान रायपुर के पास स्थित सीपुर का निवासी था। यह अवलोकितेश्वर प्रतिमा 1939 में लक्ष्मण मंदिर के पास मिली कांस्य प्रतिमाओं के एक बड़े भंडार का हिस्सा थी और 1952 तक रायपुर के महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय के संग्रह में शामिल हो गई थी। इस प्रतिमा को संग्रहालय से चुरा लिया गया और 1982 तक अमेरिका तस्करी कर ले जाया गया। अंततः 2014 तक यह न्यूयॉर्क के एक निजी संग्रह में पहुंच गई। 2025 में मैनहट्टन जिला अटॉर्नी कार्यालय ने इस कांस्य कलाकृति को उस संग्रह से खोजकर जब्त कर लिया।

## ऑफ बीट

# आपकी विशिष्ट गंध बता देगी, क्या बीमारी है



हमारे शरीर से हर सेकंड सैकड़ों रसायन हवा में प्रवाहित होते हैं। ये रसायन हवा में आसानी में घुल जाते हैं क्योंकि इनमें वाष्प का दबाव अधिक होता है, जिसका अर्थ है कि वे उबल जाते हैं और कमरे के तापमान पर गैस में बदल जाते हैं। वे इस बात का पता देते हैं कि हम कौन हैं और कितने स्वस्थ हैं। प्राचीन यूनानी काल से, हम जानते हैं कि जब हम अस्वस्थ होते हैं तो हमारी गंध अलग-अलग होती है। जबकि आज हम रक्त विश्लेषण पर भरोसा करते हैं, प्राचीन यूनानी चिकित्सक बीमारियों के निदान के लिए गंध का उपयोग करते थे। आपकी सांस का एक झोंका लेकर वह बता सकते थे कि आपको फेटोर हेपेटिकस (मतलब खराब लीवर) है, तो इसका मतलब होता था कि आप लीवर की बीमारी की ओर बढ़ सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति की सांस की हवा में मीठापन या फलों की गंध होती थी, तो चिकित्सकों का निष्कर्ष होता था कि पाचन तंत्र में शर्करा टूट नहीं रही है, और उस व्यक्ति को संभवतः मधुमेह है। विज्ञान ने तब से दिखाया है कि प्राचीन यूनानी सही थे - जिगर की विफलता और मधुमेह तथा संक्रामक रोगों सहित कई अन्य बीमारियाँ आपकी सांसों को एक विशिष्ट गंध देती हैं। 1971 में, नोबेल पुरस्कार विजेता रसायनज्ञ लिनुस पॉलिंग ने सांस में 250 विभिन्न गैसीय रसायनों की गिनती की।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

मानदेय अस्वीकार कर मीक ने कहा राजधानी की सेवा ही सबसे बड़ा सम्मान

# राजा भोज एयरपोर्ट बनाएगा भोपाल की प्रभावशाली छवि: नागरिकों और सामाजिक-व्यावसायिक समूहों के सुझाव एडवाइजरी कमेटी में प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजा भोज एयरपोर्ट, भोपाल में गुरुवार को एयरपोर्ट एडवाइजरी कमेटी की बैठक सांसद एवं कमेटी अध्यक्ष आलोक शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर भोपाल सहित नगर निगम और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों, विमानपत्तन प्राधिकरण के अधिकारियों, कमेटी सदस्यों और संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों ने एयरपोर्ट की सुविधाओं, यात्री अनुभव, एयर-कनेक्टिविटी, स्वच्छता, ट्रैफिक व्यवस्था और भविष्य की आवश्यकताओं पर विस्तृत चर्चा की।

कमेटी सदस्य एवं 'कमाल का भोपाल' अभियान के फाउंडर मनोज सिंह 'मीक' ने बैठक में नागरिकों और विभिन्न सामाजिक-व्यावसायिक समूहों से प्राप्त सुझावों सहित एक विस्तृत प्रतिवेदन एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी को सौंपा। प्रतिवेदन में राजा भोज एयरपोर्ट को राजधानी भोपाल की गरिमा के अनुरूप अधिक सुगम, स्वच्छ, सुविधाजनक, पहचान-सम्पन्न और भविष्य के अनुकूल विकसित करने के लिए बिंदुवार सुझाव शामिल किए गए। मनोज मीक ने कहा कि इस दायित्व को उन्होंने सेवा के रूप में स्वीकार किया है। इसी भावना से उन्होंने कमेटी बैठक के लिए प्रस्तावित मानदेय को सहर्ष अस्वीकार किया। उन्होंने कहा कि अपनी राजधानी, अपने राज्य और अपने देश के लिए नागरिकों के हित में किया गया निस्वार्थ योगदान स्वयं में सबसे बड़ा सम्मान है।

बैठक में भोपाल कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने की चर्चा



बैठक में सांसद आलोक शर्मा व अन्य अधिकारी शामिल हुए।

## नागरिकों के सुझावों को शामिल किया

एयरपोर्ट जैसे सार्वजनिक संस्थान के विकास में भागीदारी व्यक्तिगत लाभ का विषय नहीं, जनहित और शहर के प्रति उत्तरदायित्व का विषय है। प्रतिवेदन में नागरिकों से प्राप्त सुझावों को उनके नाम सहित शामिल किया गया। हरीश मूलचंदानी ने एयरपोर्ट पर बड़े बैकलिट डिस्प्ले, बेहतर पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम, रिक्लाइनर और चेन्नई के लिए नॉन-स्टॉप फ्लाइट का सुझाव दिया। अमित दाधीच ने पार्किंग व्यवस्था, वार्षिक फायर सेफ्टी ऑडिट और आपात स्थितियों में स्टाफ ट्रेनिंग पर जोर दिया। समीर सबरवाल ने कोलकाता, चंडीगढ़, गोवा, श्रीनगर, जम्मू, जयपुर, उदयपुर और चेन्नई के लिए नियमित उड़ानों की मांग रखी। रजत भोपाल ने फ्लाइट संख्या, शहरों की कनेक्टिविटी, टर्मिनल विस्तार और मेट्रो कनेक्टिविटी का सुझाव दिया।

## भोपाल-गोवा फ्लाइट पुनः शुरू करने की मांग

रजत सिंह ने हैदराबाद होते हुए चेन्नई, कोलकाता, बागडोगरा, लखनऊ, देहरादून, जयपुर, जम्मू और वाराणसी होते हुए अयोध्या जैसे व्यवहारिक रूट सुझाए। आशीष महेंदू ने राजा भोज एयरपोर्ट को हेल्दी एयरपोर्ट बनाने के लिए फ्रूट्स बार, पोहा स्टॉल और स्थानीय स्वाद को बढ़ावा देने का सुझाव दिया। राजेश बहुगुणा ने भोपाल से देहरादून के लिए कम से कम सप्ताह में 2 दिन वन-स्टॉप कनेक्टिविटी का सुझाव दिया, जबकि सुनील मालवीय ने भोपाल-गोवा फ्लाइट पुनः शुरू करने की मांग रखी।

### मानदेय इसलिए अस्वीकार किया क्योंकि यह मेरे लिए सेवा का अवसर

राजा भोज एयरपोर्ट भोपाल की आत्मा का प्रवेश-द्वार है। यहां उतरने वाला यात्री हमारी राजधानी की व्यवस्था, संवेदनशीलता, स्वाद, संस्कृति और भविष्य की आकांक्षा को महसूस करता है। मैंने मानदेय इसलिए अस्वीकार किया क्योंकि यह मेरे लिए सेवा का अवसर है। नागरिकों ने जो सुझाव भेजे हैं, वे भोपाल के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की आवाज़ हैं। मेरा प्रयास है कि राजधानी की आकांक्षाएं धरातल पर साकार होती दिखाई दे।

**मनोज सिंह 'मीक'**, कमेटी मेंबर और फांडर कमाल का भोपाल' अभियान

## खबर संक्षेप



### नप सीएमओ ने घर-घर जाकर महिलाओं को दी जनगणना की जानकारी

**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद की सीएमओ किरण रहंगडाले घर-घर जाकर महिलाओं को जनगणना की प्रक्रिया समझा रहीं हैं। विशेष रूप से महिलाओं से संवाद कर वे उन्हें जनगणना के महत्व और प्रक्रिया को सरल भाषा में समझा रही हैं। उनकी इस पहल का स्थानीय महिलाओं पर सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है। रेवती, कलाबाई, मीनादेवी, संतोष देवी, रेशमा और बहिदा बी सहित कई महिलाओं ने बताया कि सीएमओ रहंगडाले ने जनगणना के बारे में जानकारी दी हैं। उन्होंने कहा वे नगर के विकास और समस्याओं को लेकर भी चिंता व्यक्त करती हैं। नगर परिषद की इस पहल को लेकर क्षेत्र में सकारात्मक माहौल है।

### डॉ. नागर और पार्षद परमार खेल कार्यक्रम में दिए एक साथ



**औबेदुल्लागंज।** मंडल अध्यक्ष डॉक्टर भूपेंद्र नागर, पार्षद दीपू परमार गुरुवार को एक साथ खेल कार्यक्रम में शामिल हुए। डॉ. नागर ने बताया कि हम पक्के साथी हैं। पार्षद दीपू परमार ने बताया कि मैं धंधे में व्यस्त होने के कारण राजनीतिक गतियों में कम शामिल होने से मंडल अध्यक्ष का राजनीतिक कार्यों में सहयोग नहीं कर पा रहा हूं। इससे लोगों में तरह-तरह की चर्चा होना संभव है, मगर मैं डॉ. भूपेंद्र नागर के साथ हूं।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 0549 | | |
| दिन: | 256 | 37 | 269 |
| रात: | 224 | 80 | 145 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 260 | 82 | 129 |
| रात: | 578 | 06 | 358 |

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित तूमड़ा जोड़ पर हुआ हादसा

# अज्ञात कार ने बाइक सवार किसान को मारी टक्कर, मौत... जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


संतोष वंशकार, मृतक

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित तूमड़ा जोड़ पर बुधवार रात अज्ञात कार ने बाइक सवार किसान को टक्कर मार दी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, वहां प्राथमिक जांच में ही डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

हादसे के बाद टक्कर मारने वाली कार का चालक कार लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाली कार और चालक की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार संतोष वंशकार (50) दोराहा जोड़, राम नगर कॉलोनी में रहते थे और खेती करते थे। उनके समधी बिलकिसगंज, जिला सीहोर में रहते हैं। बुधवार दोपहर संतोष वंशकार बहू को बाइक से छोड़ने के लिए बिलकिसगंज गए थे। वहां से बुधवार रात अपने गांव जाने के लिए बाइक से निकले। इस समय वह अकेले थे और रात करीब 10 बजे के आसपास तूमड़ा जोड़ पर पहुंचे थे, तभी तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि एंबुलेंस की मदद से उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### नव विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान, दामाद पर गंभीर आरोप



भोपाल। शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित मल्टी वाजपेयी नगर में बुधवार शाम नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। नव विवाहिता के मायके पक्ष ने दामाद पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने के आरोप लगाए है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। मामला नव विवाहिता से जुड़ा होने के कारण मर्ग जांच एसीपी शाहजहांनाबाद कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार आशा सांवले (24) की शादी पांच साल पहले लालू सांवले से हुई थी। लालू प्राइवेट काम करता है। आशा सांवले भी हाउस कीपिंग का काम करती थी। आशा और लालू की दो बच्चियां है। बुधवार शाम आशा ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। गुरुवार सुबह आशा का पीएम कराया गया। इस दौरान आशा के मायके पक्ष के लोग भी पहुंचे थे। मायके पक्ष के लोगों ने पति लालू पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि आशा का पति लालू शराब पीने का आदी था। वह ठीक से काम नहीं करता था। लिहाजा आशा को काम पर जाना पड़ता था। आशा के पिता अर्जुन कैथिल का कहना है कि बेटी दामाद लालू की बार-बार शिकायत करती थी, लेकिन बच्चियां होने के कारण उसे छोड़ नहीं रही थी। वह जो भी कमाती थी लालू उसे छीनकर शराब में उड़ा दिया करता था।

### चिढ़ाने से मना करने पर किशोर को मारा चाकू

तलैया थाना क्षेत्र स्थित छह कोड़ी मंदिर के पास बच्चों के साथ खेल रहे 14 साल के किशोर पर एक युवक ने चाकू से हमला कर दिया। किशोर का कहना है कि युवक उसे मीठा कहकर चिढ़ाता था। बुधवार रात भी उसने मीठा कहकर चिढ़ाया। उसे चिढ़ाने से मना किया तो गाली-गलौज करने लगा। गाली-गलौज करने से मना करने पर उसने अपने पास रखा चाकू निकालकर हमला कर दिया। चाकू किशोर को कुल्हे पर लगा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चाकूबाजी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। गिरफ्तारी के बाद ही पता चल सकेगा कि वह बालिग है या नाबालिग? पुलिस के अनुसार 14 साल का किशोर सईदिया स्कूल के पास इस्लामपुरा तलैया में रहता है और पंचायती मदरसे में पढ़ाई करता है। मोहल्ले में रहने वाला ताहा कुरेशी उसे मीठा मीठा बोलकर चिढ़ाता है। बुधवार रात करीब साढ़े 9 बजे किशोर अपने दोस्तों के साथ मोहल्ले में छह कोड़ी मंदिर के पास खेल रहा था। इसी बीच ताहा कुरेशी आया और मीठा-मीठा कहकर चिढ़ाने लगा। किशोर को उसन चिढ़ाने से मना किया तो वह गाली-लगौज करने लगा। किशोर ने गाली देने से मना किया। इस पर ताहा ने अपने पास रखा चाकू निकाल लिया। किशोर ने चाकू देखा और भागने लगा। इसी बीच ताहा ने उसे कुल्हे पर चाकू मार दिया।

जैन धर्म के 5 सिद्धांत जीवन के कल्याण के लिए अत्यंत उपयोगी: पचौरी

# आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के पट्टाचार्य पद की प्रथम वर्षगांठ पर भव्य महोत्सव आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

जैन धर्म के आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज जी के पट्टाचार्य पद धारण की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर जैन मंदिर में भव्य महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि जैन धर्म के पांच सिद्धांत अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह मानव जीवन के कल्याण के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। उन्होंने कहा कि इन सिद्धांतों को अपनाकर समाज में शांति, सद्भाव और नैतिकता को बढ़ावा दिया जा सकता है।

गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में सभी लोगों को आशीर्वाद दिया साथ ही पूज्य आचार्य विशुद्ध सागर महाराज की अष्ट द्रव से विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की गई। इस धार्मिक आयोजन में सुरजीत बिल्ले, देवेन्द्र राजू, रमेश गौर, पंकज कोठारी, जैन समाज के अध्यक्ष सुनील जैन तामोट, मुकेश जैन, पंडित लक्ष्मी चंद, वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ जैन, अंशुल जैन, अनिकेत जैन, राजीव जैन मंडीदीप, विजय जैन, प्रदीप भंडारी, सुनील बर्धमान, एलसी जैन, अनिल चौधरी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।


भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी मुनिश्री से आशीर्वाद लेते हुए।

### संतों ने दी जीवन वृत्त पर जानकारी

महोत्सव के दौरान मुनिराज विश्व सूर्य सागर महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि पूज्य आचार्य पट्टाचार्य विशुद्ध सागर महाराज ने बचपन से ही तप, त्याग, तपस्या प्रारंभ की थी। जब वे 8 साल के थे, तब से ही धर्म प्रवहना कर रहे हैं। इस अवसर पर मुनि साध्य सागर महाराज जी ने प्रवचन में आचार्य पट्टाचार्य विशुद्ध सागर महाराज जी का पूरे विश्व में एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह ने उनके पट्टाचार्य बनने पर उनका संपूर्ण कार्यक्रम लाइव प्रसारण देखकर सरहना की।

## व्यापार महासंघ में खामोशी, अंदरूनी चर्चाओं से बढ़ी हलचल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर के व्यापार महासंघ में इन दिनों खामोशी देखी जा रही है, लेकिन अंदरूनी गतिविधियां तेज होने की चर्चा जोरों पर है। हाल ही में नीरज चावला और आशीष दीक्षित की भेंट और बातचीत ने व्यापारिक व राजनीतिक गलियारों में हलचल पैदा कर दी है।

सूत्रों के अनुसार, इस मुलाकात को लेकर व्यापार महासंघ से जुड़े कई पदाधिकारियों और सदस्यों में चिंता का माहौल है। कैलाश डब्बू नागर सहित कई व्यापारी इस घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए हैं और संभावित बदलावों को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। व्यापार महासंघ के अध्यक्ष जगदीश चंदानी, उपाध्यक्ष विवेक मित्तल, सचिव प्रदीप अरोरा, महामंत्री रतन मेघानी, सह सचिव सिद्धार्थ मित्तल, मीडिया प्रभारी दिनेश सेन, चंदीराम मेघानी, हरीश नागरानी, मनोज मेघानी, विक्रम धाड़ी, दिलीप मित्तल, विजय जैन, गिरीश चावला, अमित राय और बल्लू अरोरा सहित अन्य सदस्य इस स्थिति को लेकर चिंतित बताए जा रहे हैं। हालांकि, महासंघ की ओर से अब तक इस पूरे मामले पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, जिससे कयासों का दौर और तेज हो गया है।

हैदराबाद में आयोजित कार्यक्रम में दिया सम्मान

## भेल भोपाल को मिला 'इंडियन एक्सप्रेस पीएसई आईटी एक्सीलेंस अवॉर्ड 2026'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



बीएचईएल, भोपाल के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन ग्रुप (डीटीजी) ने आईटी क्षेत्र में अपनी तकनीकी श्रेष्ठता सिद्ध करते हुए 'इंडियन एक्सप्रेस पीएसई आईटी एक्सीलेंस अवॉर्ड, 2026' अपने नाम किया है। यह सम्मान हैदराबाद में आयोजित 'इंडिया पीएसई समिट' के दौरान प्रतिष्ठित विशेषज्ञों द्वारा प्रदान किया गया। बीएचईएल को यह पुरस्कार 'एंटरप्राइज़ एप्लिकेशन' श्रेणी में नवाचार और तकनीक के प्रभावी उपयोग द्वारा संस्थान के संचालन में सुधार और वित्तीय लाभ सुनिश्चित करने के लिए दिया गया है।

इकाई स्तर पर प्रदीप कुमार उपाध्याय, कार्यपालक निदेशक, बीएचईएल, भोपाल ने गुरुवार को एसएन श्रीवास्तव, अपर महाप्रबंधक (डीटीजी) को यह पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर गौतम मजूमदार, महाप्रबंधक (सीएमजी, पीएमजी, सीसी एवं डीटीजी) एवं एनपी सनोडिया, अपर महाप्रबंधक (आईटी) भी मौजूद थे। इस वर्ष इस श्रेणी में देशभर से अग्रणी आईटी संगठनों, उद्योग विशेषज्ञों, स्टार्टअप्स और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों की ओर से 300 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे।

कार्यपालक निदेशक उपाध्याय ने किया इस 'स्टेट-ऑफ-द-आर्ट' सुविधा का उद्घाटन

## बीएचईएल भोपाल की नई पहल... मशीनों पर क्यूआर कोड से मिलेगी मेंटेनेंस की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भेल भोपाल के इलेक्ट्रिकल मशीन विभाग के एसएसएम प्रभाग द्वारा डिजिटलीकरण एवं उन्नत ग्राहक सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, देश एवं विदेश के विभिन्न ग्राहकों को निर्मित और आपूर्ति की गई सभी आईएमएम एवं एलईएम मशीनों पर क्यूआर कोड आधारित परिचालन एवं अनुरक्षण निर्देशिका प्लेट का क्रियान्वयन किया गया है।

इस जानकारी को डिजिटलाइज्ड रूप में साझा करने की पहल का उद्घाटन गुरुवार को प्रदीप कुमार उपाध्याय, कार्यपालक निदेशक द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व विद्युत मशीन के महाप्रबंधक विकास खरे ने किया। इस अवधारणा की परिकल्पना एसएसएम विभाग के विभागाध्यक्ष अपर महाप्रबंधक आरके माइकल द्वारा की गई। वेब पेज डिज़ाइन, कोडिंग, परीक्षण एवं क्यूआर कोड निर्माण का कार्य एसएसएम विभाग के प्रबंधकों विश्वजीत रंजन मिश्रा एवं प्रिय रंजन द्वारा किया गया। यह स्टेट-ऑफ-द-आर्ट पहल मशीन पर लगाए गए क्यूआर कोड को स्कैन करने पर मशीन-विशिष्ट ओएंडएम निर्देशिका तक तुरंत पहुंचा देता है। इससे भौतिक दस्तावेजों की आवश्यकता समाप्त हो जाती है तथा नवीनतम संशोधित निर्देशिका हर समय उपलब्ध रहती है। इससे रखरखाव एवं समस्या निवारण में लगने वाला समय काफी कम हो जाता है।


क्यूआर कोड आधारित परिचालन एवं अनुरक्षण निर्देशिका प्लेट का उद्घाटन करते हुए।

कार्यप्रणाली में दक्षता बढ़ाने सुविधा पोर्टल के

## बीएचईएल में डिजिटल बिल प्रोसेसिंग पर जागरुकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीएचईएल भोपाल के वित्त विभाग द्वारा गुरुवार को डीटीजी सभागार में 'डिजिटल बिल प्रोसेसिंग प्रणाली' पर एक जागरुकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य वेंडर बिलों के डिजिटल निष्पादन के माध्यम से संस्थान के कार्यों में अधिक पारदर्शिता और गति लाना है।अतिरिक्त महाप्रबंधक (वित्त) चेतन मेहर ने पोर्टल की नवीन सुविधाओं और वेंडरों को होने वाले लाभों की जानकारी दी। वहीं वरिष्ठ प्रबंधक (डीटीजी) महेश शर्मा और इंजीनियर लक्ष्मी पटेल ने डिजिटल अप्रूवल सिस्टम की कार्यप्रणाली को व्यावहारिक उदाहरणों के साथ समझाया।




### डिजिटल प्रक्रियाओं के उपयोग का आह्वान

वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त) शिवेंद्र सिंह राजावत ने डिजिटल प्रक्रियाओं को समय की अनिवार्य बताते हुए इसके व्यापक उपयोग का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक केशव चंद्र तिवारी द्वारा किया गया। यह प्रशिक्षण संस्थान की डिजिटल कार्यसंस्कृति को मजबूत करने की दिशा में एक प्रभावी कदम है।

पिता को निजी अस्पतालों से नहीं मिला उचित परामर्श, पहुंचे सेवा सदन

# सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के डॉक्टरों की टीम ने जटिल ऑपरेशन कर नन्ही महक की आंखों में लौटाई रोशनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

समय पर सही उपचार, एडवांस तकनीक और संवेदनशील चिकित्सा सेवा का एक भावुक उदाहरण सामने आया है, जहां भोपाल के पास के छोटे से कस्बे कुरावर की पांच माह की मासूम बच्ची महक सेन की आंखों की रोशनी वापस लौट आई है।

पूजा और अंकित सेन की पुत्री महक जब केवल 2 महीने की थी, तब उसके माता-पिता ने उसकी आंखों में सफेदी (धुंधलापन) देखा। शुरुआत में उन्हें लगा कि शायद यह उसकी आंखों का प्राकृतिक रंग है और कोई गंभीर समस्या नहीं है, लेकिन आसपास के लोगों की सलाह पर उन्होंने एहतियात के तौर पर बालिका की आंखों की जांच करवाई। परिवार ने भोपाल के तीन निजी अस्पतालों में जाकर परामर्श लिया, लेकिन वहां का अनुभव संतोषजनक नहीं था। दम्पति को बालिका की दोनों आंखों के ऑपरेशन के लिए 60,000 रुपए का खर्च बताया गया। पति पत्नी को अस्पतालों के व्यवहार में संवेदनशीलता की कमी महसूस हुई, और एक डॉक्टर ने तो इलाज की आवश्यकता से भी इंकार कर दिया। इसी बीच किसी ने उन्हें सेवा सदन आई हॉस्पिटल के बारे में बताया, जहां इलाज के साथ-साथ मरीजों के प्रति संवेदनशीलता, एडवांस तकनीक और उचित शुल्क पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इसी उम्मीद के साथ वे सेवा सदन पहुंचे और यहीं से उनकी परेशानी का समाधान होना शुरू हो गया।



डॉक्टर रश्मि और माता-पिता के साथ मासूम महक

### डॉ. रश्मि आप्टे ने महक की जांच की

*सीनियर पीडियाट्रिक ऑप्थल्मोलॉजिस्ट डॉ. रश्मि आप्टे ने महक की जांच की और पाया कि उसकी दोनों आंखों में गंभीर मोतियाबिंद है, जिसका तुरंत ऑपरेशन आवश्यक है। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए डॉक्टरों की टीम ने एडवांस तकनीक के माध्यम से एक सप्ताह के भीतर दोनों आंखों की सफल सर्जरी की। दोनों आंखों का ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया और महक की आंखों की रोशनी वापस आ गई। यह पल परिवार के लिए किसी चमत्कार और भावपूर्ण प्रसन्नता से कम न था। महक के पिता अंकित सेन ने भावुक होकर कहा, 'हमारी बेटी की आंखों की रोशनी वापस आ गई है, यह हमारे लिए सबसे बड़ी खुशी है। यहां हमें न केवल बेहतर इलाज मिला, बल्कि इंसानियत और अपनापन भी मिला।*

समय पर किस्त न मिलने से हितग्राहियों के अधूरे पड़े हैं मकान

# कुमडी बिठौरी में पीएम आवास योजना ठप, बंद पंचायत भवन ने बढ़ाई ग्रामीणों की मुश्किलें


किस्त न मिलने से अधूरे पड़े मकान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज की ग्राम पंचायत कुमडी बिठौरी में प्रधानमंत्री आवास योजना प्रशासनिक लापरवाही की भेंट चढ़ रही है। पंचायत स्तर पर मॉनिटरिंग और सत्यापन न होने से कई हितग्राहियों के मकान अधूरे पड़े हैं, जिससे बारिश के मौसम में गरीबों के सिर से छत छिनने का खतरा मंडरा रहा है।

### पंचायत भवन बंद रहने से योजना का नहीं मिल रहा लाभ

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रभारी सचिव शिवराज गुर्जर के अक्सर न मिलने और पंचायत भवन बंद रहने के कारण हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ नहीं हो पा रहा है। हितग्राही मोर सिंह गोपी ने बताया कि पहली किस्त के बाद से उनके मकान का काम रुका हुआ है। जियो टैगिंग और भौतिक सत्यापन न होने के कारण अगली किस्त जारी नहीं हो सकी है। पंचायत कार्यालय समय पर न खुलने से केवल आवास ही नहीं, बल्कि जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और अन्य आवश्यक कार्य भी पूरी तरह ठप हैं। ग्रामीणों ने बताया कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण उन्हें अपने ही हक के लिए भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से प्रभारी सचिव की कार्यप्रणाली की जांच करने और आवास योजना की लंबित किस्तें जल्द जारी करवाने की मांग की है।

# दो दिनी अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक उत्सव आज से रवींद्र भवन के सभागार में

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त ललित कलाओं का एक प्रतिष्ठित परीक्षा बोर्ड, हिंदुस्थान आर्ट एंड म्यूजिक सोसाइटी द्वारा भारत एवं अन्य देशों के बीच सांस्कृतिक सौहार्द्र को बढ़ावा देने संस्था प्रत्येक वर्ष 'भारत संस्कृति यात्रा' के अंतर्गत 4-5 अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक उत्सवों का आयोजन करती आई है। 'भारत संस्कृति यात्रा' का आयोजन 1 व 2 मई को रवींद्र भवन में होने जा रहा है, जिसमें देशभर के करीब 250 प्रतिभागी प्रस्तुति देंगे। यह जानकारी पं. प्रोसेनजीत पोद्दार, सचिव, हिन्दुस्थान आर्ट एंड म्यूजिक सोसाइटी ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में दी।

प्रोसेनजीत ने बताया कि पद्मश्री पं. रोनू मजूमदार बांसुरी पर, पद्मश्री पं. तरुण भट्टाचार्य संतूर पर, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्राप्त गुरु गजेन्द्र पांडा ओडिसी नृत्य पर, पं. कैवल्यकुमार गुरव गायन पर, पं. प्रोसेनजीत पोद्दार तबला पर तथा अनेक कलाकार प्रस्तुति देंगे।

**पद्मश्री पं. रोनू मजूमदार, गुरु गजेन्द्र पांडा सहित देशभर से आए 250 प्रतिभागी देंगे संगीत, वादन और नृत्य की प्रस्तुतियां**



प्रेस वार्ता में अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक उत्सव की जानकारी देते पं. प्रोसेनजीन पद्दोर व अन्य।

### कैसे लेते हैं भाग

उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए देशभर से प्रतिभागी ऑनलाइन माध्यम से रजिस्ट्रेशन करवाते हैं, जिसमें चयनित प्रतिभागी फायनल राउंड के रुप में अपनी प्रस्तुति देते हैं और इस मंच पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर आए प्रतिभागी विदेशों में जाकर प्रस्तुति देते हैं।

### तीन कैटेगरी में आयोजित होगी प्रतियोगिता

उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता तीन कैटिगरी में होगी 11 वर्ष तक जुनियर, 11 से 16 साल सब जुनियर और 16 से ऊपर सीनियर। इनमें हर एक शास्त्रीय विद्या में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागी ।

### इन देशों में देंगे प्रस्तुति

इस प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागी अप्रैल में वियतनाम में प्रस्तुति दे चुके हैं, अब चयनित प्रतिभागी जून में मलेशिया, जुलाई में थाईलैंड, अगस्त में दुबई और नवंबर में मॉरिशस में प्रस्तुति देंगे।

---

### दुष्यंत संग्रहालय में आयोजित अंतर्नाद नाट्य समारोह का समापन

# रिश्तों, सपनों और संघर्ष की कहानी कहता 'द फाइनल ईयर' का मंचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दुष्यंत संग्रहालय में 'अंतर्नाद' नाट्य श्रृंखला का समापन गुरुवार को भावनाओं के उत्कर्ष के साथ हुआ। एंसैंबल थिएटर-इन-एजुकेशन सोसाइटी द्वारा आयोजित इस उत्सव के अंतिम दिन नाटक 'द फाइनल ईयर' का मंचन किया गया, जिसने दर्शकों के मन में लंबे समय तक रहने वाली छाप छोड़ी। एनएसडी (टीआईई) से प्रशिक्षित निर्देशक उज्ज्वल सिन्हा के सधे निर्देशन में प्रस्तुत यह नाटक युवावस्था की जटिलताओं, रिश्तों की ऊष्मा और जीवन के अनकहे संघर्षों का सजीव दस्तावेज बनकर उभरा। मंचित नाटक केवल एक नाटक नहीं, बल्कि जीवन के उस पड़ाव का प्रतिबिंब है, जहां हंसी के पीछे छिपे दर्द, और सपनों के पीछे छिपी बेचैनियां धीरे-धीरे आकार लेती हैं। 'अंतर्नाद' का यह समापन दर्शकों के मन में कई प्रश्न और भावनाये छोड़ गया, जो रंगमंच की सार्थकता को पुनः स्थापित करता है।



### इस तरह खास बनी प्रस्तुति

नाट्य प्रस्तुति की तकनीकी बारीकियों ने भी इसकी प्रभावशीलता को बढ़ाया। प्रकाश परिकल्पना मॉरिस लाज़रस द्वारा की गई, जबकि प्रकाश संचालन अंकुर सूर्यवंशी ने संभाला। देहगति में वसीम खान का योगदान उल्लेखनीय रहा, जिसने कलाकारों की मंचीय उपस्थिति को और अधिक सशक्त बनाया। नाटक के लेखक इम्तियाज़ अहमद की लेखनी ने कहानी को संवेदनशीलता और यथार्थ के धरातल पर मजबूती से स्थापित किया।



### सपनों की उड़ान और असफलता की कसक

नाटक एक कमरे के सीमित दायरे में बुनी गई यह कहानी चार किरदारों के माध्यम से अनगिनत भावनात्मक परतों को उजागर करती है। यहां सपनों की उड़ान है, असफलताओं की कसक है, दोस्ती की गर्माहट है और कुछ ऐसे रहस्य भी हैं, जो समय के साथ सब कुछ बदल देने की क्षमता रखते हैं। नाटक ने हल्के-फुल्के हास्य के साथ जीवन के गंभीर पहलुओं विशेषकर दिल टूटने और भावनात्मक टूटन को बड़ी सहजता से प्रस्तुत किया।

# व्यंग्य, संवेदना और यथार्थ की प्रभावशाली प्रस्तुति बना 'एक गधे की आत्मकथा'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

चेतना रंगसमूह द्वारा प्रस्तुत बहुचर्चित नाटक 'एक गधे की आत्मकथा' का सफल मंचन चेतना ऑडिटोरियम, नीलबड़ में किया गया। प्रख्यात साहित्यकार कृष्ण चंदर की कालजयी रचना पर आधारित इस नाटक का सशक्त नाट्य रूपांतरण अख्तर अली ने किया, जबकि इसकी परिकल्पना एवं निर्देशन आशीष श्रीवास्तव का रहा। लगभग 1 घंटा 10 मिनट की इस प्रस्तुति ने दर्शकों को हंसी, व्यंग्य और गहरी संवेदनाओं के अद्भुत मिश्रण से रूबरू कराया। यह नाटक न केवल मनोरंजन करता है, बल्कि समाज की जटिल सच्चाइयों पर तीखा प्रहार करते हुए दर्शकों को सोचने पर भी मजबूर करता है।

## 'एक गधे की आत्मकथा' ने दर्शकों को हंसाया भी, झकझोरा भी



नाटक 'एक गधे की आत्मकथा' का मंचन करते कलाकार।





### नाटक के बारे में

यह नाटक व्यंग्य और करुणा से बुनी हुई एक ऐसी कथा है, जो समाज का आईना बनकर हमारे सामने खड़ी होती है। कहानी का केंद्र पात्र रामू धोबी है, जो अपने बोलने वाले गधे की तलाश में भटकता है। यह गधा कोई साधारण पशु नहीं, बल्कि एक संवेदनशील, विचारशील और बहुभाषी चरित्र है- जो मनुष्यों की भाषा को समझता भी है और बोलता भी है। रामू की इस खोज-यात्रा के दौरान उसकी भेंट समाज के विभिन्न प्रतिनिधि पात्रों- पुलिस, प्रशासन, नेता, ढोंगी बाबा, तथाकथित बुद्धिजीवी, पागल और सरकारी अधिकारी से होती है। इन पात्रों के माध्यम से नाटक राजनीतिक पाखंड, सामाजिक विसंगतियों, आर्थिक असमानताओं और सत्ता की विडंबनाओं पर तीखा और सार्थक व्यंग्य प्रस्तुत करता है। नाटक का सबसे प्रभावशाली पक्ष गधे का मानवीय और दार्शनिक चरित्र है, जो केवल हास्य का माध्यम नहीं, बल्कि समाज की संवेदनशीलता और विडंबनाओं का प्रतीक बनकर उभरता है।

---

### देश के दिग्गज पत्रकार, लेखक आएंगे भोपाल

# हिंदी पत्रकारिता के द्विशताब्दी वर्ष पर भारत भवन में तीन दिवसीय मीडिया महाकुंभ 8 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि और वीर भारत न्यास की संयुक्त पहल पर 'प्रणाम! उदंत मार्तण्ड' शीर्षक से तीन दिवसीय राष्ट्रीय विमर्श 8, 9 और 10 मई को भारत भवन, भोपाल में होगा। शुभारंभ 8 मई को प्रातः 10.30 बजे मप्र के मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव करेंगें। विषय प्रवर्तन वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व सूचना आयुक्त उदय माहूरकर करेंगे तथा अध्यक्षता आचार्य मिथिलेशनंदिनीशरण (अयोध्या) करेंगे।

### 60 से अधिक पत्रकार, लेखक, एंकर होंगे शामिल

इस मीडिया कुंभ में देश के 9 राज्यों से विभिन्न भारतीय भाषाओं के 60 से अधिक पत्रकार, स लेखक, एंकर, विचारक, शिक्षाविद् और मीडिया विशेषज्ञ सहभागिता करेंगे। सत्रों में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, अधिवक्ता एवं लेखक जे.साईं दीपक, वरिष्ठ पत्रकार जे. नंदकुमार, विष्णु प्रकाश त्रिपाठी, नगमा सहर, सईद अंसारी, उदय सिन्हा, अमिताभ अग्निहोत्री, जयंती रंगनाथन, डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह, प्रो. कृपाशंकर चौबे, प्रो.सोमा बंदोपाध्याय, विकास मिश्र, प्रफुल्ल केतकर, प्रत्यूष रंजन, डॉ. सी. जयशंकर बाबु, शैलेश पाण्डेय, हितेश शंकर, प्रतीक त्रिवेदी, राशिद किदवई, अनिल पाण्डेय, दिलीप शर्मा, शरद गुप्ता, सलमान रावी के अलावा गुल्लक के लेखक दुर्गेश सिंह भी शामिल होंगे।

### भारत और मीडिया, नए भारत का निर्माण पर होगी चर्चा

चर्चा सत्रों में डिजिटल समय में टीवी पत्रकारिता, भारतीय पत्रकारिता का वैचारिक अधिष्ठान, भूमंडलीकरण के बाद का भारत और मीडिया, नए भारत का निर्माण, भारतीय भाषाओं का राष्ट्रीय स्वर जैसे विषयों पर चर्चा होगी। इस अवसर दो सौ वर्षों की पत्रकारिता की गौरवशाली यात्रा पर केंद्रित समाचार पत्रों की प्रदर्शनी भी लगेगी। साथ ही देश के आठ वरिष्ठ कार्टूनिस्ट अपना लाइव कार्टून शो करेंगे। इसके साथ ही विवि के विद्यार्थियों के अनुभवों पर केंद्रित पुस्तक माखन के लाल और कार्टून कथा का लोकार्पण मुख्यमंत्री मोहन यादव करेंगे।

# रंगों से शुरू, नाटक तक की यात्रा दर्शाता स्वप्नयान

## विहान ड्रामा वर्क्स की चिल्ड्रेन थिएटर विंग 'स्वप्नयान' का तीसरा दिन

**विहान ड्रामा वर्क्स की चिल्ड्रेन थिएटर विंग 'स्वप्नयान' में कार्यशाला के तीसरे दिन रंगों, खेल और थिएटर की ऊर्जा से भरा एक जीवंत वातावरण देखने को मिला। गुरुवार को आयोजित विशेष सत्र में चित्रकार रुद्राक्ष भायरे ने बच्चों के साथ चित्रकला की दुनिया को साझा किया।**





हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विहान ड्रामा वर्क्स की चिल्ड्रेन थिएटर विंग 'स्वप्नयान' में कार्यशाला के तीसरे दिन रंगों, खेल और थिएटर की ऊर्जा से भरा एक जीवंत वातावरण देखने को मिला। गुरुवार को आयोजित विशेष सत्र में चित्रकार रुद्राक्ष भायरे ने बच्चों के साथ चित्रकला की दुनिया को साझा किया। सत्र के दौरान बच्चों ने रंगों की समझ, उनके प्रयोग और चित्रों के माध्यम से अपनी कल्पनाओं को व्यक्त करना सीखा। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेते हुए बेहद सुंदर और सृजनात्मक चित्र बनाए, जिनमें उनकी स्वतंत्र सोच और आनंद स्पष्ट रूप से झलक रहा था।


कार्यशाला में बच्चों ने कल्पनाओं को उकेरा।



कार्यशाला में बनाए गए चित्र को दिखाती छात्रा।



### पारंपरिक खेलों, थिएटर गेम्स और समूह गतिविधियों में लिया भाग

दिनभर की गतिविधियों में थिएटर कलाकार श्वेता केतकर और हेमंत देवलेकर ने भी बच्चों के साथ खेल और मस्ती से जुड़े सत्र किए। पारंपरिक खेलों, थिएटर गेम्स और समूह गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने न केवल आनंद लिया, बल्कि आपसी सहभागिता, लय और अभिव्यक्ति को भी महसूस किया। इन सत्रों ने कार्यशाला के वातावरण को और अधिक जीवंत और ऊजार्वान बना दिया।

---

### गौहर महल में आयोजित स्टेट हैंडलूम एक्सपो

# सुरों में सजी शाम, आशा भोसले के गीतों से महका हैंडलूम एक्सपो

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गौहर महल परिसर में सजे स्टेट हैंडलूम एक्सपो 2026 के बीच गुरुवार की शाम सुरों की मधुर लहरियों से सराबोर हो उठी। मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम द्वारा आयोजित इस एक्सपो में संगीत संध्या का आयोजन किया गया, जो स्वर साम्राज्ञी आशा भोसले की स्मृति को समर्पित रहा। जैसे ही मंच पर सुरों की पहली झंकार गूंजी, पूरा वातावरण मानो स्वर्णिम युग की संगीत यात्रा में खो गया। भोपाल के ख्यातनाम गायक अशोक हवेलिया ने अपने साथी कलाकारों के साथ मिलकर आशा दी के सदाबहार गीतों को जीवंत कर दिया।



गौहर महल परिसर में सजे स्टेट हैंडलूम एक्सपो 2026 में गीतों की प्रस्तुति देते गीतकार।

### पिया तू अब तो आजा

पिया तू अब तो आजा, दम मारो दम, इन आंखों की मस्ती के मस्ताने हजारों हैं और रात अकेली है जैसे गीतों की प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। हर गीत के साथ दर्शक कभी तालियों की गूंज में डूबे नजर आए, तो कभी सुरों की भावनात्मक गहराई में खोते चले गए। इस संगीतमय शाम की विशेषता यह रही कि केवल गीतों की प्रस्तुति ही नहीं, बल्कि आशा जी के संगीत सफर और उनके बहुआयामी गायन की झलक भी दर्शकों के सामने प्रस्तुत की गई।

### हिंदी भवन में लघुकथा पाठ एवं विमर्श का आयोजन



# लघुकथा लेखन के साथ प्रभावी प्रस्तुतिकरण भी आवश्यकः सोनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लघुकथा शोध केंद्र समिति द्वारा हिंदी भवन के नरेश मेहता गोष्ठी कक्ष में लघुकथा पाठ एवं विमर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार गोकुल सोनी ने की। उन्होंने कहा कि लघुकथा लेखन के साथ उसका प्रभावी प्रस्तुतीकरण भी अत्यंत आवश्यक है। लेखक को समाजहित से जुड़े सिद्धांतों और मानवीय मूल्यों का सशक्त संप्रेषण करना चाहिए। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सुशीला टाकभोरे ने कहा कि लघुकथा शोध केंद्र समिति लघुकथा विधा के उन्नयन में महत्वपूर्ण कार्य कर रही है।

## बंगाल चुनाव में दोबारा वोटिंग की हलचल बढ़ी

# 77 बूथों पर री-पोल की मांग पर चुनाव आयोग ने दिखाई सख्ती, मामले की जांच के बाद लिया जाएगा अंतिम फैसला, इसको हल्के में नहीं लिया जा सकता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के बाद अब 77 बूथों पर दोबारा मतदान की मांग ने राजनीतिक हलचल बढ़ा दी है। आयोग इन शिकायतों की गंभीरता से जांच कर रहा है। दक्षिण 24 परगना जिले की चार सीटों से आई शिकायतों में ईवीएम से छेड़छाड़, कैमरों में बाधा और मतदान प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोप शामिल हैं। आयोग ने साफ किया है कि बिना पूरी जांच के कोई फैसला नहीं लिया जाएगा, लेकिन मामले को हल्के में नहीं लिया जा रहा है।

### दक्षिण 24 परगना जिले की चार सीटों से आई शिकायतों में ईवीएम से छेड़छाड़, कैमरों में बाधा और मतदान प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोप लगे

#### इन सीटों पर री-पोल की मांग उठी

- फालता से 32 शिकायतें दर्ज हुईं।
- डायमंड हार्बर से 29 शिकायतें मिलीं।
- मगराहाट से 13 और बजबज से 3 शिकायतें आईं।
- 77 बूथों पर दोबारा मतदान की मांग की गई है।
- गंभीर आरोप और शिकायतें।
- ईवीएम में छेड़छाड़ और मशीनों पर पदार्थ डालने का आरोप।
- निगरानी कैमरों को बाधित करने की कोशिश।
- मतदाताओं को प्रभावित करने के आरोप।



**शर्ट में स्पाई कैमरे रखने का भी दावा**

मगराहाट पश्चिम में एक गंभीर आरोप सामने आया है। मतदाताओं की शर्ट में स्पाई कैमरे रखने का दावा किया गया। इससे वोट की गोपनीयता पर सवाल खड़े हुए हैं।

#### चुनाव आयोग ने विशेष पर्यवेक्षक को जांच की जिम्मेजारी सौंपी

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने विशेष पर्यवेक्षक सुब्रत गुप्ता को मौके पर जांच के निर्देश दिए हैं। हर बूथ का फिजिकल निरीक्षण किया जा रहा है। अन्य पर्यवेक्षकों से भी रिपोर्ट ली जा रही है। रिपोर्ट के आधार पर ही पुनर्मतदान पर अंतिम फैसला होगा। जरूरत पड़ी तो जल्द ही दोबारा मतदान कराया जा सकता है।

### ज्ञानेश कुमार ने मतदाताओं की सराहना की



पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव 2026 ने मतदान के सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने इसे आज़ादी के बाद का 'सबसे बड़ा जनभागीदारी वाला चुनाव' बताते हुए राज्य के मतदाताओं की सराहना की है। दो चरणों में हुए इस चुनाव का समापन बुधवार को हुआ, जहां मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पहले चरण में 93 फीसदी से अधिक और दूसरे चरण में 92 फीसदी से ज्यादा मतदान दर्ज किया गया। कुल मिलाकर औसत मतदान लगभग 92.5 प्रतिशत के आसपास रहा, जो राज्य के चुनावी इतिहास में अभूतपूर्व है।

#### पिछले सभी आंकड़े टूटे

आयोग के अनुसार 2011 का चुनाव सबसे अधिक मतदान वाला माना जाता था, लेकिन इस बार के आंकड़ों ने उस रिकॉर्ड को काफी पीछे छोड़ दिया। 2016, 2021 और 1996 के चुनावों की तुलना में भी इस बार वोटिंग प्रतिशत कहीं ज्यादा रहा।दूसरे चरण में 140 से ज्यादा सीटों पर मतदान हुआ, जिसमें कई जिलों ने शानदार प्रदर्शन किया। पुरबा बर्धमान सबसे आगे रहा।

## खबर संक्षेप

### अनिल समूह से जुड़े घोटाले पर 8 मई को सुनवाई

**मुंबई।** अनिल धीरूभाई अंबानी समूह से जुड़े कथित बड़े बैंकिंग घोटाले के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने



सुनवाई को 8 मई तक टाल दिया है। यह मामला हजारों करोड़ रुपए के कथित लोन फ्रॉड से जुड़ा हुआ है। सुप्रीम कोर्ट एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसे पूर्व नौकरशाह ईएएस सरमा ने दायर किया है। 40,000 करोड़ के बैंक लोन में धोखाधड़ी का केस है।

### करिश्मा के बच्चों को राहत संपत्ति लेनदेन पर रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिवंगत संजय कपूर की संपत्ति से जुड़े एक अहम मामले में बॉलीवुड



अभिनेत्री करिश्मा कपूर के बच्चों को बड़ी अंतरिम राहत प्रदान की है। अदालत ने उनकी सौतेली मां प्रिया कपूर को संजय कपूर की संपत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का लेनदेन करने से पूरी तरह रोक दिया है। दिवंगत संजय की संपत्ति को सुरक्षित रखा जाना चाहिए।

### खेड़ा की जमानत पर तीखी बहस, फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी करने के



बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस याचिका में कांग्रेस नेता ने असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी पर कई पासपोर्ट और विदेश में अघोषित संपत्तियां रखने के आरोपों से जुड़े मामले में अग्रिम जमानत मांगी है। खेड़ा ने कहा उद्देश्य समाप्त हो जाएगा।

### कंकाल कांड पर बवाल सीएम से मांगा इस्तीफा

**भुवनेश्वर।** बैंक में कंकाल ले जाने की सनसनीखेज घटना को लेकर ओडिशा विधानसभा में जोरदार



हंगामा देखने को मिला।कांग्रेस विधायकों ने सदन में जमकर नारेबाजी की और मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग करते हुए वॉकआउट कर दिया।मामले की जांच भी तेज हो गई है। राजस्व आयुक्त आज पाटणा ब्लॉक के डिआनाली गांव पहुंचे। परिवार से बात की।

### बैंक की कैश वैन में आग बमुश्किल बचे 5 करोड़

**निवाई।** राजस्थान के निवाई क्षेत्र में एचडीएफसी की कैश वैन में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया।



यह घटना जयपुर-कोटा हाईवे पर झिलाई पुलिया के पास हुई, जब वैन जयपुर से भीलवाड़ा जा रही थी। वैन में करीब 5 करोड़ नकद रखे हुए थे, लेकिन राहत की बात यह रही कि पूरी राशि सुरक्षित बचा ली गई। तीन गार्ड, ड्राइवर अधिकारी ने जान बचाई।

## अंतर-मंत्रालयी प्रेस कांफ्रेंस में भारत सरकार ने दी जानकारी

# खरीफ के लिए देश में उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक मौजूद, प्रमुख क्षेत्रों में स्थिरता बनाएं



**नागरिकों को सहायता प्रदान करें**

### पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग तथा विदेश मंत्रालय शामिल रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित अंतर-मंत्रालयी प्रेस कांफ्रेंस (पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों पर) में भारत सरकार ने उर्वरक की स्थिति को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी है। इस ब्रीफिंग में मुख्य रूप से यह सुनिश्चित किया गया कि आगामी खरीफ सीजन के लिए देश में उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। पश्चिम एशिया में बदलती परिस्थितियों के बीच, भारत सरकार नियमित सूचनाओं के माध्यम से नागरिकों को सूचित रखने के अपने प्रयासों को जारी रखे हुए है। प्रेस वार्ता में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय तथा विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने ईंधन की उपलब्धता, समुद्री संचालन, क्षेत्र में भारतीय नागरिकों को सहायता और प्रमुख क्षेत्रों में स्थिरता बनाए रखने के लिए उठाए जा रहे उपायों के बारे में जानकारी दी। उर्वरक मंत्रालय ने उर्वरक क्षेत्र से संबंधित अद्यतन जानकारी भी साझा की।

#### प्रमुख उर्वरकों के एमआरपी में कोई बदलाव नहीं

वैश्विक उर्वरक कीमतों में भारी वृद्धि के बावजूद यूरिया की अंतरराष्ट्रीय कीमतें 4,000 रुपए प्रति बोरी से अधिक हो गई हैं। सरकार किसानों को 266.5 रुपए प्रति 45 किलो बोरी की रियायती दर पर आपूर्ति जारी रखे हुए है। यह किसानों को मूल्य अस्थिरता से बचाने के साथ सामर्थ्य और उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



उर्वरकों का स्टॉक

#### प्रेस कांफ्रेंस की मुख्य बातें

- बंपर स्टॉकः खरीफ सीजन के लिए कुल 390.54 लाख मीट्रिक टन की आवश्यकता के मुकाबले, सरकार ने 190 एलएमटी (49%) से अधिक स्टॉक पहले ही जमा कर लिया है, जो सामान्य 33% की आवश्यकता से काफी बेहतर है।
- कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहींः यूरिया 266.5 प्रति 45 किलोग्राम बैग, डीएपी 1350 और टीएसपी 1300 प्रति बैग की पुरानी दरों पर ही मिलेगा।
- अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों का सामनाः पश्चिम एशिया में हालिया तनाव के बावजूद, सरकार ने उर्वरक कंपनियों के साथ मिलकर वैश्विक स्तर पर 38.07 एलएमटी प्लस 25एलएमटी आईपीएल यूरिया का आयात सुनिश्चित किया है।

#### उर्वरक स्टॉक की स्थिति और देशभर में उपलब्धता

- खरीफ 2026 के लिए, कृषि एवं किसान संघ द्वारा उर्वरक की आवश्यकता 390.54 लाख मीट्रिक टन आंकी गई है, जबकि वर्तमान में स्टॉक लगभग 190 लाख मीट्रिक टन (49 प्रतिशत) है, जो सामान्य स्तर (लगभग 33 प्रतिशत) से काफी अधिक है। यह सरकार के अग्रिम भंडारण और कुशल रसद प्रबंधन को दर्शाता है।
- इन राज्यों में आपूर्ति की स्थिति मजबूत बनी हुई है। 1 अप्रैल, 2026 से 26 अप्रैल, 2026 की अवधि के लिए, उपलब्धता आवश्यकता से काफी अधिक है।
- यूरिया की उपलब्धता 20.54 लाख मीट्रिक टन की आवश्यकता के मुकाबले 71.40 लाख मीट्रिक टन है, डीएपी की उपलब्धता 6.67 लाख मीट्रिक टन की आवश्यकता के मुकाबले 23.09 लाख मीट्रिक टन है।

#### उर्वरकों का घरेलू उत्पादन आयात का किया समाधान

- घरेलू यूरिया उत्पादन के लिए प्राकृतिक गैस की उपलब्धता से संबंधित मुद्दों का भी समाधान कर लिया गया है, उर्वरक संयंत्रों को निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है और आवश्यकतानुसार अतिरिक्त एलएनजी/आरएलएनजी की व्यवस्था की जा रही है। वर्तमान में उर्वरक संयंत्रों के पास 97 प्रतिशत एलएनजी/आरएलएनजी उपलब्ध है। अधिकांश यूरिया संयंत्र इष्टतम स्तर पर चल रहे हैं।
- वैश्विक यूरिया निविदा- फरवरी 2026 में, भारत ने 13.07 लाख मीट्रिक टन यूरिया प्राप्त किया और अब सरकार ने आयात स्रोतों में विविधता लाकर वैश्विक निविदा के माध्यम से 25 लाख मीट्रिक टन यूरिया प्राप्त किया है।
- डीएपी, टीएसपी और अमोनियम सल्फेट के लिए वैश्विक निविदा - भारतीय उर्वरक कंपनियों ने शुक्रवार, 24 अप्रैल, 2026 को 12 लाख मीट्रिक टन डीएपी, 4 लाख मीट्रिक टन टीएसपी और 3 लाख मीट्रिक टन अमोनियम सल्फेट की खरीद के लिए संयुक्त वैश्विक निविदा जारी की है। इससे पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।
- उर्वरकों के उत्पादन के लिए आवश्यक सामग्रियों, जैसे यूरिया और फास्फोरस एवं पोटेशियम उर्वरकों की उपलब्धता में कोई बड़ी समस्या नहीं है।
- अब तक ईजीओएस की 6 बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं।

## लद्दाख पर बोले नेता प्रतिपक्ष राहुल

# युवाओं के आशियाने बदले गए लोकतांत्रिक हक भी कुचले गए



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख पर पीएम मोदी और केंद्र को घेरा है। उन्होंने एक्स पर लिखा, लद्दाख के युवाओं ने मुझे बताया कि किस तरह उनके खूबसूरत आशियाने को एक पुलिस राज में बदल दिया गया है। उनकी आवाज दबा दी गई है, लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचल दिया गया है और उनकी जमीन और नाजुक पर्यावरण को पीएम मोदी के अरबपति मित्रों के हवाले किया जा रहा है। 'एक्स' पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने दावा किया कि लद्दाख के खूबसूरत परिवेश को 'पुलिस राज' में तब्दील कर दिया गया है, जहां स्थानीय जनता की आवाज़ को दबाया जा रहा है।

#### 'पुलिस राज' और कॉर्पोरेट कब्जे का आरोप

राहुल ने पोस्ट में लद्दाख के युवाओं के साथ हुई बातचीत का हवाला देते हुए लिखा कि वहां लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि लद्दाख की जमीन और वहां के नाजुक पर्यावरण को पीएम मोदी के अरबपति मित्रों के हवाले किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास के नाम पर स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

#### स्थानीय लाभ वाला विकास चाह रही जनता

राहुल ने स्पष्ट किया कि लद्दाख के नागरिक विकास के विरोधी नहीं हैं। वहां की जनता रोजगार और नए उद्योग चाहती है, लेकिन वे ऐसा विकास चाहते हैं जिससे स्थानीय लोगों को सीधा लाभ मिले, न कि बाहरी बड़े पूंजीपतियों को। वहां के लोग अपने भविष्य और संसाधनों पर अपना अधिकार चाहते हैं।

### शाह आज करेंगे कई परियोजनाओं का उद्घाटन

## लद्दाख में डेयरी क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा



सहकारिता आधारित ग्रामीण विकास को सुदृढ़ करने की दिशा में अहम पहल के तहत केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार को लद्दाख में विभिन्न डेयरी अवसंरचना और सहकारी पहलों का उद्घाटन करेंगे। यह कार्यक्रम लेह स्थित केंद्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान में आयोजित होगा, जिसमें केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह और उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना भी मौजूद रहेंगे।

## महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए केंद्र की बड़ी पहल

### वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिलेगा

# इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने शुरू किया 'सेल्फ हेल्प ग्रुप सेविंग्स'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ग्रामीण भारत में महिलाओं की आर्थिक भागीदारी को मजबूत करने और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने की दिशा में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने एक अहम कदम उठाया है। आईपीपीबी ने गुरुवार को स्वयं सहायता समूहों के लिए विशेष रूप से समर्पित 'एसएचजी सेविंग्स अकाउंट' लॉन्च करने की घोषणा की। संचार मंत्रालय ने बताया कि यह नया खाता महिला-नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों को आसान, सुलभ और शून्य-लागत वाली बैंकिंग सुविधा प्रदान करेगा। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मदद करना है। यह खाता समावेशी विकास, टिकाऊ आजीविका जैसे राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप तैयार किया गया है।

#### महिलाएं बनेंगी सशक्त

आईपीपीबी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी आर. विश्वेश्वरन ने इस अवसर पर कहा कि एसएचजी सेविंग्स अकाउंट महिला-नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह उन्हें एक भरोसेमंद और किफायती बैंकिंग समाधान उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि इस खाते के माध्यम से स्वयं सहायता समूह औपचारिक वित्तीय तंत्र में अधिक सक्रिय भागीदारी कर सकेंगे, जिससे न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी बल्कि सतत आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी।

### कांग्रेस सांसद सुखजिंदर रंधावा ने किया बड़ा दावा

# पंजाब में लगेगा राष्ट्रपति शासन! कई 'आप' विधायक भाजपा में जाएंगे, कर रहे संपर्क

## पंजाब सरकार पर संकट गहराता जा रहा

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

गुरदासपुर से कांग्रेसी सांसद एवं पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा ने दावा किया है कि पंजाब सरकार संकट में है और आने वाले समय में सूबे में राष्ट्रपति शासन लगा सकता है। चंडीगढ़ में प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि आप के कई विधायक भाजपा के संपर्क में हैं और पार्टी छोड़ने के लिए सही समय का इंतजार कर रहे हैं। इससे सियासी गर्मी बढ़ गई है। इससे पंजाब में राजनीतिक पारा बढ़ गया है।

#### कांग्रेस का कोई सांसद-विधायक भाजपा में नहीं जा रहा



रंधावा ने स्पष्ट किया कि पूर्व सीएम चरणजीत चन्नी और उनके समेत चार कांग्रेसी सांसदों के भी भाजपा में संपर्क होने की अफवाह फैलाई गई थी मगर मैं विश्वास से बताना चाहता हूं कि कांग्रेस का कोई भी मौजूद सांसद और विधायक पार्टी छोड़ने वाला नहीं है। आम आदमी पार्टी में उथल-पुथल की स्थिति जरूर चल रही है।

#### गद्दारों ने गद्दारों से गद्दारी की

रंधावा ने कहा कि मुझसे किसी ने संपर्क नहीं किया। आप के राज्यसभा सांसदों को गद्दार कहने पर रंधावा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि गद्दारों ने गद्दारों के साथ ही गद्दारी की है क्योंकि आम आदमी पार्टी में भी बहुत से नेता ऐसे हैं जो पहले शिरोमणि अकाली दल और कांग्रेस में थे और आज वे आम आदमी पार्टी सरकार में मंत्री और अध्यक्ष के पद पर बैठे हैं। रंधावा ने कहा कि कांग्रेसियों को भाजपा में जाने की जरूरत नहीं है क्योंकि जो कांग्रेस के आला नेता पहले भाजपा में जा चुके हैं उनकी आज क्या स्थिति है वह सभी जानते हैं।


## 20 बैच में 1 हजार तीर्थयात्री जाएंगे चीन, भोलेनाथ का करेंगे दर्शन

# इस साल जून से अगस्त के बीच होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को देश के हर खासो-आम को एक खुशखबरी दी है। जिसमें यह ऐलान किया है कि इस साल पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा की शुरुआत जून से अगस्त महीने के बीच होगी।

तीर्थयात्रियों के कुल 20 बैच बनाए जाएंगे और उनमें से प्रत्येक में क्रमशः 50, 50 लोग शामिल होंगे। जिसके हिसाब से 2026 में की जाने वाली इस यात्रा में 1 हजार श्रद्धालु भारत की सीमा पार चीन में भगवान शिव और माता पार्वती के स्थानी निवास के दर्शन कर सकेंगे। यात्रा के लिए 10-10 के आकार में बैच को दो भागों में बांटा जाएगा। जिनमें 10 बैच में शामिल 500 लोग उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे के रास्ते से अपनी यात्रा का आगाज करेंगे। जबकि बाकी बचे हुए 10



बैच में शामिल 500 लोग पूर्वोत्तर भारत में सिक्किम के नाथुला दर्रे से यात्रा का शुभारंभ करेंगे। यात्रा को लेकर मंत्रालय के पास रजिस्ट्रेशन कराने की अंतिम तारीख 19 मई 2026 है। यात्रियों का चुनाव एक पारदर्शी, कंप्यूटर आधारित, रैंडम और लैंगिग समानता पर आधारित प्रक्रिया के तहत किया जाएगा।

#### वेबसाइट पर भेंजे आवेदन

मंत्रालय ने kmy.gov.in नामक एक वेबसाइट बनाई है और उसे आवेदनों को स्वीकृति प्रदान करने के लिए आमजन के लिए खोल दिया है। जो लोग इस यात्रा में जाने के इच्छुक हैं। वह विदेश मंत्रालय की वेबसाइट के इस लिंक पर जाकर ऑनलाइन अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। उन्हें इस संबंध में किसी भी तरह की जानकारी प्राप्त करने के लिए मंत्रालय के पास पत्र भेजने की कोई आवश्यकता नहीं है। जानकारी लेने के लिए वेबसाइट में मौजूद फीडबैक विकल्प का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। साथ ही रजिस्ट्रेशन से जुड़ी चीजों के बारे समझने के अलावा यात्रा में सुधार को लेकर सुझाव भी दे सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के वक्त यात्री अपनी प्राथमिकता बताते हुए दोनों मार्गों को चुन सकते हैं।

#### सामान्य होते संबंधों का प्रतीक

*ज्ञात हो कि अक्टूबर 2024 में भारत, चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में एलएसी विवाद के पूरी तरह से खत्म होने के बाद दोनों देश एक बार फिर से अपने संबंधों को पटरी पर लाने की कोशिश कर रहे हैं। जिसमें हालिया समय में लिए गए बाकी फैसलों के साथ ही कैलाश मानसरोवर यात्रा की शुरुआत करने का निर्णय भी शामिल है। 2020 में यह सैन्य विवाद शुरू हुआ था। जिसके करीब पांच साल बाद 2025 में पुनः यह पवित्र तीर्थयात्रा शुरू हुई और अब इसके नियमित क्रम में यह इसका दूसरा साल है। यात्रा का आयोजन भारत का विदेश मंत्रालय चीन की सरकार के साथ समन्वय के जरिए कर रहा है।*

### अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने दी जानकारी

# हज यात्रियों को बड़ी राहत, किराया बढ़ोतरी पर केंद्र ने लगाई लगाम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार हर भारतीय मुस्लिम के लिए हज यात्रा को सुलभ और किफायती बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मंत्रालय ने कहा कि हज 2026 के लिए हवाई किराए में संभावित भारी बढ़ोतरी को सरकार ने समय रहते नियंत्रित कर लाखों यात्रियों को बड़ी राहत दी है। मंत्रालय ने यह स्पष्टीकरण उस समय जारी किया, जब विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म पर हज हवाई किराए में बढ़ोतरी को लेकर चिंता जताई जा रही थी।



मंत्रालय ने बताया कि पश्चिम एशिया संकट के कारण ईंधन लागत बढ़ने से एयरलाइंस ने प्रति यात्री 300 से 400 डॉलर अतिरिक्त किराया मांगा था। केंद्र ने हस्तक्षेप करते हुए इस बढ़ोतरी को केवल 100 डॉलर प्रति यात्री तक सीमित कर दिया। इससे प्रत्येक हज यात्री को 300 डॉलर तक की बचत हुई है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा हम सभी का सम्मान करते हैं।

मोजतबा खामेनेई का अमेरिका को संदेश

# अपनी परमाणु क्षमताओं की रक्षा करेगा ईरान, ट्रंप बोले यूरेनियम भंडार को संभालने के लिए रूस करेगा मदद


डोनाल्ड ट्रंप और मोजतबा खामेनेई

*मोजतबा ने कहा कि देश और विदेश में रहने वाले करीब नौ करोड़ ईरानी अपने देश की सभी क्षमताओं को राष्ट्रीय संपत्ति मानते हैं। इनमें नैनोटेक्नोलॉजी, जैव प्रौद्योगिकी से लेकर परमाणु और मिसाइल तकनीक तक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि लोग इन सभी चीजों की वैसे ही रक्षा करेंगे जैसे वे अपने देश की जमीन, पानी और हवाई क्षेत्र की रक्षा करते हैं*

होर्मुज पर नियंत्रण बना रहेगा

नाकाबंदी के आगे नहीं झुकेंगे

युद्ध पर 25 अरब डॉलर खर्च : यूएस

एजेंसी ▶▶ तेहरान/ वॉशिंगटन

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने गुरुवार को कहा कि उनका देश अपनी परमाणु और मिसाइल क्षमताओं की रक्षा करेगा और उन्हें एक राष्ट्रीय संपत्ति मानता है। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इन मुद्दों पर किसी तरह का समझौता चाहते हैं। मोजतबा ने यह बयान एक लिखित संदेश में दिया।

इसे ईरान के सरकारी टेलीविजन पर पढ़कर सुनाया गया। मोजतबा ने कहा कि देश और विदेश में रहने वाले करीब नौ करोड़ ईरानी अपने देश की सभी क्षमताओं को राष्ट्रीय संपत्ति मानते हैं। इनमें अत्यंत सूक्ष्म तकनीक (नैनोटेक्नोलॉजी), जैव प्रौद्योगिकी से लेकर परमाणु और मिसाइल तकनीक तक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि लोग इन सभी चीजों की वैसे ही रक्षा करेंगे जैसे वे अपने देश की जमीन, पानी और हवाई क्षेत्र की रक्षा करते हैं।

### ईरान युद्ध पर अमेरिकी संसद में तीखी बहस

अमेरिका में ट्रंप सरकार द्वारा ईरान के खिलाफ शुरू किए गए युद्ध को लेकर संसद में तीखी बहस देखने को मिली। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ जब कांग्रेस के सामने पेश हुए, तो विपक्षी नेताओं ने युद्ध के खर्च और उद्देश्य पर सवाल उठाए। इस युद्ध पर अब तक करीब 25 अरब डॉलर खर्च हो चुके हैं। कई सांसदों ने आरोप लगाया कि बिना संसद की मंजूरी के युद्ध शुरू करना गलत है। सरकार का कहना है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम अभी भी खतरा बना हुआ है।

### अमेरिका की जगह समुद्र तल में: मोजतबा खामेनेई

*मोजतबा ने कहा कि अमेरिका की जगह केवल फारस की खाड़ी के 'समुद्र तल में' है। होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का नियंत्रण बना रहेगा। फारस की खाड़ी क्षेत्र का भविष्य अमेरिका के बिना होगा और यह क्षेत्र अपने लोगों की प्रगति व समृद्धि के लिए काम करेगा। फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के आसपास रहने वाले देशों का साझा भविष्य है और हजारों किलोमीटर दूर से आने वाली विदेशी ताकतों के लिए यहां कोई जगह नहीं है।*

### खाड़ी में विदेशी हुक्म नहीं चलेगा: पेजेशकियन

'फारस की खाड़ी राष्ट्रीय दिवस' के मौके पर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने अमेरिका और इजराइल को बहुत ही कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ईरान किसी भी विदेशी दबाव, समुद्री नाकाबंदी या धमकियों के आगे झुकने वाला देश नहीं है और वह डटकर इसका सामना करेगा। फारस की खाड़ी कोई ऐसा अखाड़ा नहीं है जहां विदेशी ताकतें आकर अपनी मर्जी थोप सकें। उन्होंने ट्रंप प्रशासन पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि ईरान के खिलाफ समुद्री पाबंदियां लगाना अंतरराष्ट्रीय नियमों का खुला उल्लंघन है। उन्होंने सख्त चेतावनी दी कि अगर फारस की खाड़ी में कोई भी अशांति या खतरा पैदा होता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी सिर्फ और सिर्फ अमेरिका और जायोनी शासन (इजराइल) की होगी।



एडमिरल शहराम बोले


### ईरान अमेरिका पर खतरनाक हथियार का इस्तेमाल करेगा

ईरानी नौसेना प्रमुख रियर एडमिरल शहराम ईरानी ने कहा कि इस्लामिक गणराज्य बहुत जल्द ऐसा हथियार इस्तेमाल करेगा जिससे दुश्मन बुरी तरह घबरा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह हथियार दुश्मन के बेहद करीब मौजूद है और तंज कसते हुए बोले, उम्मीद है कि उन्हें दिल का दौरा न पड़ जाए। उन्होंने कहा कि अमेरिकी रणनीति आर्थिक दबाव और तेल व्यापार को रोककर तेहरान को बातचीत की मेज पर लाने की कोशिश पूरी तरह नाकाम रही है। उन्होंने कहा कि दुश्मन यह मान बैठे थे कि वे कम समय में अपने लक्ष्य हासिल कर लेंगे, लेकिन अब यही सोच सैन्य अकादमियों में मजाक बन चुकी है। ईरानी कमांडर ने दावा किया कि ईरानी बलों ने अमेरिकी विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन (सीवीएन-72) के खिलाफ कम से कम सात मिसाइल ऑपरेशन अंजाम दिए, जिसके कारण कुछ समय के लिए अमेरिका उस पोत से विमान उड़ाने या हवाई अभियान चलाने में असमर्थ रहा। उन्होंने कहा कि अमेरिका और इजराइल द्वारा युद्ध शुरू किए जाने के बाद उसने अब तक 100 से अधिक जवाबी हमले किए हैं, जो पश्चिम एशिया में अमेरिकी और इजराइली ठिकानों पर केंद्रित थे।



## ट्रंप ने सोशल मीडिया पर शेयर किया- तूफान आ रहा है

अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच डोनाल्ड ट्रंप ने अपने प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक एआई-जनरेटेड तस्वीर साझा की। इस पोस्ट के साथ उन्होंने लिखा 'तूफान आ रहा है, कोई रोक नहीं सकेगा'।




### अमेरिकी सेना ने 42 जहाजों को रोका

अमेरिकी सेंट्रल कमांडर ब्रैड कूपर ने कहा है कि अमेरिकी बलों ने नाकेबंदी का उल्लंघन करने का प्रयास कर रहे 42वें वाणिज्यिक जहाज को रोका है। उन्होंने बताया कि नाकेबंदी में अभी 41 टैंकर फंसे हुए हैं। इन टैंकरों में अनुमानित 690 लाख बैरल तेल है, जिसका संभावित राजस्व 6 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक है।

### ब्रेंट क्रूड की कीमत 125 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के पार

*ईरान युद्ध को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच ब्रेंट क्रूड का दाम बृहस्पतिवार को 125 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर पहुंच गया जबकि वैश्विक शेयर बाजारों में गिरावट देखी गई। ब्रेंट क्रूड के जून में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव 6.2 प्रतिशत चढ़कर 125.36 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जबकि जुलाई में आपूर्ति वाले अनुबंधों की कीमत 3.1 प्रतिशत की बढ़त के साथ 113.85 डॉलर प्रति बैरल हो गई। फरवरी के अंत में युद्ध शुरू होने से पहले ब्रेंट क्रूड करीब 70 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था।*

### आज से दोहा के लिए फिर भारतीय विमान सेवाएं

*कतर में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर बताया कि भारतीय एयरलाइंस अब दोहा के हमाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए अपनी सेवाएं फिर से शुरू करने की तैयारी में हैं। एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस और इंडिगो एक मई 2026 से दोहा और भारत के अलग-अलग शहरों के बीच अपनी उड़ानें फिर से शुरू करने की योजना बना रही हैं।*

## होर्मुज सुरक्षा के लिए अमेरिका बनाएगा नया गठबंधन

*ट्रंप प्रशासन अब एक नए अंतरराष्ट्रीय गठबंधन को तैयार करने की कोशिश में है, जिसका उद्देश्य महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करना है। इस प्रस्तावित योजना का नाम मैरीटाइम फ्रीडम कंस्ट्रक्ट (एमएफसी) रखा गया है। इसका मकसद विभिन्न देशों को एक साथ लाकर समुद्री सुरक्षा और व्यापारिक मार्गों की सुरक्षा को मजबूत करना है। इस योजना में यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट और यूनाइटेड स्टेट्स सेंट्रल कमांड मिलकर काम करेंगे। विदेश विभाग कूटनीतिक नेतृत्व करेगा, जबकि सेंट्रल कमांड समुद्री निगरानी और सूचना साझा करने का जिम्मा संभालेगा।*

### वैश्विक देशों से समर्थन की अपील

अमेरिका अपने साझेदार देशों से इस गठबंधन में शामिल होने की अपील कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, यह भी पूछा जा रहा है कि क्या देश इस पहल में राजनयिक या सैन्य साझेदार बनना चाहते हैं। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि सामूहिक कार्रवाई से वैश्विक व्यापार मार्गों को सुरक्षित किया जा सकेगा और ऊर्जा आपूर्ति पर दबाव कम होगा।

पुतिन से बातचीत के बाद ट्रंप बोले

### यूक्रेन के साथ सीजफायर का ऐलान कर सकते हैं पुतिन



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को फोन पर हुई बातचीत के दौरान रूस की उस पेशकश को दोहराया, जिसमें वह तीसरे देश के रूप में ईरान के 970 पाउंड समृद्ध यूरेनियम के भंडार को संभालने के लिए तैयार है। अमेरिकी नेता ईरान से यूरेनियम के इस भंडार को अमेरिका को सौंपने की मांग कर रहे हैं। ट्रंप ने बताया कि पुतिन ने उनसे कहा कि वह इसमें हमारी मदद करना चाहते हैं और वह संवर्धन में शामिल होने के इच्छुक हैं। इस पर मैंने कहा कि मैं चाहूंगा कि आप यूक्रेन के साथ युद्ध समाप्त करने में शामिल हों। मेरे लिए, यह अधिक महत्वपूर्ण होगा। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पहले ही समझौते के लिए तैयार थे, लेकिन कुछ लोगों ने इसमें बाधा डाली। उन्होंने उम्मीद जताई कि अब दोनों देशों के बीच कोई समाधान जल्दी निकल सकता है।

### ईरान की धरती पर हमले अस्वीकार्य: रूस

इस बीच, रूस के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'क्रेमलिन' ने चेतावनी दी है कि अगर ईरान के खिलाफ शत्रुता फिर से शुरू होती है तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। क्रेमलिन ने कहा कि दोनों के बीच 90 मिनट से अधिक समय तक फोन पर बातचीत हुई है। राष्ट्रपति पुतिन के सलाहकार यूरी उशाकोव ने कहा कि पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति से कहा था कि ईरान की धरती पर जमीनी अभियान पूरी तरह से 'अस्वीकार्य और खतरनाक' होगा। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और ब्रिटेन की विदेश मंत्री यवेट कूपर से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही को फिर से सुरक्षित बनाने पर बात हुई।

### दीर्घकालिक और स्थाई समाधान चाहते हैं जेलेंस्की

यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने स्पष्ट किया है कि वे रूस के साथ केवल अल्पकालिक युद्धविराम नहीं, बल्कि एक दीर्घकालिक और स्थायी समाधान चाहते हैं। जेलेंस्की ने रूस द्वारा प्रस्तावित कुछ घंटों या दिनों के युद्धविराम को ठुकराते हुए कहा है कि वे 'मॉस्को में परेड के लिए कुछ घंटों की सुरक्षा' नहीं, बल्कि युद्ध का वास्तविक अंत चाहते हैं। उन्होंने जोर दिया है कि किसी भी समझौते के लिए भरोसेमंद सुरक्षा गारंटी आवश्यक है।



---

## खबर संक्षेप


### वियतनाम के राष्ट्रपति 5 मई को भारत आएंगे

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी के बुलावे पर वियतनाम के राष्ट्रपति टो लैम 5 मई को भारत आएंगे। लैम वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी की सेंट्रल कमेटी के जनरल सेक्रेटरी भी हैं। वह 5 से लेकर 7 मई तक भारत में रहेंगे। उनके साथ एक उच्च स्तरीय डेलिगेशन भी होगा, जिसमें वियतनाम सरकार के कई मंत्री और सीनियर अधिकारी शामिल होंगे। एक बड़ा बिजनेस डेलिगेशन भी साथ आएगा।



### जेएंडके को पाक का दिखाने पर माफी मांगी

**काठमांडू।** नेपाल की सरकारी स्वामित्व वाली नेपाल एयरलाइंस ने सोशल मीडिया पर साझा किए गए अपने नेटवर्क मैप में भारत के जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा दिखाने पर माफी मांगी है। एयरलाइन ने इसे एक त्रुटि बताते हुए खेद व्यक्त किया और कहा कि यह गलती अनजाने में हुई। इस तरह की गलती को सुधारा जा रहा है और भविष्य में ऐसी त्रुटि न हो, इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।



### ब्रिटेन भारत को लौटाए कोहिनूर हीरा: ममदानी

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क सिटी के मेयर जोहरान ममदानी ने कहा है कि वे ब्रिटेन के किंग चार्ल्स से कोहिनूर हीरा भारत को लौटाने के लिए कहेंगे। उन्होंने कहा कि कोहिनूर हीरा ब्रिटिश शासन द्वारा भारत से की गई लूट का प्रतीक बन चुका है। ममदानी बुधवार को 9/11 हमलों के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित एक समारोह के दौरान किंग चार्ल्स तृतीय से मिले।



राष्ट्रीय सुरक्षा शिखर सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बोले

# नया भारत आतंकवाद और उसका समर्थन करने वाले देशों में कोई भेद नहीं करता है

ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने निर्धारित लक्ष्य प्राप्त किए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि भारत के सैन्य-औद्योगिक परिसर ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि वह न केवल शांति काल की जरूरतों को पूरा करने के लिए, बल्कि युद्धकाल में तीव्र आपूर्ति और लॉजिस्टिक्स की मांगों को पूरा करने के लिए भी तत्पर है। नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सुरक्षा शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने छल या परमाणु हमले की धमकी के आगे घुटने नहीं टेके और निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त किया। यह 'नई विश्व व्यवस्था' है; इस नए वैश्विक युग का 'नया भारत' है। यह वह भारत है जो आतंकवाद और उसका समर्थन करने वालों में कोई भेद नहीं करता।


राष्ट्रीय सुरक्षा शिखर सम्मेलन को संबोधित करते राजनाथ सिंह

### साइबर क्षेत्र और अंतरिक्ष युद्ध के परिवर्तन केंद्र में एआई

राजनाथ सिंह ने कहा कि साइबर क्षेत्र, अंतरिक्ष युद्ध और सूचना प्रौद्योगिकी अभिन्न अंग बन गए हैं, और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इस परिवर्तन के केंद्र में है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इस्तेमाल की गई ब्रह्मोस जैसी अत्याधुनिक मिसाइल प्रणालियों से लेकर विभिन्न निगरानी प्लेटफार्मों तक, एआई को हर जगह अत्यंत प्रभावी ढंग से तैनात किया गया है। इसने हमारी सटीकता और आक्रमण क्षमताओं को बढ़ाया है।

### युद्ध में संतुलित रणनीति ही कारगर: एयर मार्शल दीक्षित

भारतीय वायुसेना के चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ आशुतोष दीक्षित ने कहा कि ड्रोन-मिसाइलों के साथ पारंपरिक ताकत भी जरूरी है। आधुनिक युद्ध में ड्रोन और मिसाइल भले सस्ते विकल्प लगें, लेकिन दीर्घकालिक रणनीति के लिहाज से पारंपरिक हथियार प्रणालियों के साथ संतुलित मिश्रण जरूरी है। उन्होंने कहा कि केवल लागत नहीं, बल्कि प्रभाव और लचीलापन भी अहम हैं।

### डीपफेक, नई और गंभीर चुनौतियां

राजनाथ सिंह ने कहा कि एआई को केवल आशावादी नजरिए से नहीं देखा जा सकता, क्योंकि डीपफेक, साइबर युद्ध और स्वायत्त हथियार प्रणालियां नई और गंभीर चुनौतियां पेश करती हैं। हमें इन चुनौतियों को गंभीरता से ध्यान में रखना होगा, क्योंकि आने वाले समय में ये और भी तीव्र होने वाली हैं। यदि एआई नियंत्रण से बाहर हो जाती है, तो हमारी सुरक्षा के लिए बनाया गया उपकरण ही अंततः विनाश का हथियार बन सकता है।

### 2029 तक 50,000 करोड़ का रक्षा निर्यात करेगा भारत : रक्षा सचिव

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने विश्वास जताया कि भारत 2029 तक 50,000 करोड़ रुपए के रक्षा निर्यात लक्ष्य को आसानी से पार कर जाएगा। वित्त वर्ष 2025-26 में रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 38,424 करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 62.66 प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि है। वैश्विक संघर्षों ने पारंपरिक रक्षा उपकरणों की मांग बढ़ाई है। अब सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम निर्यात वृद्धि का नेतृत्व कर रहे हैं। एशिया और अफ्रीका के देशों में भारतीय रक्षा प्रणालियों में काफी रुचि है। सरकार निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष लाइन ऑफ क्रेडिट योजना पर काम कर रही है।



इटली के रक्षा मंत्री की राजनाथ से मुलाकात

## द्विपक्षीय सैन्य सहयोग योजना पर एमओयू, मौजूदा स्थिति पर चर्चा


राजनाथ सिंह गुइडो क्रोसेटो के साथ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और इटली के बीच सामरिक रिश्ते अब एक नई ऊंचाई पर पहुंच गए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को नई दिल्ली में अपने इतालवी समकक्ष गुइडो क्रोसेटो के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और अधिक मजबूत करने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की मौजूदा सुरक्षा स्थिति पर भी अपने विचार साझा किए। बैठक के बाद राजनाथ सिंह ने एक्स पर बताया कि दिल्ली में आज अपने इतालवी समकक्ष गुइडो क्रोसेटो के साथ व्यापक बातचीत करके बहुत खुशी हुई।

### वीर जवानों को दी श्रद्धांजलि

*रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सिंह और क्रोसेटो ने दोहराया कि भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी शांति, स्थिरता, स्वतंत्रता और आपसी सम्मान के साझा मूल्यों पर आधारित है। दोनों ने विभिन्न प्रमुख समुद्री मुद्दों पर दोनों प्राचीन समुद्री राष्ट्रों के बीच सहमति को भी रेखांकित किया, जिसमें गुरुग्राम स्थित सूचना संलयन केंद्र-हिंद महासागर क्षेत्र के माध्यम से सूचनाओं का आदान-प्रदान शामिल है। बैठक से पहले, इतालवी रक्षा मंत्री ने राष्ट्रीय समर स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी। क्रोसेटो ने सेना के तीनों अंगों (थलसेना, वायुसेना और नौसेना) के सलामी गारद का निरीक्षण भी किया।*

जम्मू से श्रीनगर तक चली वंदे भारत ट्रेन

## रेल मंत्री वैष्णव ने किया शुभारंभ 5 घंटे से कम समय में यात्रा पूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जम्मू तवी रेलवे स्टेशन से विस्तारित श्रीनगर-जम्मू वंदे भारत एक्सप्रेस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेन पहले श्रीनगर से श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा तक संचालित होती थी, जिसे अब जम्मू तवी तक बढ़ा दिया गया है। नियमित सेवाएं शनिवार से शुरू होंगी। यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए ट्रेन के कोचों की संख्या भी 8 से बढ़ाकर 20 कर दी गई है। अब जम्मू से श्रीनगर तक का सफर पांच घंटे से भी कम समय में पूरा किया जा सकेगा। ट्रेन जम्मू तवी से सुबह 6:20 बजे रवाना होगी और श्री माता वैष्णो देवी कटरा, रियासी और बनिहाल स्टेशनों पर ठहराव करते हुए सुबह 11:10 बजे श्रीनगर पहुंचेगी। यानी लगभग 4 घंटे 50 मिनट में यह यात्रा पूरी होगी। वापसी में ट्रेन दोपहर 2:00 बजे श्रीनगर से चलेगी और शाम 6:50 बजे जम्मू तवी पहुंचेगी।



12,000 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दुश्मनों का काल बनेगी

# लॉन्ग-रेंज एंटी-शिप मिसाइल के जल्द ही किए जाएंगे परीक्षण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के हाइपरसोनिक हथियार कार्यक्रम में बड़ी प्रगति सामने आई है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के समीर वी कामत ने गुरुवार को बताया कि भारत का लॉन्ग-रेंज एंटी-शिप मिसाइल (एलआर-एएसएचएम) हाइपरसोनिक ग्लाइड मिसाइल कार्यक्रम अब उन्नत चरण में पहुंच चुका है और इसके शुरुआती परीक्षण जल्द किए जा सकते हैं। उन्होंने यह जानकारी राष्ट्रीय सुरक्षा शिखर सम्मेलन 2.0 के दौरान दी।


मिसाइल इनसेट में समीर कामत

### चलते और स्थिर लक्ष्यों पर निशाना

यह हाइपरसोनिक ग्लाइड मिसाइल स्थिर और गतिशील दोनों तरह के लक्ष्यों को निशाना बना सकती है। इसमें स्वदेशी एवियोनिक्स और अत्याधुनिक सेंसर लगाए गए हैं, जिससे इसकी सटीकता काफी बढ़ जाती है। यह मिसाइल मैक 10 (ध्वनि की गति से 10 गुना) यानी लगभग 12,000 किमी/घंटा तक की अधिकतम रफ्तार हासिल कर सकती है।

### लगातार दिशा बदलने में सक्षम

यह हाइपरसोनिक ग्लाइड व्हीकल क्वासी-बैलिस्टिक ट्रैजेक्टरी का पालन करता है, यानी यह पारंपरिक बैलिस्टिक मिसाइल की तरह सीधी नहीं जाती, बल्कि बीच-बीच में दिशा बदलते हुए लक्ष्य की ओर बढ़ती है। अंतिम चरण में यह अपने स्वदेशी सेंसरों की मदद से मूविंग टारगेट को भी सटीकता से हिट कर सकती है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह कम ऊंचाई पर उड़ान भरती है, बहुत तेज गति से चलती है और लगातार दिशा बदल सकती है, जिससे दुश्मन के ग्राउंड और समुद्री रडार के लिए इसे ट्रैक करना बेहद मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि सबकुछ सरकार के निर्णय पर निर्भर है। एजेंसी इसके लिए पूरी तरह तैयार है। यह एक उन्नत अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल होगी। उन्होंने बताया कि शॉर्ट-रेंज बैलिस्टिक मिसाइल 'प्रलय' परीक्षण के अंतिम चरण में है और जल्द शामिल होगी।

### ग्लाइड और क्रूज मिसाइल के बीच का समझाया अंतर

कामत ने हाइपरसोनिक ग्लाइड और हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल के बीच अंतर भी स्पष्ट किया। उनके मुताबिक, हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल में स्क्रैमजेट इंजन होता है, जो पूरी उड़ान के दौरान उसे शक्ति देता है। वहीं, हाइपरसोनिक ग्लाइड मिसाइल को शुरुआती गति देने के लिए बूस्टर का इस्तेमाल होता है, जिसके बाद यह बिना इंजन के ग्लाइड करती है। उन्होंने बताया कि ग्लाइड मिसाइल कार्यक्रम क्रूज मिसाइल की तुलना में अधिक आगे है और इसका पहला परीक्षण जल्द हो सकता है।



## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 8 | 6 | 1 | 13 |
| बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 12 |
| हैदराबाद | 9 | 6 | 3 | 12 |
| राजस्थान | 9 | 6 | 3 | 12 |
| गुजरात | 9 | 5 | 4 | 10 |
| चेन्नई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 |
| कोलकाता | 8 | 2 | 5 | 5 |
| मुंबई | 8 | 2 | 6 | 4 |
| लखनऊ | 8 | 2 | 6 | 4 |

ऑरेंज कैप



अभिषेक शर्मा
425 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
17 विकेट
बेंगलुरु

# ड्रेसिंग रूम में लगाया एक कश, पराग पर लगा 25 लाख का जुर्माना
## बीसीसीआई ने की सख्त कार्रवाई, मैच फीस का 25 फीसदी पेनल्टी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। हाल ही में पंजाब किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान पराग ड्रेसिंग रूम में कैमरे पर इलेक्ट्रिक सिगरेट पीते पकड़े गए थे।

जिसे खेल की छवि खराब करने वाला माना गया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने उनको नोटिस जारी करते हुए उन पर प्लेयर कोड ऑफ कंडक्ट (COC) के अनुच्छेद 2.1 के तहत लेवल-1 का दोषी पाया।

### पराग को हर मैच में मिलते हैं एक करोड़ रुपए

*पराग को एक संस्करण के लिए 14 करोड़ रुपये मिलते हैं। इसके हिसाब से उनकी प्रति मैच फीस लगभग 1 करोड़ रुपये बैठती है। ऐसे में 25 प्रतिशत जुर्माना करीब 25 लाख रुपये का बनता है। इसे पहली बार की गलती माना गया, इसलिए इतने बड़े जुर्माने को काफी कड़ा फैसला माना जा रहा है। आमतौर पर पहली गलती पर इतनी भारी राशि का दंड कम ही देखने को मिलता है, इसलिए यह मामला चर्चा का विषय बन गया है।*

### इन नियम के तहत मिली पराग को सजा



ड्रेसिंग रूम में धूम्रपान को लेकर पहले से कोई स्पष्ट नियम या उदाहरण मौजूद नहीं था, इसलिए बीसीसीआई ने प्लेयर कोड ऑफ कंडक्ट की धारा 2.21 लागू की है। यह धारा ऐसे व्यवहार से जुड़ी है, जिससे खेल की छवि खराब होती हो और जिसका जिक्र सीओसी में अलग से नहीं किया गया हो। इसके तहत सार्वजनिक रूप से गलत आचरण, अनुशासनहीन व्यवहार और खेल के हितों के खिलाफ की गई अनुचित टिप्पणियां भी शामिल होती हैं।

### क्या कहता है कानून?

इलेक्ट्रिक सिगरेट पीना भारत में इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम 2019 के खिलाफ माना जाता है। यह कानून ई-सिगरेट के उत्पादन, बिक्री और वितरण पर पूरी तरह रोक लगाता है। पहली बार नियम तोड़ने वालों के लिए एक साल तक की जेल और एक लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि पराग का मामला सिर्फ बीसीसीआई के जुर्माने तक सीमित रहता है या फिर उन्हें कानूनी परेशानियों का भी सामना करना पड़ सकता है।

### आईपीएल 2026 में खामोश रहा है पराग का बल्ला

आईपीएल 2026 में पराग ने 9 पारियों में 14.62 की बेहद खराब औसत के साथ सिर्फ 117 रन बना पाए हैं। इस दौरान उनकी स्ट्राइक रेट 124.46 की रही है। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 29 रन है। उनकी टीम 6 मैच जीत चुकी है।




## खबर संक्षेप

### विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप के लिए आर्थिक मदद मंजूर

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने हाल में आयरलैंड में खत्म हुई आईबीएसएफ विश्व पुरुष बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में भारत की भागीदारी के लिए आर्थिक सहायता मंजूर की है। इसके तहत 2026 के विश्व चैंपियन सौरव कोठारी, कई बार के वर्ल्ड चैंपियन पंकज आडवाणी और कोच अशोक शांडिल्य को मदद दी गई है। यह चैंपियनशिप बुधवार को खत्म हुई। इसमें इन तीनों खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय खेल संघों को सहायता योजना के तहत सरकार से मिले फंड से हिस्सा लिया। साइ ने टीम की भागीदारी के लिए भारतीय बिलियर्ड्स एंव स्नूकर महासंघ को लगभग 6.46 लाख रुपये के खर्च की मंजूरी दी। इस खर्चे में यात्रा, रहने-खाने और प्रतियोगिता से जुड़े अन्य जरूरी खर्च शामिल हैं। कोठारी ने आयरलैंड के कारलो में हमवतन आडवाणी को 1133–477 के बड़े अंतर से हराकर आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप का अपना खिताब बरकरार रखा।

### रोड्स, क्लासेन और फाफ ने मिलकर ईटीपीएल की रोटरडम फ्रेंचाइजी खरीदी

**रोटरडम।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटरों जोंटी रोड्स, फाफ डु प्लेसी और हेनरिक क्लासेन ने मिलकर यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) की रोटरडम फ्रेंचाइजी खरीदी है। रोटरडम फ्रेंचाइजी प्रतियोगिता के पहले सत्र में हिस्सा लेगी जिसका आयोजन 26 अगस्त से 30 सितंबर तक किया जाएगा। अन्य शहर आधारित फ्रेंचाइजी ग्लास्गो, एम्सटरडम, एडिनबर्ग, डबलिन और बेलफास्ट हैं। डु प्लेसी ने बयान में कहा, ''ईटीपीएल में जोंटी और क्लासेन के साथ मिलकर एक फ्रेंचाइजी हासिल करना मेरे लिए बहुत खास है। टीम के मालिक बनने की दिशा में यह मेरा पहला कदम है और इसका समय इससे बेहतर नहीं हो सकता था क्योंकि यूरोपीय क्रिकेट आगे बढ़ रहा है।

*गिल ने 43 रन बनाए अरशद को 3 विकेट*

*आरसीबी 12 अंक के साथ दूसरे स्थान पर*

# बेंगलुरु सीजन में तीसरा मैच हारी गुजरात ने चार विकेट से हराया

भाषा ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात टाइटन्स ने अनुशासित गेंदबाजी के बाद कप्तान शुभमन गिल (18 गेंद में 43 रन) और जोस बटलर (19 गेंद में 39 रन) की अच्छी शुरूआत की मदद से बृहस्पतिवार यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को चार विकेट से शिकस्त दी। गुजरात टाइटन्स ने गिल (चार चौके, तीन छक्के) और बटलर (दो चौके, चार छक्के) के अलावा अंत में राहुल तेवतिया की नाबाद 27 रन (17 गेंद में चार चौके) पारी मदद से 15.5 ओवर में छह विकेट पर 158 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। जेसन होल्डर (29 रन देकर दो विकेट) ने गेंदबाजी के अलावा क्षेत्ररक्षण में भी कमाल दिखाते हुए तीन शानदार कैच लपके। इस तरह गुजरात टाइटन्स ने आरसीबी को 19.2 ओवर में महज 155 रन पर ऑल आउट कर दिया। आरसीबी की टीम इस सत्र में पहली बार ऑल आउट हुई। उसके लिए देवदत्त पडीक्कल 40 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे जबकि विराट कोहली ने 28 रन और कप्तान रजत पाटीदार ने 19 रन का योगदान दिया। गुजरात टाइटन्स (10 अंक) की यह लगातार दूसरी जीत थी जिससे वह पांचवें स्थान पर कायम है जबकि आरसीबी (12 अंक) की यह नौ मैच में तीसरी हार है जिससे वह तालिका में अपने दूसरे स्थान पर बरकरार है। तेज गेंदबाजी के अगुआ भुवनेश्वर कुमार ने नयी गेंद से शानदार प्रदर्शन करते हुए चार ओवर में 28 रन देकर तीन विकेट झटके जिसमें शीर्ष तीन बल्लेबाजों गिल, बटलर और साई सुदर्शन (06) के विकेट शामिल थे। जबकि जोश हेजलवुड (56 रन देकर कोई विकेट नहीं) महंगे साबित हुए जिन्होंने दूसरे ओवर में दो छक्के और तीन चौके से 24 रन लुटाए। रोमारियो शेफर्ड ने अपने दूसरे ओवर में वाशिंगटन सुंदर (12 रन) और शाहरूख खान (08) के विकेट झटके। लेकिन लक्ष्य इतना छोटा था कि गुजरात टाइटन्स छह विकेट गिरने के बावजूद आसानी से लक्ष्य तक पहुंच गई।



### बेंगलुरु-155/10 (19.2)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| जैकब का राशिद बो सिराज | 05 |
| विराट का राशिद बो रबाडा | 28 |
| देवदत्त पडीक्कल बो राशिद | 40 |
| रजत का होल्डर बो अरशद | 19 |
| जितेश का बटलर बो होल्डर | 01 |
| टिम डेविड का होल्डर बो राशिद | 09 |
| कृणाल का होल्डर बो अरशद | 04 |
| शेफर्ड का सुदर्शन बो होल्डर | 17 |
| वेंकटेश का सुदर्शन बो अरशद | 12 |
| भुवनेश्वर कुमार नाबाद | 15 |
| जोश हेजलवुड रन आउट | 00 |

अतिरिक्त : 05
कुल योग : 19.2 ओवर में 155 रन पर सभी आउट
विकेट पतन : 1-34, 2-35, 3-79, 4-80, 5-91, 6-96, 7-126, 8-126, 9-155
गेंदबाजी: सिराज 4-0-38-1, रबाडा 4-0-44-1, होल्डर 4-0-29-2, अरशद 3.2-0-22-3, राशिद 4-0-19-2

### गुजरात-158/6 (15.5)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| साई का जितेश बो भुवनेश्वर | 06 |
| शुभमन का कोहली बो भुवनेश्वर | 43 |
| जोस बटलर बो भुवनेश्वर | 39 |
| वाशिंगटन पगबाधा बो शेफर्ड | 12 |
| शाहरूख का हेजलवुड बो शेफर्ड | 08 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 27 |
| होल्डर का पडिक्कल बो सूयश | 12 |
| राशिद खान नाबाद | 07 |

अतिरिक्त : 04
कुल योग : 15.5 ओवर में छह विकेट पर 158 रन
विकेट पतन : 1-42, 2-57, 3-92, 4-109, 5-111, 6-141
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-28-3, हेजलवुड 4-0-56-0, सूयश 3.5-0-44-1, शेफर्ड 4-0-30-2



### कड़ी टक्कर देने वाली राजस्थान और कैपिटल्स के बीच आज होगी भिड़ंत

**जयपुर।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का 43वां मुकाबला राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जाएगा। आरआर ने इस संस्करण अब तक 6 मुकाबलों में जीत दर्ज की है। वहीं, 3 मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा है। डीसी की टीम को 3 मैच में जीत और 5 मुकाबलों में हार मिली है। आरआर और डीसी के बीच यह मुकाबला 1 मई को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में रात 7:30 बजे से खेला जाएगा। आरआर के लिए वैभव ने पिछले 10 मैचों में 227.36 की स्ट्राइक रेट से 457 रन बनाए हैं। यशस्वी के बल्ले से पिछले 10 मैचों में 342 रन निकले हैं। डीसी के लिए राहुल ने पिछले 10 मैच में 183.63 की स्ट्राइक रेट से 404 रन बनाए हैं। गेंदबाजों में आर्चर ने पिछले 9 मैच में 8.27 की इकॉनमी से 14 विकेट लिए हैं। डीसी से कुलदीप ने पिछले 9 मैचों में 9.58 की इकॉनमी से 10 विकेट चटकाए हैं।

- मुकाबला 1 मई को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में रात 7:30 बजे से

विश्व टीम टेबल टेनिस

### भारत ने कड़े मुकाबले में स्लोवाकिया को हराया




एजेंसी ▶▶ लंदन

भारत की पुरुष टीम ने यहां आईटीटीएफ विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप के रोमांचक ग्रुप सात मुकाबले में वापसी करते हुए स्लोवाकिया को 3-2 से हरा दिया। इस जीत के साथ भारत ग्रुप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया और ग्वाटेमाला के खिलाफ अगले मुकाबले से पहले अपनी स्थिति मजबूत कर ली। स्लोवाकिया के खिलाफ मुकाबला उतार-चढ़ाव भरा रहा लेकिन अंत में भारत ने दबाव में धैर्य और दृढ़ता दिखाते हुए जीत हासिल की। स्लोवाकिया ने शुरुआत में ही बढ़त बना ली जब दुनिया के 149वें नंबर के खिलाड़ी लुबोमीर पिस्टेज ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए 51वीं रैंकिंग वाले मानुष शाह को पांच गेम में 11-8, 5-11, 8-11, 11-5, 11-6 से हरा दिया। भारत के दुनिया के 42वें नंबर के खिलाड़ी मानव ठक्कर ने इसके बाद याकूब जेलिंका को सीधे गेम में 11-6, 11-8, 11-6 से हराकर मुकाबले को 1-1 से बराबर कर दिया। हालांकि तीसरे मुकाबले में स्लोवाकिया ने फिर से बढ़त बना ली जब वांग यांग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हरमीत देसाई को 16-14, 11-5, 11-9 से हराया। भारत ने 1-2 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी की। मानव एक बार फिर संकटमोचक बनकर उभरे और उन्होंने लुबोमीर को 11-3, 11-3, 11-3 से करारी शिकस्त देकर मुकाबला फिर से बराबर कर दिया। बाएं हाथ के खिलाड़ी मानुष ने निर्णायक मुकाबले में दबाव के बावजूद शानदार प्रदर्शन किया। और याकूब को 11-8, 11-8, 11-7 से हराकर भारत को 3-2 की महत्वपूर्ण जीत दिलाई।

# आईपीएल में 9,000 रन पूरे करने वाले पहले बल्लेबाज बने विराट कोहली

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 39वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने कीर्तिमान स्थापित किया है। दरअसल, कोहली आईपीएल के इतिहास में 9,000 रन पूरे करने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले के दौरान अपने 11 रन पूरे करते ही ये आंकड़ा छूआ है।



### बेमिसाल रहा है कोहली का आईपीएल करियर

कोहली ने 275वें मैच में अपने 9,000 रन पूरे किए हैं। उन्होंने अपने बेमिसाल करियर में लगभग 40 की औसत और 133.80 की स्ट्राइक रेट के साथ 9,012 रन बनाए हैं। वह लीग में सर्वाधिक 8 शतक और 66 अर्धशतक भी लगा चुके हैं। आईपीएल में उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 113 रन रहा है। आईपीएल के इतिहास में कोहली के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज 8,000 रन भी नहीं बना सका है।

### आईपीएल में सर्वाधिक रन बनाने वाले कप्तान हैं कोहली

कोहली 2013 से 2021 के बीच पूर्णकालिक कप्तान के रूप में आरसीबी के लिए खेले। उन्होंने टीम का नेतृत्व करते हुए भी बल्ले से निरंतर बेहतर प्रदर्शन किया था। यही कारण है कि कोहली के नाम कप्तान के रूप में सबसे अधिक आईपीएल रन बनाने का रिकॉर्ड है।

# वैभव बने एक संस्करण में सबसे तेज 400 रन बनाने वाले बल्लेबाज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 40वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने 43 रन की धमाकेदार पारी खेली। इस दौरान उन्होंने इस संस्करण 400 रन पूरे कर लिए। वह आईपीएल के



इतिहास में एक संस्करण में सबसे तेज 400 रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के पूर्व दिग्गज आंद्रे रसेल का रिकॉर्ड तोड़ा। वैभव ने 16 गेंदों का सामना किया और 43 रन बनाए। उनके बल्ले से 3 चौके और 5 छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 268.75 की रही। ये खिलाड़ी आईपीएल 2026 में 400 रन बनाने वाला पहला बल्लेबाज बना। वैभव ने 9 मुकाबले खेले हैं और इसकी 9 पारियों में 44.44 की औसत और 238.09 की स्ट्राइक रेट से ये रन बनाए हैं। उनके बल्ले से एक शतक और 5 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 103 रन रहा है।

थॉमस कप फाइनल्स

# क्वार्टर फाइनल में आज चीनी ताइपे से भिड़ेगी भारतीय टीम



एजेंसी ▶▶ होर्सेंस (डेनमार्क)

भारत थॉमस कप फाइनल्स के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को चीनी ताइपे की मजबूत टीम से भिड़ेगा और इस मुकाबले को जीतकर अपने दूसरे खिताब की ओर बढ़ने की कोशिश करेगा। भारत ने चार साल पहले अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल करते हुए थॉमस कप का खिताब जीता था जो बैडमिंटन की विश्व टीम चैंपियनशिप है।

इस बार भारत ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है और उसका सामना चीनी ताइपे से होगा जिसने अब तक यह टूर्नामेंट नहीं जीता है।

### भारत के अभियान की जोरदार शुरुआत

भारत ने अपने अभियान की शुरुआत जोरदार तरीके से करते हुए कनाडा को 4-1 से हराया। टीम ने इसके बाद ऑस्ट्रेलिया का 5-0 से शिकस्त दी लेकिन चीन को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद उसे 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। ग्रुप सी में शीर्ष पर रही चीनी ताइपे की टीम काफी मजबूत नजर आ रही है जिसकी अगुवाई दुनिया के नंबर छठे नंबर के एकल खिलाड़ी चोउ टिएन चेन कर रहे हैं। उनके साथ दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी और मौजूदा ऑल इंग्लैंड चैंपियन लिन चुन-यी और दुनिया के 21वें नंबर के खिलाड़ी ची यू जेन टीम की एकल चुनौती को बेहद मजबूत बनाते हैं।

### चीन के पास वर्तमान में आक्रामक खिलाड़ी

*मौजूदा समय के सबसे आक्रामक खिलाड़ियों में से एक चुन-यी ने पिछले महीने ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के फाइनल में लक्ष्य सेन को हराकर खिताब जीता था। टीम में 2025 ऑल इंग्लैंड के उपविजेता चिया हाओ ली भी शामिल हैं। युगल में ताइपे के पास चिउ सियांग चीह और वांग ची-लिन की दुनिया की 14वें तथा ली झे-हुई और यांग पो-सुआन की दुनिया की नंबर 16वें नंबर की जोड़ी है। भारतीय टीम काफी अच्छी लय मेंदूसरी ओर भारत की टीम काफी अच्छी लय में नजर आ रही है। उसके एकल और युगल दोनों ही खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप की अपनी बेहतरीन लय को यहां भी बरकरार रखा है। उस चैंपियनशिप में वह उपविजेता रहे थे।*

## आशीष, मुनाफ, जहीर डाल चुके हैं 19 डॉट बॉल
# एक पारी में सुयश और चहार ने कीं सबसे ज्यादा 20 डॉट बॉल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक इतिहास में जहां बल्लेबाज चौके-छक्कों की बारिश कर सुर्खियां बटोरते हैं। वहीं, गेंदबाज भी अपनी कसी हुई लाइन-लेंथ से मैच का रुख बदलने का दम रखते हैं।

एक पारी में 20 डॉट गेंदें फेंकना किसी भी गेंदबाज के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। यह आंकड़ा उनकी सटीकता, दबाव बनाने की क्षमता और खेल पर पकड़ को दर्शाता है।

### सुयश शर्मा

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्पिन गेंदबाज सुयश शर्मा आईपीएल में 20 गेंदें डॉट डालने वाले एकमात्र अन्य गेंदबाज हैं। उन्होंने आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 4 ओवर गेंदबाजी की थी और 1 मेडन के साथ 7 रन देकर 1 विकेट लिया था। उनकी इकॉनमी 1.80 की रही थी। डीसी मैच में सिर्फ 75 रन पर बनाकर ऑलआउट हो गई थी। आरसीबी को उस मुकाबले में 9 विकेट से शानदार जीत मिली थी।



### दीपक चाहर

इस सूची में पहले स्थान पर तेज गेंदबाज दीपक चाहर हैं। इस खिलाड़ी ने आईपीएल 2019 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में 20 डॉट गेंदें डाली थी। उस समय दीपक चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम का हिस्सा थे। अभी वह मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हैं। दीपक ने 4 ओवर में 20 रन खर्च कर 3 विकेट चटकाए थे। उनकी इकॉनमी 5 की थी। CSK को उस मैच में 7 विकेट से जीत मिली थी।

### आठ गेंदबाजों ने डाली हैं 19 डॉट गेंदें

*आईपीएल के इतिहास में 8 गेंदबाज ऐसे हैं, जिन्होंने एक पारी में 19 गेंदें डॉट डाली हैं। ये गेंदबाज फिडेल एडवर्ड्स (बनाम केकेआर, 2009), आशीष नेहरा (बनाम पीबीकेएस, 2009), मुनाफ पटेल (बनाम केकेआर, 2009), एस श्रीसंथ (बनाम डीसी, 2011), जहीर खान (बनाम सीएसके 2015), हर्षल पटेल (बनाम केकेआर, 2022), उमरान मलिक (बनाम आरसीबी 2022) और मोहम्मद शमी (बनाम डीसी, 2023) हैं।*

# अज्ञात लोडिंग वाहन की टक्कर से युवक की मौत




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित गांव उंदरई में अज्ञात लोडिंग वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा गुरुवार सुबह करीब दस बजे के आसपास का बताया जा रहा है।

इस हादसे में एक अन्य युवक घायल हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस को घायल युवक के बारे में जानकारी अस्पताल से नहीं मिली है। पुलिस के अनुसार राजू गुर्जर पिता भंवरलाल गुर्जर (35) गांव उंदरई, गुनगा में रहता था और किसानी के साथ प्राइवेट काम करता था।

## आठ साल के मासूम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

इसी थाना क्षेत्र स्थित गांव शाहपुर में आठ साल के मासूम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। पुलिस के अनुसार आयुष मीणा (8) गांव शाहपुर, गुनगा में रहता था। गत शुक्रवार 24 अप्रैल की रात तबीयत बिगड़ने पर पिता उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचा था। वहां इलाज कराने के बाद सुधार नहीं हुआ तो पिता हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचा। हमीदिया अस्पताल में गुरुवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पिता ने बताया कि आयुष को मिर्गी के दौरे आते थे। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि पिता शराबी है। दो साल पहले मां उसे छोड़कर चली गई। आयुष को या तो उसके पिता या फिर किसी ने शराब पिलाई थी। हालांकि पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार किया जा रहा है।

## सिक्योरिटी गार्ड ने लगाई फांसी

अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित भीम नगर टू में सिक्यौरिटी गार्ड ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय वह घर पर अकेला था। परिजन का कॉल रीसिव नहीं करने के कारण पड़ोसी उसके घर पहुंचा और दरवाजा खटखटाया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। पड़ोसी ने दरवाजा तोड़ा तो गार्ड फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। पुलिस के अनुसार राजेंद्र अहिरवार पिता रामचरण अहिरवार (25) भीम नगर टू, अरेरा हिल्स में रहता था। वह प्राइवेट कंपनी में सिक्यौरिटी गार्ड बतौर नौकरी करता था।

## युवक का साथी भी हुआ घायल

गुरुवार सुबह वह गांव के एक अन्य युवक के साथ बाइक से निकला था। गांव में ही सुबह करीब दस बजे के आसपास कोड़िया सनखेड़ी रोड पर उसकी बाइक को किसी अज्ञात लोडिंग वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद राजू और उसके साथी को अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर राजू को मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि अस्पताल से केवल राजू गुर्जर की मौत की जानकारी मिली है। घायल के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। अनुमान है कि घायल को किसी अन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## कर्ज से परेशान होकर रेपिडो चालक ने लगाई फांसी

कोलार थाना क्षेत्र स्थित 610 क्वार्टर झुग्गी में रेपिडो चालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि उस पर कर्ज था। हालांकि कितना कर्ज था यह परिजन नहीं बता सके हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार उत्तम सिंह चौहान (45) 610 क्वार्टर झुग्गी, पिपलानी में रहता था और रेपिडो बाइक चलाता था। उसके परिजन बाहर गए हुए हैं। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे उसका साढ़ूभाई राधेश्याम मेहरा उससे मिलने उसकी झुग्गी पर पहुंचा। इस दौरान झुग्गी के दरवाजे खुले हुए थे। राधेश्याम अंदर पहुंचा तो उसने उत्तम सिंह का शव फांसी के फंदे पर लटका देखा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी पहुंच गए थे। परिजन की मौजूदगी में शव का पीएम कराया गया। परिजन से पूछताछ में पता चला कि उत्तम सिंह पर कर्ज था।

सिवनी पुलिस हवाला कांड

# कोर्ट ने कहा- कॉल डिटेल से अपराध सिद्ध नहीं होता

### डीएसपी, कारोबारी और कॉन्स्टेबल को राहत



हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

सिवनी हवाला कांड में जबलपुर हाईकोर्ट ने कॉन्स्टेबल नीरज राजपूत की याचिका खारिज कर दी है। साथ ही, डीएसपी पंकज मिश्रा, कॉन्स्टेबल प्रमोद सोनी और कारोबारी पंजू गिरी गोस्वामी पर दर्ज एफआईआर समेत आपराधिक कार्यवाही रद्द करने के आदेश दिए हैं। नीरज राजपूत फिलहाल जेल में है। डीएसपी पंकज मिश्रा, कॉन्स्टेबल प्रमोद सानी और कारोबारी पंजू गिरी गोस्वामी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष दत्त, प्रकाश उपाध्याय और अंकित सक्सेना ने पक्ष रखा। दरअसल, 8 अक्टूबर 2025 को सिवनी डीएसपी पूजा पांडेय ने टीम के साथ सीलादेही चौक पर महाराष्ट्र के हवाला कारोबारी सोहनलाल परमार की कार से 2.96 करोड़ रुपए जब्त किए थे। पुलिस पर आरोप था कि रिकॉर्ड में सिर्फ 1.45 करोड़ रुपए दिखाए और बाकी रकम पुलिस ने आपस में बांट ली। इस मामले में लखनवाड़ा थाना में एसडीओपी पूजा पांडेय, डीएसपी पंकज मिश्रा समेत 11 पर केस दर्ज किया था। मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस हिमांशु जोशी की सिंगल बेंच ने टिप्पणी करते हुए कहा कि कॉल डिटेल रिकॉर्ड से अपराध सिद्ध नहीं कर सकते, क्योंकि आरोपियों ने साजिश की है ऐसे कोई तथ्य कोर्ट के समक्ष पेश नहीं हुए है।

## 'मुस्कान अभियान' में 10 नाबालिगों को सुरक्षित खोजा

**भोपाल।** जीआरपी भोपाल ने 'मुस्कान अभियान' के तहत बड़ी कामयाबी हासिल की है। अप्रैल महीने में पुलिस ने कुल 10 गुम और अपहत नाबालिग बच्चों को सुरक्षित बरामद किया गया है। इनमें 5 बच्चे अपहरण के शिकार थे, जबकि 5 बच्चे गुमशुदा थे। यह अभियान पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व उप पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जीआरपी टीम ने यह सफलता हासिल की। पुलिस के मुताबिक, ये बच्चे भोपाल रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में अकेले या लावारिस हालत में घूमते हुए मिले। पुलिस ने सभी को सुरक्षित उनके परिजनों के हवाले कर दिया। बरामद किए गए बच्चों में मध्य प्रदेश के साथ-साथ उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और कर्नाटक के बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि 'मुस्कान अभियान' का मुख्य उद्देश्य बच्चों को जल्द से जल्द ढूंढकर उन्हें उनके परिवार से मिलाना है।

# बड़े भाई से लेनदेन का विवाद, छोटे भाई से मारपीट कर छीनकर ले गए लैपटॉप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित कांग्रेस कॉलोनी में लेनदेन के विवाद में छात्र के रूम पर पहुंचे युवकों ने छात्र से मारपीट करते हुए उसका लैपटॉप छीन लिया। छीने गए लैपटॉप की कीमत 62 हजार रुपए बताई जा रही है। घटना के समय छात्र रूम पर अकेला था।

गांव से रूम पार्टनर लौटे और छात्र को लेकर थाने पहुंचे। वहां छात्र ने पुलिस को आपबीती सुनाई। पुलिस ने दो नामजद आरोपियों सहित उनके साथियों पर घर में घुसकर मारपीट कर लूटपाट करने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार ओम पटेल, मूलतः पिपरिया का रहने वाला है। वह शिक्षक कांग्रेस कॉलोनी, बागसेवनिया में किराए से रहता है और निजी कॉलेज से थर्ड ईयर की पढ़ाई कर रहा है। उसके



साथ दो रूम पार्टनर भी रहते हैं। गत दिनों रूम पार्टनर पिपरिया गए हुए थे। ओम पटेल ने पुलिस को बताया कि गत 26 अप्रैल की शाम वह रूम पर अकेला था। इसी बीच मिलन चौधरी, राज पटेल अपने साथियों के साथ रूम पर पहुंचा। वह कहने लगा कि तेरे भाई ने मुझसे पैसे लिए है। ओम ने भाई से बात कराई और कहा कि पैसे वह दे चुका है और लेनदेन उससे है मुझे क्यों गालियां दे रहे हो। इस पर आरोपियों ने ओम से मारपीट की और उसका लैपटॉप छीनकर ले गए।

## डर के कारण देरी से की शिकायत

ओम पटेल ने बताया कि मिलन चौधरी और उसके साथियों ने मारपीट करते हुए धमकी दी थी कि यदि किसी से कुछ कहा या थाने में शिकायत की तो जान से खत्म कर देंगे। लिहाजा डर के कारण उसने शिकायत नहीं की। बाद में उसके रूम पार्टनर पिपरिया से भोपाल पहुंचे। उन्होंने ओम से पूछताछ की और उसे लेकर थाने पहुंचे। वहां शिकायत दर्ज कराई।

भोपाल कलेक्टर की पहल

# बैरसिया में आवेदकों को सामने बैठाकर होगी जनसुनवाई

### एक-एक आवेदक की सुनी जाएंगी समस्याएं, होगा निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नवागत कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने आगामी 5 मई को होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई को बैरसिया तहसील में करने का फैसला लिया है। जिसके तहत जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों को सामने बैठाकर उनकी समस्याएं सुनी जाएंगी।

वहां मौजूद जिला स्तरीय अधिकारी यह भी बताएंगे कि इस समस्या का समाधान किया जा सकता है या नहीं। कलेक्टर ने पिछली जनसुनवाई में भी इसी तरह आवेदकों की समस्याएं सुनी थीं। बैरसिया में होने वाली जनसुनवाई के साथ कलेक्टोरेट में भी जनसुनवाई होगी। जिसमें लोगों की समस्याएं एडीएम, एसडीएम सहित अन्य विभागों के अधिकारी सुनेंगे। जिला स्तरीय कलेक्टर जनसुनवाई का आयोजन तहसील कार्यालय बैरसिया में सुबह 10 बजे किया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों के आवेदनों को पहले जिला स्तरीय अफसर सुनेंगे। इसके बाद आवेदक को बताएंगे कि इस प्रकरण में समाधान कैसे किया जा सकता है। नवागत कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के जनसुनवाई बैरसिया तहसील में करने से लोगों को लाभ मिलेगा।

## मादक पदार्थ एमडी की तस्करी के दोषियों को 10 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** मादक पदार्थ एमडी पावडर की तस्करी कर अवैध रूप से बेचने वाले अभियुक्तगण मोहसिन खान एवं आसिफ खान को विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) डॉ. मुकेश कुमार मलिक ने एनडीपीएस एक्ट 1985 की धारा-8/22 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 200000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक विक्रम सिंह एवं मनोज त्रिपाठी द्वारा पैरवी की गई है। आरोपीगण के विरूद्ध अपराध क्रमांक 82/2024 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, विवेचना उपरान्त अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

मातम में बदल गईं खुशियां

# बारातियों से भरी बस पलटने से 3 की मौत

8 यात्रियों की हालत बेहद गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

ब्यावरा सिटी थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे पर गुरुवार को एक हृदय विदारक सड़क हादसा हो गया। यहां काचरी जोड़ के समीप बारातियों से भरी तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 26 लोग घायल हुए हैं। घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार बस अंबाह (मुरैना) के गछेड़ गांव से उज्जैन की ओर जा रही थी। बस में सवार सभी लोग शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे, लेकिन काचरी गांव के पास हाईवे पर बस अचानक अपना




संतुलन खो बैठी और पलट गई। ब्यावरा सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को तत्काल ब्यावरा सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों के अनुसारः 26 लोग घायल हुए हैं। इनमें से 8 यात्रियों की हालत अत्यंत गंभीर बनी हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल सभी 8 लोगों को भोपाल रेफर कर दिया गया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930